CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK1 User: cci Time: 02-26-2026 22:06 Color:

महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 > फाल्गुन 8, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 49 > मूल्य ₹6.00 > पेज 16 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

इस्राइल में चलेगा UPI, मोदी के दौरे में 16 समझौते

▶ देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

कनाडा का भारत पर बदला रुख, कार्नी का दौरा आज से

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

SAMSUNG

Galaxy S26 Ultra

Galaxy AI

samsung.com

Pre-order now

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 18005267864 for information on e-waste/plastic waste.
Image simulated. Samsung account login may be required for certain AI features. Actual UX/UI may differ. Samsung promotes responsible use of Artificial Intelligence (AI) features.

Chell-30375/26

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 02-26-2026 23:22 Color:

फटाफट खबरें

संपत्ति कर को लेकर अस्पताल कक्ष सील

■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली अभियान तेज कर दिया है। कल्याण मुरबाड रोड स्थित ए एंड जी अस्पताल के प्रशासनिक कक्ष को नगर निगम की कार्रवाई टीम ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई अस्पताल द्वारा 75 लाख 47 हजार 25 रुपये के संपत्ति कर बकाया का भुगतान न करने के कारण की गई है। यह कार्रवाई वॉर्ड की सहायक आयुक्त सविता हिले ने की है।

भाईंदर में दामाद ने किया ससुर पर हमला

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: भाईंदर पश्चिम में एक दामाद ने अपने ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी सूरज विजयकुमार यादव (34) ने ससुर पर चाकू से हमला किया। ससुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 24 फरवरी की रात गणेशदेवल नगर क्षेत्र में हुई। बताया जा रहा है कि आरोपी की पत्नी ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा किया था, इससे वह नाराज था।

गर्भपात के आरोप में युवक गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: एमबीवीवी पुलिस के अंतर्गत नया नगर पुलिस ने एक महिला का कथित रूप से जबरन गर्भपात कराने के मामले में पुलिस ने 38 वर्षीय नीलेश पुरोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता और आरोपी परिचित थे।

एग-डोनेशन रैकेट पर राज्य महिला आयोग का कड़ा रूख

FDA को दिए कलीनिकों की जांच करने के आदेश

■ NBT न्यूज, बदलापुर

बदलापुर (पूर्व) के एग-डोनेशन रैकेट मामले में महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग ने चिंता जताई है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने गुरुवार को पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक प्रशासन और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर बदलापुर (पूर्व) में उजागर कथित अवैध रूप से महिलाओं के अंडाणु (ह्यूमन एग) की कथित बिक्री से जुड़े रैकेट पर गहरी चिंता जताई।

चाकणकर ने कहा है कि यह मामला शुरुआती आकलन से कहीं अधिक गंभीर है। उन्होंने दाता महिलाओं के स्वास्थ्य पर संभावित दुष्प्रभावों की आशंका व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अब तक गिरफ्तार पांच आरोपियों, जिनमें चार महिलाएं शामिल हैं, में से किसी के पास मान्य मेडिकल या पैरामेडिकल योग्यता नहीं पाई गई है। इसके बावजूद हार्मोनल इंजेक्शन दिए जाने और एनेस्थीसिया के तहत प्रक्रियाएं किए जाने के आरोप बेहद चिंताजनक हैं। यह महिलाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ है।

महिला आयोग के अध्यक्ष ने इस संबंध में एफडीए को बदलापुर में संचालित सभी मोनोफर्टी केंद्रों सहित अन्य संबंधित क्लिनिकों की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा है कि निरीक्षण अभियान गुरुवार से शुरू हो और प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर इसे अन्य क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा।

गुरुवार को बदलापुर में आयोजित बैठक में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर और अन्य।

ऐसे हुआ मामले का खुलासा

इस प्रकरण का खुलासा तब हुआ था, जब एक महिला ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर दान प्रक्रिया के बदले भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की। इससे पहले पुलिस ने सुलक्षणा गाडेकर, अश्विनी चाबुकस्वार और मंजुषा वानखेडे को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उनके ठिकानों से 8 लाख रुपये से अधिक मूल्य के ओव्यूलेशन-स्टिमुलेटिंग इंजेक्शन जब्त किए गए। आरोपियों को अंबरनाथ कोर्ट में पेश किया गया। ठाणे पुलिस ने कहा कि जांच कई टीमों द्वारा जारी है।

'अधिकतर पीड़ित महिलाएं बहुत गरीब'

पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि कम से कम 40 महिलाएं दाता के रूप में सामने आई हैं। जांच में संकेत मिले हैं कि इनमें से कई महिलाओं ने कथित रूप से एक से अधिक बार एग दान किए हैं। अधिकतर महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से हैं, जिनमें बेरोजगारी या पारिवारिक संकट जैसी परिस्थितियां शामिल हैं। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया कि नियमों को दरकिनार करने के लिए कुछ मामलों में फर्जी पहचान दस्तावेज और आधार विवरणों में हेरफेर किया गया।

बैठक में सामने आए प्रारंभिक इनपुट के अनुसार एक IVF सेंटर का नाम जांच के दायरे में है। बताया जा रहा है कि इस केंद्र को केवल नासिक में संचालन की अनुमति थी, जबकि ठाणे में बिना अधिकृत लाइसेंस के गतिविधियों के आरोप लगे हैं। वहीं, चाकणकर ने पूरे नेटवर्क की पहचान कर कथित मास्टरमाइंड तक पहुंचने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। राज्य महिला आयोग की दखल से मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

शहापुर में शिकारियों का आतंक, तेंदुए को मारकर काटे पंजे

वाशाला वन विभाग के सुसरवाडी क्षेत्र में हुई घटना

■ NBT न्यूज, भिवंडी

शहापुर तालुका के वाशाला वन परिक्षेत्र में 'छलिया शिकारी' के नाम से पहचाने जाने वाले एक तेंदुए को अज्ञात व्यक्तियों ने क्रूरता से मार डाला और उसके पैरों के पंजे शरीर से अलग कर अपने साथ ले गए। यह घटना मंगलवार को सुसरवाडी गांव की सीमा में हुई। इससे वन्यजीवों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

वाशाला वन विभाग के सुसरवाडी क्षेत्र में तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। सूचना मिलते ही वन अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां तेंदुआ मृत पड़ा मिला और उसके पैरों के पंजे कटे हुए पाए गए। शिकारियों ने तेंदुए को बेरहमी से मारकर अमानवीयता का परिचय दिया है। कहा जाता है कि तेंदुए के पंजों और नाखूनों के बालों को लेकर कुछ अंधविश्वास प्रचलित है, जिसके कारण तेंदुओं का शिकार किया जाता है। तेंदुआ को कैसे मारा गया, इसपर सवाल उठ रहे हैं।

तेंदुए को मारकर नाले में फेंक दिया था

इस मामले की गहन जांच कर संबंधित तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। तेंदुए की मौत किस कारण हुई, इसका खुलासा अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। यह जानकारी पशु चिकित्सा अधिकारियों ने दी है। इस संबंध में वन विभाग से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुए को किसी अन्य स्थान पर मारकर नाले में फेंका गया था।

मनपा दवाखाना में कैंसर की जांच

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा के मंडई में बी.जी.पी. दवाखाना में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के माध्यम से नियमित रूप से गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) और स्तन कैंसर के जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे बी.जी.पी. दवाखाने में नियमित रूप से गर्भाशय ग्रीवा और स्तन कैंसर की जांच नियमित रूप से की जाएगी। चिकित्सा विभाग के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप गायकवाड ने जानकारी दी।

जन समस्याओं पर मनपा आयुक्त से मिले उप महापौर

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर

शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर उप महापौर ध्रुवकिशोर पाटिल ने मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विभिन्न जन समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए एक औपचारिक ज्ञापन भी सौंपा गया और शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

बैठक में शहर के दीर्घकालीन आधारभूत विकास के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के विकल्पों पर विचार रखा गया। उपमहापौर पाटिल ने कहा कि बढ़ती आबादी और विस्तारित शहरी सीमाओं को देखते हुए बड़े पैमाने पर निवेश आवश्यक है, ताकि सड़क, जलनिकासी, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी मूलभूत सेवाओं को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अलावा रेलवे से जुड़े कार्यों के कारण संभावित जलनिकासी बाधा का मुद्दा भी उठाया गया।

मानसून से पूर्व तकनीकी जांच कर प्राकृतिक जल प्रवाह सुनिश्चित करने की मांग की गई, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। भाईंदर (पश्चिम) स्टेशन परिसर में अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात समस्या पर भी चर्चा हुई। वाहनों के लिए पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन को प्राथमिकता की आवश्यकता बताई गई।

रमज़ान के दौरान जन-सुविधाओं को लेकर भिवंडी के महापौर ने की पहल

जलापूर्ति और सफाई विभाग के कार्यों की समीक्षा

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा के नवनिर्वाचित महापौर नारायण चौधरी एवं उपमहापौर तारिक मोमिन ने अभी तक आधिकारिक रूप से कार्यभार नहीं संभाला है। इसके बावजूद महापौर एवं उप महापौर दोनों जनप्रतिनिधि ऐक्शन में आ गए हैं। महापौर नारायण चौधरी ने जहां मुस्लिम समुदाय के पवित्र रमजान महीने की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए शहर की नागरिक सुविधाओं की समीक्षा के लिए पहल की है।

महापौर नारायण चौधरी ने मनपा मुख्यालय में आयुक्त अनमोल सागर सहित प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक कर नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में उपमहापौर तारिक मोमिन, प्रमुख नगरसेवक, जलापूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर, सार्वजनिक सफाई विभाग के फैजल तातली सहित कई लोग उपस्थित थे। स्थानीय नागरिकों की शिकायत थी कि कई क्षेत्रों में अनियमित और कम दबाव में जलापूर्ति हो रही है। वहीं रमजान महीने में विभिन्न इलाकों में साफ-सफाई की कमीकी शिकायतें नगरसेवकों ने महापौर के सामने रखी।

चौधरी ने जलापूर्ति व सार्वजनिक सफाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में सुधार करने तथा नागरिकों से किसी भी प्रकार की शिकायत न आए, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ई-चालान का विरोध, 5 मार्च से ट्रांसपोर्टर्स का बंद

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई में राज्यभर की ट्रांसपोर्ट यूनियन के सदस्यों ने गुरुवार को वाशी स्थित माथाडी भवन में एक बैठक की। इस दौरान ई-चालान के माध्यम से की जा रही कार्रवाई के विरोध में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई और अवैध ई-चालान पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

> वाशी में हुई बैठक, ट्रांसपोर्टर यूनियन के सदस्यों ने ई-चालान पर जताई चिंता

बैठक में बताया गया कि राज्यभर में ई-चालान के माध्यम से की जा रही दंडात्मक कार्रवाई के कारण ट्रांसपोर्टरों को आर्थिक और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट संगठनों का आरोप है कि चालान प्रक्रिया में कई त्रुटियां हैं और जुर्माने की राशि ज्यादा वसूली जा रही है। साथ ही बार-बार जांच और कागजी प्रक्रियाओं के कारण माल परिवहन प्रभावित हो रहा है, जिससे उद्योग और व्यापार की आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

ट्रांसपोर्ट असोसिएशन अध्यक्ष की चेतावनी

ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के अध्यक्ष प्रसन्ना पटवर्धन ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि सरकार ने इस कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाने और समस्याओं के समाधान के लिए ठोस निर्णय नहीं लिया, तो 5 मार्च से राज्यभर में माल परिवहन सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। बस मालिक संगठन के अध्यक्ष हर्ष कोटक ने भी इस निर्णय का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि करीब आठ महीने पहले जब हमने आंदोलन किया था, तो सरकार ने समिति का गठन किया था, लेकिन अब तक उस समिति ने हमारे साथ कोई मीटिंग नहीं की है।

महासभा बुलाएं, नहीं तो विरोध प्रदर्शन : उद्धव सेना

■ NBT न्यूज, कल्याण: उद्धव सेना गट के नेता उमेश बोरगांवकर ने मनपा आयुक्त को चेतावनी दी है कि कल्याण डोंबिवली नगर निगम की महासभा जल्द बुलाएं, अन्यथा हम विरोध प्रदर्शन करेंगे। नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को हुए थे। इसके बाद 16 जनवरी को परिणाम घोषित किए गए। परिणाम घोषित होने के बाद 3 फरवरी को महापौर और उप महापौर पदों के लिए चुनाव हुए। सदस्य बोर्ड का गठन हो चुका है। इसके बावजूद नगर निगम की आम बैठक नहीं हो रही है। अन्य नगर निगमों की आम बैठकें हो चुकी हैं। लेकिन क्या कल्याण डोम्बिवली नगर निगम को आम बैठक से कोई समस्या है? यह सवाल उद्धव सेना के गटेते बोरगांवकर ने उठाया है। कोंकण संभागीय आयुक्त के पास 122 पार्षदों ने अपनी सदस्यता पंजीकृत कराई है। भाजपा, शिंदे सेना, उद्धव सेना, एमएनएस, कांग्रेस, एनसीपी और शरद पवार ने अपने-अपने समूह बनाए हैं। ये समूह पंजीकृत भी हैं। हालांकि, उद्धव सेना के तीन सदस्य, मधुर म्हात्रे, स्वप्नाली केने और राहुल कोट, किसी भी समूह से जुड़े नहीं हैं। उन्होंने उद्धव सेना का समर्थन नहीं किया है। समूह नेता बोरगांवकर ने भी सवाल उठाया है कि आम सभा क्यों नहीं हो रही है। दो दिन पहले भाजपा पार्षद दीपेश म्हात्रे ने भी सवाल उठाया था कि आम सभा क्यों नहीं हो रही है? अब उद्धव सेना भी आम सभा की मांग को लेकर आक्रामक हो गई है। वहीं, नगर निगम सचिव किशोर शेलके ने कहा कि महापौर और उप महापौर के चुनाव के लिए आम सभा हो चुकी है।

बाइक सवार को डंपर ने रौंदा, युवक की हुई मौत

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी शहर के अंजूरफाटा स्थित जैन मंदिर के सामने गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खारबाव निवासी भार्गव पाटील (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने सड़क पार कर रही एक महिला और उसके बच्चे को बचाने की कोशिश की थी, इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटनास्थल पर लंबे समय से सड़क किनारे अतिक्रमण होने के कारण रास्ता संकरा हो गया है। भारी वाहनों की आवाजाही और कम जगह के चलते आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि युवक ने अंतिम क्षण तक एक महिला और उसके बच्चे को बचाने का प्रयास किया लेकिन खुद को नहीं बचा सका। नारपोली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम उपजिला अस्पताल भेज दिया है। इसके बाद डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

अवैध होर्डिंग लगाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : आयुक्त

अभियान के तहत 42 अवैध पोस्टर और 138 अवैध बैनर हटाए गए

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा अधिकारियों की ओर से उनके क्षेत्रों में अवैध पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 42 अवैध पोस्टर और 138 अवैध बैनर हटाए गए हैं। एक मामले में अपराध दर्ज किया गया है। मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने मनपा क्षेत्र में अवैध पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स और होर्डिंग लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

मनपा क्षेत्र में सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, फ्लाईओवरों, चौराहों, सरकारी एवं महानगरपालिका संपत्तियों तथा निजी संपत्तियों पर मालिक की अनुमति के बिना बड़े पैमाने पर अवैध पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स और होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। यह एक गंभीर विषय सामने आया है। यह कृत्य कानूनन दंडनीय और अवैध है। इस प्रकार की गतिविधियों से शहर की सुंदरता विकृत हो रही है तथा सार्वजनिक व्यवस्था, यातायात सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने मनपा के पांचों प्रभाग समितियों के सभी सहायक आयुक्त एवं पदनिर्देशित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

'हर सप्ताह चलेगा अभियान': मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने शहर के नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस प्रकार से विशेष जांच अभियान अब प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से चलाया जाएगा। इसके साथ ही अवैध फलक एवं बैनरों पर अंकित नाम, संस्था, राजनीतिक दल, आयोजक, मुद्रक (प्रिंटर) एवं प्रायोजक की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण अधिनियम, 1995 के अंतर्गत सीधे अपराध दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा हटाए गए सामग्री का पंचनामा कर उसका संपूर्ण खर्च संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था से वसूल करने के स्पष्ट निर्देश भी मनपा आयुक्त द्वारा सभी प्रभाग अधिकारियों को दिया गया है।

मनोरोग अस्पताल में पेड़ों की कटाई का मामला गरमाया, शरद गुट ने कहा-कोर्ट की अवमानना

प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात कर उठाया मुद्दा

■ NBT न्यूज, ठाणे

ठाणे के मनोरोग अस्पताल परिसर के वृक्षों की कटाई का मामला एक बार फिर गरमा गया है। करीब ढाई महीने से अधिक का समय बीतने के बावजूद मनपा प्रशासन ने अवैध वृक्ष कटाई को लेकर अभी तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया है। इसको लेकर NCP (SP) शरद गुट ने नाराजगी जताई है। NCP शरद गुट के अध्यक्ष मनोज प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डिप्टी कमिश्नर मधुकर बोडके से मुलाकात की। शरद गुट ने मामला दर्ज करने को मुंबई हाई कोर्ट की अवमानना बताया है। शरद गुट ने शीघ्र मामला दर्ज नहीं करने पर मनपा के खिलाफ कोर्ट की अवमानना (कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट) याचिका दायर करने की चेतावनी दी। वहीं, डिप्टी कमिश्नर बोडके ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही एक जॉइंट इंस्पेक्शन आयोजित करेंगे और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करेंगे।

ठाणे स्थित मनोरोग अस्पताल की पुरानी इमारत को जमींदोज कर उसकी जगह अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ ऐंड न्यूरो साइंस की तर्ज पर बड़ा अस्पताल बनाया जाना है। परिसर में विभिन्न प्रजाति के कुल 1614 वृक्ष हैं। इनमें से 742 निर्माण कार्य में आड़े आ रहे हैं। दिसंबर 2025 की शुरुआत में स्टेट पीडब्ल्यूडी ने पत्र देकर ठाणे मनपा के वृक्ष प्राधिकरण से वृक्षों को काटने की अनुमति मांगी थी। 303 को पूरी तरह काटा जाना और 421 को दूसरी जगह पुनर्रोपित किया जाएगा।

क्या था आरोप?

वृक्षों की कटाई को लेकर राज्य के पूर्व मंत्री एनसीपी शरद गुट विधायक जितेंद्र आव्हाड ने जोरदार विरोध किया था। आव्हाड ने चेतावनी दी है कि यदि इसे शीघ्र रोका नहीं गया, तो ठाणे में चिपको आंदोलन किया जाएगा। एनसीपी शरद गुट ने लोगों की आपत्ति और सुझाव के पूर्व बिना अनुमति कई वृक्षों को काटे जाने का आरोप लगाया था। शहर अध्यक्ष मनोज प्रधान ने इस मामले में स्टेट पीडब्ल्यूडी और मनपा के वृक्ष प्राधिकरण विभाग की अनदेखी का आरोप लगाते हुए दिसंबर 2025 में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी।

1614 पेड़ हैं परिसर में
742 पेड़ निर्माण कार्य में आड़े आ रहे

सौंपा ज्ञापन

पर्यावरणविद डॉक्टर प्रशांत सिनकर ने भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र देकर ठाणे के लोगों की नाराजगी को देखते हुए मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी। कहा गया था कि पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है और अभी तक मनपा ने किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया है। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को डिप्टी कमिश्नर बोडके से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। मनोज ने बताया कि अस्पताल क्षेत्र में वृक्ष कटाई महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण और संरक्षण अधिनियम 1975, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 और भारतीय वन अधिनियम, 1927 का उल्लंघन है।

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबंधक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। क्र.सं. 1. ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.: '51-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2026-26' "सप्लाई एण्ड एप्लिकेशन ऑफ विनाइल ग्राफिक्स फिल्म ऑन द साइड पैनल एण्ड पेंटिंग ऑफ रूफ एण्ड इण्ड पैनल विद डीकेलिंग अलांग विद स्क्रैपिंग, कार्टिंग एण्ड पेंटिंग ऑफ अण्डरफ्रेम ऑफ रैक 09 एण्ड 24 ऑफ वंदे भारत कोचेस इन मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर"। अनुमानित लागत (₹ में): ₹48,80,486.40; धरोहर राशि (₹ में): ₹97,600/-; निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे, 18.03.2026 निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य। संविदा की अवधि: 12 माह। उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी०/कार्य
गुजापि/यांत्रिक-144 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पश्चिम रेलवे
विद्युत कार्य
[illegible] ई-निविदा सूचना संख्या: WR-MMCTOR[illegible]/2026, दिनांक 24.02.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: [illegible] कार्य की अनुमानित लागत: ₹[illegible] बोली सुरक्षा: ₹[illegible] जमा करने की तिथि और समय: 24.03.2026 को 15:00 बजे तक; खोलने की तिथि और समय: 24.03.2026 को 15:30 बजे। [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]
1174
facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
ऑर्गेनिक ब्रेक पैड्स
[illegible] ई-निविदा संख्या: 52268224 तिथि: 24.02.2026 [illegible] www.ireps.gov.in पर जाएं।
1175
facebook.com/WesternRly

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। क्रम सं., निविदा सं., कार्यों का विवरण, निविदा मूल्य एवं बयाना राशि निम्नानुसार है: (1), टी-पीएसी-जीआरसी-2026-423, दिनांक 25.02.2026, एडीईएन/मेटलर्जिक/जीआरसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के तहत बिल्डिंग नंबर 19 और 20 का सुदृढ़ीकरण एवं सुधार तथा अन्य विविध कार्य, ₹. 4,90,56,973.96, ₹.3,95,300/- (2), टी-पीएसी-जीआरसी-2026-424, दिनांक 25.02.2026, एडीईएन/मेटलर्जिक/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के तहत नॉर्थ कॉलोनी, गार्डन रीच कॉम्प्लेक्स में नए ऑडिटोरियम (G+1) का निर्माण, ₹. 9,23,14,004.09, ₹.6,11,600/-, निविदा कागजात का मूल्य: ₹.0.00 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु), खुलने की तिथि: 24.03.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 18.03.2026 (क्रम सं. 2 हेतु), कार्य की समापन अवधि: 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 18 (अठारह) माह (क्रम सं. 2 हेतु)। निविदा अनुसूची में कोई परिवर्तन, संशोधन, बदलाव, यदि कोई है, केवल ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगा एवं समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/फॉर्म/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नं. 033-2450-3783 (PR-1239)

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Ltd.
विज्ञापन सूचना
सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) का डिजिटलीकरण

ओएनजीसी अपनी मौजूदा तटवर्ती और अपतटीय सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) का डिजिटलीकरण कर रहा है।
सभी वर्तमान सूचीबद्ध एसवीएल विक्रेताओं को अपने-अपने सम्बंधित विभाग/मद/श्रेणी के अधीन ओएनजीसी वेंडर रजिस्ट्रेशन पोर्टल (https://vendor.ongc.co.in) पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है।
- पहले से सूचीबद्ध मदों के लिए किसी भी अतिरिक्त पीक्यूसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है।
- विक्रेताओं को संपर्क विवरण अवश्य अपडेट करना होगा और निर्धारित वचन (हर मद के लिए अलग वचन), जिस पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर हों, जमा करना होगा।
- नए मद की सूचीबद्धता के लिए, नियमित पीक्यूसी प्रक्रिया लागू होगी।

इस अधिसूचना की तारीख से तीन (03) महीनों के अंदर पंजीकरण अवश्य पूरा हो जाना चाहिए।
निर्धारित अवधि के अंदर पंजीकरण ना होने पर सुझाई गई विक्रेता सूची (एसवीएल) से हटा दिया जाएगा।

मुंबई गृहनिर्माण व क्षेत्रविकास मंडळ
कार्यकारी अभियंता/विद्युत विभाग / मुंबई मंडळ यांचे कार्यालय
रुम नं. ३६७, ३६८, दुसरा माळा, गृहनिर्माण भवन, कलानगर, वांद्रे (पूर्व), मुंबई - ५१.
No. EE/Elect/MB/20/2026 Dated 25/02/2026
TENDER NOTICE
Tenders are invited for supply of following as per tender specification:-

e-tender no.	Name of Work	Estimated cost Without GST	Online tender Start date
1	Providing outsourced drivers for various higher officers in Maharashtra Housing And Area Development Authority at Mumbai (for 2 Years)	3,43,16,856.00	27/02/2026

The complete bidding process will be online (e-tendering) in two bid system. All further notifications / information and detailed terms and conditions regarding this tender notice hereafter will be published online on website https://mahatenders.gov.in. Corrigendum / Addition if any will be published on the website only.

MHADA-Leading Housing Authority in the Nation
follow us @mhadaofficial
CPRO/A/146

Sd/-
Executive Engineer
Electrical Division/Mumbai Board
MHADA

VPN की आड़ में जूलर्स को देते थे धमकी, 9 गिरफ्तार

लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उगाही करने वाले गिरोह से बड़ा खुलासा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

मुंबई के पश्चिमी उपनगर में रहने वाले कई जूलर्स को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देने वाले गिरोह के सदस्यों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी भाड़े के मकानों में रहकर वीपीएन नेटवर्क और मैसेजिंग ऐप के ऑडियो कॉलिंग फीचर का इस्तेमाल करते थे, ताकि उनकी लोकेशन ट्रेस न की जा सके। सोशल मीडिया पर जूलर्स के विज्ञापन देखकर उनका बैकग्राउंड खंगाला जाता था और फिर उन्हें धमकी भरे कॉल और मैसेज भेजे जाते थे। बोरीवली पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पहले जामताड़ा में साइबर फ्रॉड किया करते थे, लेकिन साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ने के बाद उनका पुराना तरीका असरदार नहीं रहा। इसके बाद उन्होंने गैंगस्टरों के नाम पर डर पैदा कर वसूली का नया तरीका अपनाया।



दोबारा डिमांड आने पर जूलर ने की पुलिस में शिकायत

अब तक की जांच में सामने आया है कि गिरोह का आका झारखंड के धनबाद जिले के जामताड़ा इलाके में रहता है। वह मुंबई में सक्रिय सदस्यों को निर्देश देता था। उसकी तलाश में मुंबई पुलिस की एक टीम झारखंड में डेरा डाले हुए है। आरोपियों ने हाल ही में रोहित शेट्टी फायरिंग केस और सलमान खान से जुड़े मामलों की चर्चाओं का फायदा उठाकर जूलर्स के बीच दहशत का माहौल बनाया और वसूली शुरू कर दी।

AI Image

कुछ और गिरफ्तारियों की संभावना

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरोह के कई सदस्य लखपति हैं और धनबाद में उनके पास लग्जरी घर और गाड़ियां हैं। बदमाशों की संख्या करीब दो दर्जन बताई जा रही है, जो मुंबई और आसपास के जिलों में छिपकर रह रहे हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही कुछ और गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

दोबारा डिमांड आने पर पुलिस का रुख

बोरीवली के एक स्थानीय जूलर राजेश पटेल ने बताया कि करीब डेढ़ महीने से अजनबियों के कॉल और धमकी भरे संदेश मिल रहे थे। तुरंत पैसे नहीं देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी जाती थी। पटेल ने बताया कि शुरुआत में डर के कारण उन्होंने एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए थे, लेकिन जब दोबारा पैसों की मांग शुरू हुई तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। अब तक मुंबई पुलिस इस मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।



फर्जी CBI बन बुजुर्ग को ठगा

डराकर 1 करोड़ 16 लाख रुपये हड़प लिए

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई के मुलुंड इलाके में रहने वाले 78 वर्षीय बुजुर्ग व्यापारी को खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले जालसाजों ने डरा-धमकाकर 1 करोड़ 16 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में पीड़ित ने मुंबई पुलिस की ईस्टर्न साइबर सेल में पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित तीन वर्ष पहले एक फैब्रिकेशन कंपनी में डायरेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। 26 दिसंबर को उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने अपना नाम विजय खन्ना बताते हुए खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। आरोपी ने कहा कि वह जेट एयरवेज से जुड़े एक मामले की जांच कर रहा है, जो उद्योगपति नरेश गोयल से संबंधित है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस का डर दिखाया: जालसाज ने बुजुर्ग व्यापारी को बताया कि कथित दो करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनका नाम सामने आया है। इसके बाद आरोपी ने खुद को पुलिस अधिकारी बताने वाले प्रदीप सावंत, गणेश और रवि कुमार नामक अन्य व्यक्तियों का जिक्र किया, जो आगे की जांच करेंगे। फर्जी अधिकारियों ने व्यापारी को धमकाते हुए कहा कि दो करोड़ रुपये में से 80 प्रतिशत रकम जांच के लिए उनके बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर करनी होगी। जांच पूरी होने के बाद पूरी राशि उनके खाते में वापस भेज दी जाएगी।

AI Image

कानूनी कार्रवाई के भय और दबाव में आकर व्यापारी और उनकी पत्नी ने जालसाजों द्वारा दिए गए बैंक खाते में कुल 1 करोड़ 16 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम जुटाने के लिए पीड़ित को अपना एक फ्लैट तक बेचना पड़ा। बाद में जब आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनके मोबाइल नंबर बंद मिले। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। फिलहाल ईस्टर्न साइबर सेल ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदन में फेरीवालों पर सियासी संग्राम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** गुरुवार को BMC के सदन में अवैध फेरीवालों का मुद्दा उठा। उद्धव गुट के नगरसेवक यशोधर फणसे ने आरोप लगाया कि फुटपाथों पर फेरीवालों को बसाने के पीछे माफिया गिरोह सक्रिय है, जो हफ्ता वसूली करते हैं। उन्होंने दावा किया कि हरे, नीले और पीले पट्टों से ठेलों की पहचान तय की जाती है तथा एक माफिया के पास 300 से 400 तक ठेले हैं।

कांग्रेस के गुट नेता अशरफ आजमी ने इस आरोप का विरोध करते हुए कहा कि फेरीवालों के लिए राज्य सरकार को समर्पित वेंडिंग जोन बनाने चाहिए, क्योंकि रोजी-रोटी कमाना अपराध नहीं है। इस मुद्दे पर BJP नगरसेवक उद्धव गुट के साथ नजर आए, जिससे सदन में तीखी बहस छिड़ गई। स्टैंडिंग कमिटी अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे ने कहा कि फेरीवाला माफिया की वित्तीय व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी दौरान वायु प्रदूषण का मुद्दा भी उठा। BJP की शीतल गंभीर ने निर्माण कार्यों और वाहनों के धुएं को जिम्मेदार ठहराया। महापौर रितु तावड़े ने सभी सदस्यों को इस विषय पर चर्चा का आश्वासन दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-26-2026 22:23 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार
नवभारत टाइम्स | मुंबई | शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

राष्ट्रों के न तो स्थायी मित्र होते हैं, न स्थायी शत्रु, केवल स्थायी हित होते हैं।
- हेनरी किसिंजर, अमेरिकी कूटनीतिज्ञ

नई शुरुआत

भारत और कनाडा के रिश्तों पर हालिया बरसों में जमी बर्फ अब पिघल रही है। पीएम मार्क कार्नी की यात्रा को इस नजरिये से देखा जाना चाहिए कि बदले वैश्विक हालात में कनाडा को भारत की अहमियत समझ आने लगी है। आज से शुरू हो रहा यह दौरा द्विपक्षीय रिश्ते में भी नई शुरुआत हो सकता है।

ट्रूडो से अलग | पिछले साल मार्च में पद संभालने के बाद से कार्नी ने नई दिल्ली के साथ संबंधों को लेकर संतुलित रुख दिखाया है। उनका रवैया पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो से बिल्कुल अलग रहा, जिन्होंने अलगाववादी खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारतीय एजेंसियों पर लगाया था और जिसकी वजह से द्विपक्षीय रिश्ते बिल्कुल ही निचले स्तर पर पहुंच गए थे।



कार्नी का दौरा

CEPA पर बात | पिछले साल जून और फिर नवंबर में पीएम नरेंद्र मोदी और कार्नी की मुलाकातों से नुकसान की भरपाई शुरू हुई थी। दोनों देशों ने लंबे समय से लंबित व्यापार और निवेश समझौते CEPA पर बातचीत शुरू करने पर तब सहमति जताई थी। इस मुलाकात में इस मुद्दे पर बात आगे बढ़ेगी। CEPA पर वार्ता डेढ़ दशक से अटकी हुई थी। दोनों देशों ने 2030 तक 70 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार का लक्ष्य रखा है और समझौते से इसमें मदद मिलेगी।

नए मौके | दोनों देश पिछली मुलाकातों और बैठकों के बाद हुई प्रगति का जब जायजा लेंगे, तो उनके पास नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी मौका होगा। व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और शिक्षा पर फिर से बातचीत शुरू हो रही है। कनाडा से भारत को यूरेनियम आपूर्ति बढ़ाने की भी बात हो रही है। भारत विकल्प देख रहा है कि किस तरह से कनाडा से कच्चे तेल और अन्य ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाई जा सकती है। साथ ही, पाइपलाइन और टर्मिनल जैसे ढांचे में निवेश पर विचार है।

मजबूत आधार | भारत और कनाडा के बीच 2024 में वस्तु व्यापार 13.3 अरब डॉलर था। इसमें से कनाडा ने 5.3 अरब डॉलर का निर्यात किया था। सर्विस ट्रेड भी तेजी से बढ़ा है। यह बताता है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग की मजबूत जमीन मौजूद है और उसका फायदा उठाने का समय आ गया है।

सहयोग की जरूरत | दोनों देशों को अमेरिका की टैरिफ नीतियों के नुकसान उठाने पड़े हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद टैरिफ भले कम हुआ हो, पर अनिश्चितता बढ़ गई है। कार्नी उन चंद नेताओं में हैं, जिन्होंने ट्रंप की नीतियों के खिलाफ दावोस जैसे मंच पर बोलने की हिम्मत की। वहीं, भारत ने भी विदेश नीति में किसी तरह के दबाव को मानने से इनकार किया। दोनों का आपसी सहयोग उन्हें और मजबूत देगा।

तिराहा

ऑर्डर-ऑर्डर

सुधर्मा नया कहानी संग्रह लाई हैं। उस पर चर्चा के लिए सुखनंदन के पास पहुंची तो वह न्याय संहिता की मीमांसा में व्यस्त थे। आहट सुन मुड़े तो प्रश्नवाचक दृष्टि मिली। 'बताया तो था कि नई न्याय संहिता आई है, गुलामी का अवशेष मिटा आजादी की ताजगी वाली। जो पहले 420 थे अब 318 हो गए हैं। इसलिए, पुराने को नए सिरे से समझना पड़ रहा है', सुखनंदन ने कहा।

प्रेम शंकर मिश्र

'अरे वाह! तब तो न्याय की गति तेज होगी?' सुधर्मा के चेहरे पर उम्मीद चमकी। सुखनंदन मुस्कुराए, किताबें किनारे कर बोले, 'प्रिये! न्याय वह खगोलीय पिंड है जो शक्ति के सूर्य की परिक्रमा करता है। वह दशकों, शताब्दियों में कुछ क्षण के लिए दिखता है, फिर लुप्त हो जाता है। इसलिए, चमत्कार को केवल नमस्कार करो, उस पर प्रश्न मत करो।'

'लेकिन, घर में नोट मिलेंगे तो प्रश्न तो उठेंगे, भ्रष्टाचार पर चर्चा भी होगी, पढ़ा-लिखा भी जाएगा?' सुधर्मा के स्वर में गुस्सा था। 'पढ़े-लिखे लोगों के घर में नोट तो मिलेंगे ही, वह तो उनके अर्जित ज्ञान का मोल है। दूसरा, भ्रष्टाचार और भेंट में अंतर होता है। भ्रष्टाचार वह है जिसमें किसी का गला दबाया जाए, भेंट वह है जो गला दबाने वाला स्वेच्छा से दे जाए। भेंट की परंपरा तो पट्टी बंधे रहने से लेकर पट्टी खुले रहने तक निरंतर चली आ रही है और हमारे यहां परंपरा पर प्रश्न करने की परंपरा नहीं है', सुखनंदन ने समझाया। 'तो यह भ्रष्ट आचरण नहीं है?' सवाल जारी थे। 'भ्रष्ट वह है जो यह सिद्ध हो जाए कि वह भ्रष्ट है और सिद्ध होना परम अवस्था है। लाखों में किसी एक को यह सिद्धि प्राप्त होती है। इसलिए, सर्वसम्मति से भ्रष्टाचार को मिटा दिया गया है', जवाब मिला।

'भ्रष्टाचार मिटा दिया गया है? कहां से, संस्था से?' सुधर्मा चौंकी। सुखनंदन ने हंसते हुए जवाब दिया, 'नहीं, किताब से।' फिर पूछा, 'कैसे कहानी कौन-सी पढ़ी?' 'यशपाल की परदा!' जवाब आया ही था कि घड़ी का अलार्म 'ऑर्डर-ऑर्डर' चिल्लाने लगा।

एकदा

संकलन : सुभाष चंद्र शर्मा

बर्लिन में विरोध

बात उन दिनों की है, जब जर्मनी में पढ़ाई कर रहा एक युवा भारत की दासता से दुखी था। वह बर्लिन के हम्बोल्ट विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहा था, लेकिन उसका मन हमेशा उद्वेलित रहता। वह छात्र आगे चलकर समाजवादी आंदोलन का प्रखर नेता बना, डॉ. राम मनोहर लोहिया। उनके पिता हीरालाल स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे और पत्रों के माध्यम से अंग्रेजी शासन के दमन और जनता की पीड़ा का वर्णन भेजते रहते। उन पत्रों ने लोहिया के भीतर प्रतिरोध की अग्नि और प्रज्वलित कर दी। इसी बीच जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस का अधिवेशन हुआ, जिसका प्रतिनिधित्व बीकानेर के महाराजा कर रहे थे। लोहिया ने जब मंच से अंग्रेजी शासन की प्रशंसा सुनी, तो वह दुखी हो उठे और विरोध दर्ज कराया। उन्हें तत्काल सभागार से बाहर कर दिया गया। अगले दिन एक समाचारपत्र में उनका पत्र प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी अत्याचारों और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की फांसी का उल्लेख कर विश्व समुदाय के सामने भारत की सच्चाई रखी। यह घटना उनके बौद्धिक साहस और अटूट राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गई।

Subrata Dhar

नीतियों के कारण निशाने पर इस्राइली पीएम, संभलकर आगे बढ़े हिंदुस्तान

नेतन्याहू को मज़बूत न बनाए भारत

पीएम नरेंद्र मोदी के इस्राइल दौरे को दोनों देशों के आपसी रिश्ते की ही नजर से देखा जाना चाहिए, लेकिन पश्चिमी एशिया के हालात अभी जैसे हैं, उसमें ग्लोबल मीडिया इसको कुछ अलग ही नजरिये से देख रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह कि अमेरिका किसी भी क्षण ईरान पर हवाई हमलों की झड़ी लगा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में हमले के संकेत दे चुके हैं और ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को तत्काल वहां से निकल जाने की आधिकारिक सलाह भी दी जा चुकी है।

चंद्रभूषण

गाजा संकट | दूसरी बात इस्राइल की आंतरिक स्थिति से जुड़ी है। गाजा पट्टी में पिछले तीन वर्षों में हुई 72 हजार से ज्यादा मौतों में काफी बड़ा हिस्सा आम नागरिकों का, उसमें भी बच्चों का रहा है, जिन्हें हमास के लड़ाकों में तो कतई शामिल नहीं माना जा सकता। इस तबाह इलाके में आज भी लोगों को भोजन, पानी और दवाएं नहीं मिल पा रहीं। गाजा के राजनीतिक भविष्य पर कोई बात नहीं हो रही, उल्टे फलस्तीन के दूसरे बड़े इलाके वेस्ट बैंक के लोग जबरदस्ती वहां जा बसे इस्राइलियों के हमले झेल रहे हैं।

टू स्टेट सॉल्यूशन | भारत सरकार इस्राइल की बसावट के समय से ही फलस्तीनियों के साथ खड़ी है और इस स्थिति में आज भी कोई बदलाव नहीं आया। पश्चिमी एशिया के इस सबसे तीखे टकराव में भारत पहले की ही तरह आज भी 'टू स्टेट सॉल्यूशन' का पक्षधर है। यह दृष्टि लेकर ही भारत संयुक्त राष्ट्र की सीधी पहलकदमी के साथ खड़ा है। ट्रंप की पहल 'बोर्ड ऑफ पीस' में पाकिस्तान की उत्साहपूर्ण भागीदारी है, लेकिन भारत इसमें शामिल नहीं।

हालात अलग | अभी के समय में भारतीय प्रधानमंत्री का इस्राइल दौरा भारत जैसी क्षेत्रीय महाशक्ति की कुछ अंतर्विरोधी छवि प्रस्तुत करता है। सन 2017 में भारतीय प्रधानमंत्री जब इस्राइल गए थे, तब बात अलग थी। वह सन 1992 में इस्राइल के साथ कूटनीतिक संबंधों की बहाली से शुरू हुई प्रक्रिया का हिस्सा था। लेकिन चीजें अभी आगे आ चुकी हैं।

मोदी का इस्राइल दौरा
- अंतर्विरोधी छवि दिखाती है भारतीय पीएम की यात्रा
- फलस्तीनी नागरिकों की दुर्दशा पर भी होनी चाहिए बात
- ईरान से पहले जैसा रिश्ता बनाए रखने में अब मुश्किल

गहराता रिश्ता | इस छोटे-से मुल्क के साथ पिछले पांच वर्षों में भारत ने 20 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार किया है। पूरी दुनिया में इस्राइली हथियारों की बिक्री का 34% हिस्सा अकेले भारत ने खरीदा है। इन व्यापारिक रिश्तों के दायरे अभी खुलने शुरू ही हुए हैं, लेकिन आशंका है कि पीएम मोदी का यह दौरा निवेश, व्यापार या तकनीकी सहयोग से ज्यादा कहीं विवादित नेता बेंजामिन नेतन्याहू के हाथ मजबूत करने की तरह न देखा जाए।

नेतन्याहू से नाराजगी | नरेंद्र मोदी जब इस्राइली संसद नेसेट के एक विशेष सत्र को संबोधित कर रहे थे, तो वहां के विपक्षी सांसदों ने सदन से बाहर रहने का फैसला किया। कारण, उन्होंने इस आयोजन में न्यायपालिका के प्रमुख को आमंत्रित न किया जाना बताया। नेतन्याहू अभी इस्राइल की राष्ट्रीय भावनाओं का किस हद तक प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं, इसका अंदाजा उनकी आमफहम तस्वीरों से नहीं लगाया जा सकता।

खाड़ी में निश्चिंत | हालांकि इस बात को लेकर हम निश्चिंत रह सकते हैं कि मोदी के नेतन्याहू के साथ खड़े होने से खाड़ी क्षेत्र में भारत अलग-थलग नहीं पड़ने जा रहा। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ भारत के रिश्ते अभी इतिहास के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे हैं और ये दोनों देश किसी भी कीमत पर इस्राइल से अपना बिगाड़ नहीं चाहते।

जनभावना से दूरी | खाड़ी क्षेत्र में अपना राजनय सुचारू ढंग से आगे बढ़ाना दुनिया के किसी भी देश के लिए कभी बहुत आसान नहीं रहा। भारत के लिए इसमें उलझनें और भी ज्यादा रही हैं, क्योंकि किसी खेमे का हिस्सा बनकर चलना कभी उसकी नीति नहीं रही। ऐसे में नरेंद्र मोदी की प्रो-एक्टिव कूटनीति से व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में हमें फायदा हुआ है, लेकिन फलस्तीनी नागरिकों की दुर्दशा पर ध्यान न दे पाने से अभी लोकतांत्रिक जनभावनाओं से कुछ दूरी-सी बन गई दिखती है। ईरान से रिश्तों का स्तर पहले जैसा बनाए रखने में भी आगे थोड़ी मुश्किलें आ सकती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

युग कोई कालखंड नहीं, यह तो हमारी चेतना में बसता है

सुरक्षित गोस्वामी

यह प्रश्न बार-बार मन में उठता है कि क्या हम कलियुग में हैं? क्या सतयुग आने वाला है, या वह आ चुका है? सामान्य धारणा यह है कि सतयुग, त्रेता, द्वापर और फिर कलियुग समय से जुड़े हुए हैं। परंतु यदि हम गहराई से देखें, तो पाएंगे कि युग केवल कालखंड नहीं, बल्कि मनुष्य की आंतरिक अवस्था के प्रतीक हैं।

यदि मन में हिंसा, घृणा, द्वेष और प्रतिशोध की भावना जाग उठे, तो वही क्षण हमारे लिए कलियुग है। और यदि भीतर करुणा, दया, प्रेम और परोपकार का दीप जल उठे, तो वही हमारा सतयुग है। युग बाहर घटित होने वाली घटना नहीं, भीतर घटने वाली स्थिति है। यह समय का नहीं, चेतना का प्रश्न है। जब हमारी चेतना ऊपर उठती है- जब हम सत्य, करुणा और आत्मबोध की ओर बढ़ते हैं, तो हम एक उच्च आयाम (higher dimension) में प्रवेश करते हैं। यह ऊर्ध्वगति हमें सतयुग की अनुभूति कराती है। इसके विपरीत, जब हम हिंसा, पाप और अज्ञान की ओर झुकते हैं, तो हमारी चेतना lower dimension में चली जाती है। यही अधोगति है, यही कलियुग का अनुभव है।

AI Image

एक और सत्य यह है कि जब अंधकार अत्यधिक बढ़ जाता है, तब प्रकाश उसके अत्यंत निकट होता है। जब मनुष्य दुख, तनाव और निराशा से भर जाता है और उसे बाहर कोई मार्ग दिखाई नहीं देता, तब वह भीतर की ओर मुड़ता है। यहीं से उसकी आध्यात्मिक यात्रा शुरू होती है। वह अपनी बिखरी हुई ऊर्जा को समेटकर भीतर की ओर यात्रा करता है। इसके विपरीत, जब व्यक्ति सुख-सुविधा और कंफर्ट जोन में रहता है, तब अध्यात्म उसके लिए चुनौती बन जाता है।

इसलिए प्रश्न यह नहीं कि सतयुग आया या नहीं, प्रश्न यह है कि हमारे भीतर कौन-सा युग सक्रिय है। यदि हम अपने मन को शुद्ध, करुणामय और जागरूक बनाते हैं, तो हम सतयुग का अनुभव कर सकते हैं। युग परिवर्तन की प्रतीक्षा मत कीजिए। अपने भीतर परिवर्तन की शुरुआत कीजिए, क्योंकि जब चेतना बदलती है, तभी युग बदलता है।

AI से रोज़गार को लेकर डराने वाली बातें फ़िज़ूल

क्या आने वाले समय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) पेशेवर नौकरियां भी करने लगेगा? अभी यह बात थोड़ी असंभव-सी लगती है, लेकिन अगर ऐसा सच हो जाए तो? हो सकता है कि तब आज के अमीर आज जैसी ही हैसियत वाले न रह पाएं।

ब्लॉग से चेताया | अमेरिका की एक फाइनैंशल रिसर्च कंपनी Citrini ने अपने ब्लॉग में निवेशकों को चेतावनी दी है। The 2028 Global Intelligence Crisis पोस्ट में कहा गया है कि अगर AI एजेंट्स पेशेवर नौकरियां करने लगे, तो बड़ी आर्थिक समस्या खड़ी हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, नौकरियां खत्म होने से लोग लोन नहीं चुका पाएंगे, 2027 के अंत तक मार्केट क्रैश हो सकता है और अमेरिकी बेंचमार्क इंडेक्स S&P की वैल्यू 57% तक गिर सकती है। 2028 तक अमेरिका में बेरोजगारी 4.3% से बढ़कर 10% तक पहुंचने की आशंका जताई गई है। रिसर्च फर्म का कहना है कि यह केवल एक संभावित स्थिति है, लेकिन AI से जुड़ी हाल की खबरों को देखते हुए इसे पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

खतरे की चर्चा | महीने भर पहले खबर आई कि AI अब कानूनी दस्तावेजों की जांच कर सकता है। अब यह पुराने कोबोल सिस्टम अपडेट करने में भी सक्षम है। लेखक, अनुवादक और कलाकार पहले ही चिंतित हैं। डेटा विश्लेषण और बीमारी पहचानने में इसकी ताकत दिख चुकी है, इसलिए पेशेवर नौकरियों पर खतरे की चर्चा तेज हो गई है।

दक्षता पर सवाल | क्या सच में AI पेशेवर नौकरियां पूरी तरह संभाल लेगा? शायद अभी नहीं। AI एजेंट्स क्षमता के मामले में अभी उस स्तर पर नहीं पहुंचे हैं। कंपनियां बड़े दावे करती हैं ताकि

कॉमन रूम

निवेशक पैसे लगाते रहें, लेकिन असली दुनिया कहीं ज्यादा जटिल है। एंथ्रोपिक के कोबोल पर किए गए दावों के बाद IBM ने कहा था कि कोड रीडिंग और प्लेटफॉर्म का आधुनिकीकरण अलग-अलग बातें हैं। AI टूल्स नए प्रतिभाशाली ग्रैजुएट्स जैसे हैं जिनके पास ज्ञान है, पर अनुभव नहीं। एक अध्ययन में भी पाया गया कि अगर निगरानी न हो तो AI एजेंट्स बार-बार गड़बड़ी करते हैं।

बढ़ेगा जोखिम | अमेरिका में सिर्फ 10% लोग सालाना 2.5 लाख डॉलर से ज्यादा कमाते हैं, लेकिन कुल खर्च का आधा हिस्सा वही करते हैं। अगर ये वाइट-कॉलर कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे, तो मांग घटेगी, लोन डिफॉल्ट बढ़ेंगे और वित्तीय सिस्टम डगमगा सकता है। कंपनियों का मुनाफा और बाजार गिरेंगे, अमीरों पर भी असर पड़ेगा। उत्पादन घटेगा तो मजदूर भी प्रभावित होंगे। Citrini के अनुसार, कुछ बड़ी AI फर्म पूरी अर्थव्यवस्था नियंत्रित कर सकती हैं, जो जोखिम भरा है। लेकिन क्या वाकई ऐसा होने वाला है। यह बात सही है कि AI की वजह से कई काम करने के लिए अभी की तुलना में कम लोगों की जरूरत पड़ेगी, लेकिन यह भी सच है कि इंसानों के बगैर काम नहीं चलने वाला।

- NBT

कांटे की बात

धर्मेंद्र प्रधान,
केंद्रीय शिक्षा मंत्री

समाज की शख्सियत

'धमाका' कर समय बताती हैं फ़ौज़िया

राजस्थान के अजमेर की फौजिया खान रमजान के महीने में सेहरी और इफ्तार के वक्त तोप दागती हैं। यह प्रथा 16वीं शताब्दी में मुगल बादशाह अकबर ने शुरू की थी। दावा है कि फौजिया के परिवार के पास पीढ़ियों से यह काम है।

इकलौती महिला तोपची

सातवीं तक पढ़ी फौजिया अपनी मां और भाई-बहनों के साथ रहती हैं। छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। तोप चलाने के लिए दरगाह समिति से हर महीने 1,500 रुपये मिलते हैं। उन्होंने पिता के साथ 8 साल की उम्र में तोप चलाना शुरू किया था। 2008 में पिता का निधन हुआ, तो अकेले यह काम करने लगीं। ईद, बकरीद, जुम्मा पर भी तोप चलाती हैं।

भतीजी को जिम्मेदारी

कुछ साल पहले तोप चलाने के दौरान बारूद फटने से 37 साल की फौजिया के कान के पर्दे पर असर पड़ा और उन्हें सुनने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद भी उनका हौसला नहीं डिगा। उनके लिए तोप चलाना रुचि नहीं, बल्कि कर्तव्य है। अब वह अपनी भतीजी को तोप चलाना सिखा रही हैं।

प्रस्तुति: *अभिषेक मिश्र*

जनता जंक्शन

इरफान

शहरों को ग्रोथ का इंजन बनाने में मददगार होगा UCF

भारत में शहर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में शहरों का योगदान है। शहर अब रोजगार, उद्योग और विकास के मुख्य केंद्र बन चुके हैं और लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। मगर, बुनियादी ढांचे की कमी, जलवायु परिवर्तन का खतरा, पैसों की कमी और प्रशासनिक तालमेल में दिक्कतें जैसी कई समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। चुनौती भारत के शहरीकरण को लेकर नहीं है, बल्कि सही और टिकाऊ ढंग से और सभी को साथ लेकर विकास करने की है।

श्रीनिवास कटिकिथला

नए सिरे से विकास

हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (UCF) से पता चलता है कि भारत अब शहरी विकास को नए सिरे से आगे बढ़ाना चाहता है। इसके लिए वित्त वर्ष 2026 से 2031 तक केंद्र सरकार 1 लाख करोड़ रुपये देगी। इससे 4 लाख करोड़ रुपये का निवेश जुटाने की उम्मीद है। यह कोष महज अनुदान देने के लिए नहीं, बल्कि ठोस और प्रभावी नतीजे के लिए है।

UCF पुराने तरीकों से अलग है। इसमें केंद्र सरकार प्रॉजेक्ट कॉस्ट का 25% ही देगी। शहरों को कम से कम 50% रकम बॉन्ड, लोन या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) के जरिये जुटानी होगी। शेष राशि राज्य, स्थानीय निकाय या अन्य माध्यमों से जुटाई जा सकती है। इससे शहरों को आर्थिक अनुशासन अपनाना होगा। अब सरकारी विकास सिर्फ सरकारी बजट पर निर्भर नहीं होगा।

UCF तीन क्षेत्रों पर आधारित है, जो भारत के बदलते शहरी परिदृश्य को दर्शाते हैं। पहला, शहरों को विकास इंजन के तौर पर देखना। इसके तहत एकीकृत योजना, इकॉनमिक कॉरिडोर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स क्लस्टर को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरा, पुराने शहर क्षेत्रों और कम उपयोग वाली संपत्तियों को सुधारकर नया जीवन देना। इसका उद्देश्य

AI Image

पुराने शहर केंद्रों और व्यावसायिक क्षेत्रों की भीड़भाड़ कम करना है। तीसरा, क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है। इसमें जल सेवाओं का विस्तार, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, बाढ़ नियंत्रण और पुराने कचरा स्थलों के उपचार पर जोर है, ताकि जलवायु परिवर्तन से बढ़ती शहरी चुनौतियों का सामना किया जा सके।



UCF में सबसे बड़ी बात 5,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी है। इसके जरिये छोटे शहरों और पहाड़ी या पूर्वोत्तर राज्यों की नगरपालिकाओं को केंद्र की गारंटी पर कर्ज लेने का मौका मिलेगा। UCF के तहत केंद्रीय सहायता पाने के लिए शहरों को शासन, वित्त और नियोजन सुधार करने होंगे। यानी उन्हें साख मजबूत करनी होगी, परिसंपत्ति प्रबंधन मजबूत करना होगा, सेवा वितरण डिजिटल करना होगा, संचालन दक्षता बढ़ानी होगी और भूमि उपयोग व गतिशीलता की एकीकृत योजना अपनानी होगी।

निजी क्षेत्र की बढ़ेगी भागीदारी

UCF के तहत निजी निवेशक अब प्लान बनाने, पैसा देने और शहर की परियोजनाओं में भी शामिल होंगे। परियोजनाओं को तैयार करने, सलाह देने और डिजिटल निगरानी से उनकी सफलता और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। योजना कामयाब रही, तो भारत में नगरपालिका बांड और शहरी वित्तपोषण मजबूत होंगे। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने यह कोष कई पक्षों को मिलाकर चलाने के लिए बनाया है। राज्य सरकार, शहरी स्थानीय निकाय, वित्तीय संस्थान, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी और निजी निवेशक भी एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिये इसमें शामिल हो सकते हैं, जो इनोवेशन को बढ़ावा देती है। योजना में राष्ट्रीय, राज्य और शहरी स्तर पर क्षमता बढ़ाने के प्रावधान हैं। इसका मकसद तकनीकी और प्रबंधकीय दक्षता मजबूत करना भी है।

आने वाले दशकों में भारत की शहरी आबादी तेजी से बढ़ेगी। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग भी जोर पकड़ेगी। UCF इसे ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास, जलवायु बदलाव से निपटने की क्षमता और वित्तीय स्थिरता को एक साथ जोड़ता है। UCF का मकसद शहरीकरण को बोझ नहीं, बल्कि निवेश का अवसर मानना है। यह बाजार अनुशासन, सुधार प्रोत्साहन और मापने योग्य परिणामों पर ध्यान देता है। UCF अगर सफल हुआ तो शहरों को सशक्त, प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार विकास केंद्र बनाने में मददगार होगा।

(लेखक आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव हैं)

My MUMBAI

FRIDAY, FEBRUARY 27, 2026 | ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

विजू, अचानक मेरी सारी अचीवमेंट्स, स्ट्रगल, खुशियां, दुख, खुशी और जिंदगी- सब कुछ अब और भी ज्यादा मायने रखने लगा है, क्योंकि तुम मेरे साथ हो। मैं तुम्हारी पत्नी कहलाने के लिए बहुत-बहुत उत्साहित हूं। आई लव यू।

- रश्मिका मंदाना

पारंपरिक रिवाजों के साथ रश्मिका-विजय ने रचाई शादी

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंध गए हैं। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की यह फेमस जोड़ी उदयपुर के एक रिसॉर्ट में कोडवा-तेलुगु परंपराओं से शादी के रिश्ते में बंधी। इस दौरान, रश्मिका जहां अनामिका खन्ना की डिजाइन की हुई रस्ट कलर की साड़ी और गोल्डन ज्वेलरी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, तो विजय भी आइवरी रंग की धोती और सिंदूरी रंग के अंगवस्त्र में खूब फब रहे थे।

'मैं विजय को पाकर सच में धन्य हूं'

शादी की फोटो शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, 'हैलो दोस्तो, अब आपको मिलवाती हूं, मेरे पति मिस्टर विजय देवरकोंडा से। वो शख्स जिसने मुझे सिखाया कि सच्चा प्यार कैसा होता है। जिसने मुझे बताया कि सुकून में रहना क्या होता है। वो शख्स जो हर रोज मुझसे कहता था कि बड़े सपने देखना बिल्कुल ठीक है और हमेशा मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं अपनी कल्पना से भी कहीं अधिक हासिल कर सकती हूं।' वह आगे लिखती हैं, 'मैं इस इंसान पर पूरी किताब लिख सकती हूं। मैं सच में बहुत धन्य हूं।'

'बेस्ट फ्रेंड को अपनी पत्नी बना लिया'

विजय ने फोटो शेयर कर लिखा, 'एक दिन, मुझे उसकी कमी महसूस हुई। ऐसा लगा कि वो साथ होती तो मेरा दिन ज्यादा अच्छा होता, मेरा खाना ज्यादा हेल्दी होता, मेरा वर्कआउट ज्यादा मजेदार होता। जैसे मुझे उसकी जरूरत थी, घर जैसा सुकून और शांति महसूस करने के लिए, चाहे मैं कहीं भी रहूं। तो, मैंने अपनी सबसे अच्छी दोस्त को अपनी पत्नी बना लिया।'

यह मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा वक्त है: मोना

जहीन अदाकारा मोना सिंह इस साल बॉर्डर 2 और हैपी पटेल: खतरनाक जासूस जैसी फिल्मों और सीरीज कोहरा 2 में नजर आ चुकी हैं। सीरीज में पुलिस ऑफिसर धनवंत कौर के जटिल किरदार के लिए तारीफें बटोर रही मोना से हमने की खास बातचीत:

Upma.Singh@timesofindia.com

'मेरी जिंदगी का यह अब तक सबसे बेहतरीन अनुभव है। सबसे अच्छा वक्त है कि मुझे इतने अलग-अलग किरदार करने को मिल रहे हैं। मैं यहीं करने मुंबई आई थी और खुश हूं कि अपना वह सपना अब भी जी रही हूं।' यह खुशी जाहिर करने वाली अदाकारा हैं मोना सिंह। छोटे पर्दे की वो 'जस्सी', जो आज फिल्मों और ओटीटी की सबसे भरोसेमंद ऐक्ट्रेसेज में से एक हैं। साल के आगाज में ही हैपी पटेल: खतरनाक जासूस और बॉर्डर 2 जैसी फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज कोहरा 2 में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही उनकी फिल्म सूबेदार भी आने वाली है। मोना इसे अपने करियर का सबसे बेहतरीन दौर मानती हैं। वह कहती हैं, 'बहुत अच्छा लग रहा है कि दो-तीन साल जो इतनी मेहनत की है, उसका फल सामने आ रहा है।'

हम औरतों को अपनी लड़ाई खुद लड़नी है

मोना की हालिया सीरीज कोहरा 2 की नायिका धनवंत निजी जिंदगी के झंझावातों से जूझते हुए भी शिद्दत से ड्यूटी निभाती है, पर जरा सी चूक पर उसकी प्रतिभा पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। क्या मोना कभी खुद ऐसे अनुभव से गुजरी हैं? इस पर वह कहती हैं, 'यह कहानी हम सभी औरतों की है। हमें हर कदम पर बताया जाता है कि ये मत करो। इधर मत जाओ। ये मत पहनो। इतना मत हंसो। इससे शादी करो, उससे मत करो। यहां काम करो, यहां मत करो। हमें हमेशा बताया गया है, दबाया गया है पर अब वक्त खुलकर बोलने का है। शो में भी यही दिखाया गया है कि भले ही हम पंजाब में हैं, पुरुषसत्तात्मक समाज में हैं, पर कोई भी किरदार चुप नहीं है। सभी औरतें अपनी लड़ाई अपने तरीके से लड़ रही हैं, जो बहुत ही इंस्पायरिंग है कि अपने लिए खुद खड़े रहो। डटे रहो। आपको बचाने कोई नहीं आ रहा है। ये आपकी लड़ाई है तो लड़ते रहो। जिंदगी एक ही है और छोटी है तो अच्छे से खुलकर जियो। मैं इसी फंडे में यकीन करती हूं कि एक ही जिंदगी है, अच्छे से जी लो। मुझे किसी चीज का पछतावा नहीं है। जैसे, धनवंत से हमेशा पूछा जाता है कि घर पर सब ठीक है, पर ये सवाल किसी मेल ऑफिसर से नहीं पूछा जाएगा, क्योंकि औरत के घर पर अगर सब ठीक नहीं होगा तो वह शायद केस ठीक से सॉल्व नहीं कर पाएगी। ऐसी सीनियर्स की सोच होती है तो खुद को साबित करना हर औरत की लड़ाई है और हम सब ये लड़ाई लड़ रहे हैं।'

हीरो के बराबर हों फीमेल सेंट्रिक फिल्में

क्या ओटीटी की तरह बड़े पर्दे पर भी शेफाली शाह, मोना सिंह, साक्षी तंवर जैसी उम्र का एक पड़ाव पार कर चुकी दमदार ऐक्ट्रेसेज को मुख्य भूमिका में लेकर फिल्में बनाना संभव है? इस पर मोना का कहना है, 'हमारा सिनेमा इतना पुराना है कि हमारे पास इतने रेफरेंस और डेटा है कि ये चलता है, ये नहीं चलता है। इसलिए, फिल्मों में एक सेट फॉर्मूला होता है। जैसे, यहां विमन सेंट्रिक कहानियां ही बहुत कम हैं। साल में एक या दो फिल्में सेंट्रिक होती हैं। वे न चलें तो बोल देते हैं कि ऐसी फिल्में चलती नहीं, मगर आप ज्यादा विमन सेंट्रिक फिल्में बनाइए ना या कम से कम हीरो वाली फिल्मों के बराबर बनाइए। दोनों को बराबर मौके दीजिए, कैमरे के आगे और पीछे भी, तभी बदलाव आएगा। ओटीटी हम सबके लिए बहुत नया है। यहां हम सबको मौका मिलता है एक्सप्लोर करने के लिए, प्रयोग करने के लिए तो मैं बहुत खुश हूं कि यह समय देख रही हूं, वरना तो ये संभव ही नहीं था।'

परिवार जैसे बन चुके हैं आमिर सर

मोना हाल ही में आमिर खान के बैनर की फिल्म हैपी पटेल खतरनाक जासूस में नजर आईं। इससे पहले उनकी लाल सिंह चड्ढा में भी अहम भूमिका में थीं। आमिर खान के साथ अपने रिश्ते पर उन्होंने कहा, '3 इडियट्स में ऑल इज वेल-ऑल इज वेल कहकर उन्होंने मेरी डिलिवरी करवा दी थी। लाल सिंह चड्ढा में वो मेरे बेटे बन गए, मैं उनकी मम्मी बन गई। वहीं, हैपी पटेल में वो मेरे पापा बन गए, तो हमारा रिश्ता सिर्फ मजबूत हुआ है। हमें एक दूसरे के लिए बहुत इज्जत है। मेरे लिए आमिर सर परिवार हैं। यह रिश्ता बहुत खास है। मैं इसे बहुत अहमियत देती हूं। मेरा सपना था कि मैं आमिर खान जैसे ऐक्टर के साथ काम करूं क्योंकि वह बहुत कमाल के ऐक्टर हैं और मेरा वो सपना एक बार नहीं, 3 बार पूरा हुआ। मैं इसके लिए खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं।'

'बेटी की बीमारी का सुन टूट गई थी'

अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के जन्म के बाद के कठिन समय को प्रियंका चोपड़ा ने याद किया है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में प्रियंका ने बताया कि जनवरी 2022 में उनकी बेटी 27 हफ्ते में ही पैदा हो गई थी। यह उनके लिए बेहद भावनात्मक और डरा देने वाला वक्त था।

प्रियंका ने कहा, 'जब मुझे पता चला कि बच्ची का जन्म वक्त से पहले होने वाला है, तो मैं पूरी तरह टूट गई थी। निक मुझे फौरन अस्पताल लेकर गए। कोविड के समय में हालात और भी खराब थे। मालती का वजन जन्म के समय सिर्फ 1 पाउंड 11 औंस था। वह करीब 110 दिनों तक NICU में रही। इस दौरान मैं रोज महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र और 'ओम नमः शिवाय' धीमी आवाज में चलाती थी, जबकि निक गिटार बजाकर बेटी को गाने सुनाते थे।' उन्होंने कहा, 'करीब तीन महीने बाद जब मालती घर आई, तो पूरा परिवार मंदिर के सामने बैठा और मैं बहुत ज्यादा भावुक हो गई।'

@priyankachopra

बेटी मालती के साथ प्रियंका चोपड़ा व निक जोनस

Buzzstop



फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज पर लगी रोक

द केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर मेकर्स को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को हुई सुनवाई में केरल हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि फिल्म को लेकर याचिकाकर्ता का डर शायद असली है, ऐसे में कोर्ट के फैसले के बिना रिलीज पर रोक लगाई जाती है। फिल्म पर केरल राज्य को बदनाम करने का आरोप लगा है।

प्रेग्नेंसी में योद्धा की तरह रहीं कैट: विकी कौशल

कटरीना कैफ और विकी पिछले साल नवंबर में माता-पिता बने और बेटे का नाम विहान रखा। अब विकी ने पिता बनने के अनुभव पर बात की है। उन्होंने कहा, 'विहान अभी तीन महीने का है। इस उम्र में पिता के पास करने के लिए ज्यादा काम नहीं होता। फिलहाल मैं उसके थोड़ा बड़ा होने का इंतजार कर रहा हूं, ताकि मैं भी ज्यादा जिम्मेदारी निभा सकूं। अभी उसकी मां कटरीना ही जिम्मेदारियां निभा रही हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान वह एक योद्धा रहीं और अब मां के रूप में भी वही मजबूती दिखा रही हैं। मुझे उन पर गर्व है, मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं।' पिता बनने के बाद आए बदलाव पर विकी ने कहा, 'बेटे के जन्म के तुरंत बाद काम के कारण शहर से बाहर जाना मेरे लिए आसान नहीं था। पिता बनने के बाद घर से दूर जाना बहुत कठिन लगता है, पर जब वह बड़ा होगा तो उसे अपने पिता पर गर्व होगा।'

@vickykaushal09

नाक बंद होना, खर्राटे और स्लीप एपनिया का इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है - डॉ. विकास अग्रवाल

भारतीय मेडिसिन, मुंबई ने एक अहम मौके पर, 20-22 फरवरी, 2026 तक देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय स्लीप सर्जरी सम्मेलन की मेजबानी की। इस सम्मेलन ने दुनिया भर का ध्यान एक ऐसी स्वास्थ्य दशा की ओर खींचा जिसका अक्सर पता नहीं चलता, लेकिन इसके दूरगामी नतीजे होते हैं, वह है - खर्राटे और स्लीप एपनिया। यह सम्मेलन जेडब्ल्यू मैरियट सहार में हुआ था, इसका आयोजन डॉ. विकास अग्रवाल जी ने किया था। डॉ. विकास अग्रवाल, दुनिया में खर्राटों और स्लीप एपनिया सर्जरी के विकास का दूसरा नाम है, जो दुनिया भर के सर्जनों द्वारा अपनाई जाने वाली नई तकनीकें पब्लिश करते हैं।

इस इवेंट में दुनिया भर के फैकल्टी और डेलीगेट्स शामिल हुए, जिससे यह देश में स्लीप मेडिसिन और स्लीप सर्जरी के क्षेत्र में अब तक की सबसे अहम समारोह में से एक बन गई। इसकी अहमियत को और बढ़ाते हुए, सम्मेलन का उद्घाटन भारत के पूर्व चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ जी ने किया, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्लीप हेल्थ को सिर्फ एक मेडिकल मुद्दा नहीं, बल्कि एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक चिंता के तौर पर पहचान मिल रही है।

सम्मेलन का आयोजन करने के पीछे के प्रेरणा के बारे में बात करते हुए, डॉ. अग्रवाल कुछ चौंकाने वाली बातें बताते हैं। अनुमान है कि भारत की लगभग एक-तिहाई आबादी स्लीप एपनिया से परेशान है, यह एक ऐसी दशा है जिसमें नींद के दौरान सांस बार-बार रुकती है। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो इससे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अचानक मौत जैसी गंभीर दिक्कतें हो सकती हैं। इन खतरों के बावजूद, जागरूकता कम है, और कई मरीज नाक बंद होना, जोर से खर्राटे लेना और दिन में थकान को नुकसान न पहुंचाने वाला मानते हैं। जिन बच्चों को खर्राटे आते हैं और मुंह से सांस लेते हैं, उन्हें अभी भी मामूली सर्दी-जुकाम समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन इससे बाद में काम करने में नाकामी और स्लीप एपनिया हो सकता है।

डॉ. राहुल मोदी – कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. विजय कृष्णन – अध्यक्ष, आयसा (IASSA), डॉ. मिलिंद किर्तने – पद्मश्री, डॉ. मारिया सुऊर्ता – अध्यक्ष, इंटरनेशनल स्लीप सर्जिकल सोसायटी, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. मोहन कामेश्वरन – पद्मश्री

डॉ. विकास अग्रवाल

स्लीप एपनिया सड़क हादसों का एक बड़ा लेकिन अक्सर नजरअंदाज किया जाने वाला कारण भी है। दिन में बहुत ज्यादा नींद आने से अलर्टनेस काफी कम हो जाती है, जिससे ड्राइवर को माइक्रोस्लीप और देर से रिएक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए, स्लीप एपनिया को ठीक करने का असर न केवल किसी की हेल्थ पर बल्कि पब्लिक सेफ्टी पर भी पड़ता है। डॉ. अग्रवाल ने ड्राइविंग लाइसेंस देने से पहले स्लीप टेस्ट की जरूरत पर जोर दिया।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अच्छी बात यह है कि स्लीप एपनिया का पता लगाया जा सकता है और इसका इलाज भी किया जा सकता है—खासकर जब इसका पता जल्दी चल जाए। इन-क्लिनिक सिटी स्कैन, स्लीप स्टडीज और स्लीप एंडोस्कोपी जैसे मॉडर्न डायग्नोस्टिक टूल से समस्या की सही पहचान हो जाती है। कोब्लेशन जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी ने सर्जिकल इलाज को और बेहतर बना दिया है, जिससे प्रोसीजर ज्यादा सुरक्षित, असरदार और कम इनवेसिव हो गए हैं। यह प्रोसीजर डेकेयर, दर्द रहित और खून रहित हो सकता है और यह छोटे बच्चों पर भी किया जा सकता है। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनियों से स्लीप एपनिया के सभी इलाज के तरीकों को कवर करने का आवाहन किया है।

भारत में पहली बार इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करके, डॉ. विकास अग्रवाल को उम्मीद है कि वे आम लोगों और मेडिकल प्रोफेशनल्स के बीच जागरूकता बढ़ाएंगे, ग्लोबल सहयोग को बढ़ावा देंगे, और आखिर में यह पक्का करेंगे कि लाखों भारतीय बेहतर सांस ले सकें-और चैन से सो सकें।

पता: साइनस और स्नोरिंग क्लिनिक, काकड़ चैंबर, वरली - फोन : 8292827702
स्पेशलिटी इएनटी हॉस्पिटल, ठाकुर कॉम्प्लेक्स, कांदिवली (पू.)- फोन 8928051646.
वेबसाईट- www.sinusnsnoring.com
ईमेल-vikasagrawalent@gmail.com

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 02-26-2026 23:08 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"हम अधिकतर समय नकारात्मक बातें ही सुनते हैं। यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसान है। लेकिन कम से कम भविष्य के लिए अगर सरकार हस्तक्षेप करके नकारात्मक बातों को रोक सकती है।" –दासुन शनका, श्रीलंका, कप्तान

कुल मैच 47 | टोटल रन 14447 | विकेट गिरे 603 | 4 – 1190 | 6 – 602 | बाउंड्री मीटर

हाइएस्ट स्कोर: प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा) | टीम 254/6 (वेस्टइंडीज vs जिंबाब्वे)

बैटर नंबर-1: 283 एस फरहान (पाकिस्तान) | बॉलर नंबर-1: 13 शैडली वान (यूएसए)

*साउथ अफ्रीका vs वेस्टइंडीज मैच तक

8 आठ विकेट लिए हैं शाहीन शाह अफरीदी और एंजेलो मैथ्यूज ने टी20 वर्ल्ड कप में इनिंग्स के पहले ओवर में। यह वर्ल्ड कप में पारी के पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट निकालने का रेकॉर्ड है

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. सुपर-8 में पाकिस्तान की टीम अपना आखिरी मुकाबला किस टीम के खिलाफ खेलेगी?
A) श्रीलंका B) न्यूजीलैंड C) इंग्लैंड D) भारत
2. वेस्टइंडीज-साउथ अफ्रीका सुपर-8 मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच किसे चुना गया?
A) मार्को यानसेन B) रोमारियो शेफर्ड C) एडेन मार्करम D) कगिसो रबाडा

कल के जवाब
1. A) शाई होप 2. C) सा. अफ्रीका

लकी WINNERS

1 भावना कुमारी, मोती बाग, नई दिल्ली

2 महेंद्र जैन, गुरुग्राम, हरियाणा

3 अरनव निगम, पवई, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

कलकल ने जीता गोल्ड

■ तिराना: सुजीत कलकल ने मुहामेट माली 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। भारतीय पहलवान ने फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से हराया। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के जोसेफ मैककेना पर 11-0 से जीत हासिल की थी।

भारतीय टीम ने खेला ड्रॉ

■ नई दिल्ली: भारत की अंडर-20 विमिंस फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसान नैशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके टीम के खिलाफ फ्रेंडली मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत के लिए सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने एकमात्र गोल किया।

टॉप पर गोवा एफसी

■ मडगांव: एफसी गोवा ने स्पोर्टिंग दिल्ली को इंडियन सुपर लीग के मैच में 1-0 से हराया। यह टीम की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। टीम अंक तालिका में सात पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंच गई है। गोवा के लिए मैच का एकमात्र गोल देयान द्राजिक ने 43वें मिनट में किया।

अहम मुकाबले में जिंबाब्वे को दी शिकस्त, अब वेस्टइंडीज से भिड़ंत तय करेगी सेमीफाइनल की सीट

चेपक में 'ब्लू आर्मी' आई अपने असली रंग में

चेन्नै से लाइव
Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ चेन्नै: गुरुवार शाम जिंबाब्वे के खिलाफ मुकाबला शुरू होने से पहले टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत की खबर ने शायद बड़ी राहत पहुंचाई। इसके बाद अपने सुपर-8 मुकाबले में 'ब्लू आर्मी' (भारतीय क्रिकेट टीम) ने अपना वो रंग दिखाया जिसने उसे इस खिताब का दावेदार बनाया था। वहीं अभी तक टूर्नामेंट में फीके रहे ओपनर अभिषेक शर्मा (55 रन, 30 बॉल, 4 फोर, 4 सिक्स) इस बार अपनी पहचान के अनुरूप विपक्षी टीम का रंग उड़ा देने वाली पारी खेलने में कामयाब रहे। जबकि धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना का शिकार हो रहे तिलक वर्मा की छठे क्रम पर बैटिंग करते हुए 16 गेंद पर 44 रन की नाबाद पारी और हार्दिक पंड्या (50* रन, 23 बॉल, 2 फोर, 4 सिक्स) के साथ 31 बॉल पर 84 रन की साझेदारी करके भारत की 72 रन की बड़ी जीत की कहानी लिखी। इस जीत के बाद अब भारत का रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाला मुकाबला एक तरह से क्वॉर्टर फाइनल मैच होगा, जहां जीत दर्ज करने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएगी।

अभिषेक ने घुमाई जादू की छड़ी: लगातार चार मैच में फ्लॉप होने के बाद भी टीम मैनेजमेंट का विश्वास नहीं खोने वाले अभिषेक ने वो पारी खेली जिसका इंतजार 140 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे थे। अभिषेक ने हालांकि अपने टी20 इंटरनैशनल करियर की सबसे धीमी फिफ्टी प्लस (183.33 स्ट्राइक रेट) पारी खेली, लेकिन उनकी यह पारी टीम को टी20 वर्ल्ड कप के दूसरे हाइएस्ट टोटल 256/4 पर पहुंचा गई। जवाब में जिंबाब्वे की टीम ने 6 विकेट पर 184 रन बनाए।

अभिषेक का बल्ला किसी जादू की छड़ी की तरह चला जिसने टीम इंडिया की बैटिंग परेशानियों का भी एक साथ इलाज कर दिया। मुकाबले में नए कॉम्बिनेशन के साथ उतरी टीम इंडिया के लिए हर बल्लेबाज ने प्रभावशाली पारी खेली। अभिषेक के अलावा हार्दिक ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर दो सिक्स के साथ 23 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया।

बेनेट को नहीं मिला साथ: अभी तक टूर्नामेंट में दो करिश्माई जीत हासिल करने वाली जिंबाब्वे की टीम के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा साबित हुआ। हालांकि ग्रुप स्टेज में नॉट आउट रहने वाले ओपनर ब्रायन बेनेट ने एक छोर संभाल कर 97* रन की अविजित पारी खेली। यदि दूसरे छोर से उन्हें एक आक्रामक पारी का साथ मिल जाता तो यह मुकाबला नजदीकी हो जाता। जिंबाब्वे ने अपनी पारी के दौरान शिवम दुबे के एक ओवर में 26 रन बनाए।

संजू ने तेज धड़कनों को थामा: इससे पहले भारी दबाव में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की नई भारतीय जोड़ी मुकाबले में पारी का आगाज करने उतरी। स्टेडियम में लोकल बॉय संजू के नाम की गूंज तब और तेज हो गई जब उन्होंने नगारवा की दूसरी ही गेंद पर सामने की तरफ फ्लैट सिक्स जड़ डाला। अगले ओवर में संजू ने मुजरबानी पर भी एक सिक्स जड़ा और मुकाबले की शुरुआत में चलने वाली तेज धड़कन को थोड़ा धीमा किया। भारत को अच्छी शुरुआत मिल गई थी लेकिन वो पारी का तीसरा ओवर था जिसने भारत के रनों की रफ्तार को टॉप गियर में डाला। मापोसा का यह ओवर कुल नौ गेंदों और 23 रन का था। इन 23 में से 15 रन अभिषेक के बल्ले से आए, जोकि उनके द्वारा पिछले चार मैच में बनाए गए कुल रन के बराबर थे। इस ओवर ने अभिषेक को अपने हाथ खोलने और आत्मविश्वास वापस हासिल करने में मदद की।

ईशान-अभिषेक ने जमाया रंग: चौथे ओवर में संजू आउट हो गए। वह एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके लेकिन 15 गेंद पर 24 रन की उनकी पारी ने अभिषेक-ईशान को अपना हुनर दिखाने का मजबूत मंच दे दिया। इन दोनों ने साधारण गेंदबाजी को निशाने पर लिया और पावरप्ले में टीम का टोटल एक विकेट पर 80 रन पहुंचा दिया। इसमें अभिषेक के नाम 13 गेंद पर 33 रन थे और ईशान के नाम 9 गेंद पर 15 रन। इन दोनों ने 42 गेंद पर 72 रन की साझेदारी करके बड़े टोटल की नींव डाली।

दिखा हार्दिक के लिए क्रेज: हालांकि इस दौरान भारत ने 10 ओवर्स तक भारत ने 109 रन टांग कर बड़े टोटल की तरफ कदम बढ़ा दिए थे। अभिषेक ने भी 26 गेंदों पर 4 फ्री-फ्लो सिक्स से सजी अपनी फिफ्टी पूरी की। अभिषेक इसके बाद मापोसा की एक स्लोअर ऑफ कटर की चाल में फंस गए। उन्हें अपने शॉट में उतनी ताकत नहीं मिली और लॉन्ग ऑन पर सिकंदर ने कैच के साथ उनकी पारी का अंत किया। अभिषेक के आउट होते ही स्टेडियम में छाया सन्नाटा एक शोर में बदल गया जब हार्दिक पंड्या ने मैदान में एंट्री ली। हार्दिक के क्रेजी फैंस उनके आते ही सिक्स की डिमांड करने लगे और अपनी तीसरी ही गेंद पर इस ऑलराउंडर ने इच्छा पूरी भी कर दी। उधर जीवनदान का सूर्या ने पूरा फायदा उठाकर अगली आठ गेंदों पर 25 रन ठोक दिए। वह 13 गेंद पर 33 रन की पारी खेलकर 15 ओवर में टीम का टोटल 176 तक पहुंचा गए।

11 वीं फिफ्टी जड़ी अभिषेक शर्मा ने टी20 इंटरनैशनल में। भारतीय ओपनर्स के बीच यह तीसरा संयुक्त सर्वाधिक है। उनसे आगे रोहित शर्मा (32), केएल राहुल (21)। शिखर धवन की भी 11 फिफ्टी हैं

अभिषेक शर्मा: 55 रन | 30 बॉल | 4 फोर | 4 सिक्स

टीम ने तोड़ा डाला दो दशक पुराना रेकॉर्ड

अभी तक अपनी धीमी बैटिंग के कारण आलोचना झेल रहे और बल्लेबाजी क्रम में डिमोट किए गए तिलक आते ही चौके से खाता खोला और स्लॉग ओवर्स में गेंद पर प्यार से जोरदार प्रहार करने का नजारा पेश किया। उन्होंने 10 गेंदों पर 28 रन ठोक दिए, जिससे भारत ने 18वें ओवर में 220 रन के मार्क को हासिल कर टी20 वर्ल्ड कप में अपने पिछले हाइएस्ट टोटल का रेकॉर्ड तोड़ा। पिछला हाइएस्ट 218 रन था जो 2007 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ बना था। इसके बाद अंतिम तीन ओवर्स में तिलक और हार्दिक ने दर्शकों को अपनी सीट पर बैठने का मौका नहीं दिया। दोनों ने मिलकर इन तीन ओवर्स में 19, 21 और 15 रन जड़कर टीम टोटल को 250 के पार पहुंचाया। हार्दिक ने पारी की अंतिम दो गेंद पर दो सिक्स के साथ 23 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

अभिषेक शर्मा की टी20 इंटरनैशनल की फिफ्टी

बॉल	खिलाफ	साल
33	जिंबाब्वे	2024
24	सा. अफ्रीका	2024
20	इंग्लैंड	2025
17	इंग्लैंड	2025
24	पाक	2025
25	बांग्लादेश	2025
22	श्रीलंका	2025
23	ऑस्ट्रेलिया	2025
21	न्यूजीलैंड	2026
14	न्यूजीलैंड	2026
26	जिंबाब्वे	2026*

17 सिक्स लगाए टीम इंडिया ने पारी में। यह टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में उसके सर्वाधिक सिक्स हैं। पिछला रेकॉर्ड 15 सिक्स (Vs ऑस्ट्रेलिया, 2024) का था

स्कोरकार्ड

भारत: संजू सैमसन कॉ बर्ल बो मुजरबानी 24, अभिषेक शर्मा कॉ रजा बो मापोसा 55, ईशान किशन कॉ एनगारवा कॉ रजा 38, सूर्यकुमार यादव कॉ मुसेकिवा बो एनगारवा 33, हार्दिक पंड्या नॉट आउट 50, तिलक वर्मा नॉट आउट 44 **एक्स्ट्राज:** 12 **टोटल:** 20 ओवर्स में 4 विकेट पर 256 रन **विकेट:** 1-48, 2-120, 3-150, 4-172 **बोलिंग:** रिचर्ड एनगारवा 4-0-62-1, ब्लेसिंग मुजरबानी 4-0-43-1, तिनोतेंडा मापोसा 2-0-40-1, ब्रैड इवांस 4-0-52-0, सिकंदर रजा 3-0-29-1, ब्रायन बेनेट 2-0-16-0, रयान बर्ल 1-0-10-0

प्रोटियाज पावर के आगे वेस्टइंडीज ढेर

सा. अफ्रीका vs वेस्टइंडीज
सुपर-8 का मैच

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: कप्तान एडेन मार्करम की 82* रनों की अविजित पारी और उनकी दो साझेदारियों की बदौलत साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को सुपर-8 के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। टीम ने इस जीत के साथ ग्रुप-1 से सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। साउथ अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। यह उनकी लगातार छठी जीत है, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर ब्रेक लगाया।

पावरप्ले में प्रेशर बनाया: साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर्स में 69 रन बनाकर विंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। साउथ अफ्रीका ने मार्करम की फिफ्टी और क्विंटन डीकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर्स में 95 रन की पार्टनरशिप और रयान रिकेल्टन (45* रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82* रन की साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्विंटन को जेसन होल्डर ने आउट किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' मार्करम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इस हार से कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट 5.350 से घटकर 1.791 हो गया।

शेफर्ड और होल्डर ने उबारा: साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बैटिंग ऑर्डर को झकझोर जिससे निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (52*) और जेसन होल्डर (49) के बीच रेकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। पिछले मैच में जिंबाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा (2/22) और लुंगी एनगिडी (3/30) ने वेस्टइंडीज के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था, लेकिन शेफर्ड (37 गेंद, 3 फोर, 4 सिक्स) और होल्डर (31 गेंद, 4 फोर, 3 सिक्स) ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रेकॉर्ड साझेदारी करके टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

मिली थी तेज शुरुआत: पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (16) और ब्रेंडन किंग (21 रन) की बदौलत पहले दो ओवर में 29 रन बना लिए। पर इसके बाद टॉप ऑर्डर के चरमराने के सिलसिला शुरू हुआ। रबाडा ने होप को कैच आउट कराया। फिर शिमरॉन हेटमायर (2) भी आउट हो सकते थे, लेकिन कोर्बिन बॉश ने मिड-ऑन पर उनका कैच छोड़ दिया। हालांकि, रबाडा ने तीन गेंद बाद हेटमायर को पविलियन भेज दिया।

एडेन मार्करम: 82* रन | 46 बॉल | 7 फोर | 4 सिक्स

साउथ अफ्रीका ने जीत के साथ सेमी में जगह लगभग पक्की कर ली है

33 सिक्स हो गए हैं क्विंटन डीकॉक के टी20 वर्ल्ड कप में। वह साउथ अफ्रीका के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं

89 रन की पार्टनरशिप की जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने आठवें विकेट के लिए। यह टी20 वर्ल्ड कप में इस विकेट के लिए रेकॉर्ड है

ब्रीफ स्कोर
वेस्टइंडीज: 20 ओवर्स में 176/8 (रोमारियो शेफर्ड 52* रन, जेसन होल्डर 49 रन, ब्रेंडन किंग 21 रन, लुंगी एनगिडी 3/30, कगिसो रबाडा 2/22, कोर्बिन बॉश 2/31)
साउथ अफ्रीका: 16.1 ओवर्स में 177/1 (एडेन मार्करम 82* रन, क्विंटन डीकॉक 47 रन, रयान रिकेल्टन 45* रन, रोस्टन चेज 1/46)

न्यूजीलैंड का टारगेट होगा सेमीफाइनल

इंग्लैंड vs न्यूजीलैंड
सुपर-8 का मैच

■ एजेंसियां, कोलंबो: टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में आज इंग्लैंड और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगी। इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है, जबकि न्यूजीलैंड यह मैच जीतकर नॉकआउट राउंड में पहुंचने के इरादे से उतरेगा। कीवी टीम शानदार लय में है और उसका टारगेट सिर्फ जीत नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अगले दौर में प्रवेश करना भी होगा।

इंग्लैंड चाहेगा टॉप पोजिशन: इंग्लैंड के लिए यह मैच दबदबा स्थापित करने के लिहाज से अहम है। अंतिम-4 में जगह पक्की करने वाली इंग्लैंड की टीम सुपर-8 में लगातार तीसरा मैच जीतते हुए पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बने रहना चाहेगी। श्रीलंका पर 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 तक पहुंच गया है। ऐसे में अगर उसे इंग्लैंड से हार भी मिलती है तो वह अंतर को कम रखने की रणनीति अपनाएगा। मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची की मौजूदगी धीमी पिच पर इंग्लैंड के लिए चुनौती साबित हो सकती है।

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक

कुल मैच 30 | न्यूजीलैंड 10 | इंग्लैंड 17 | नो रिजल्ट 3

संभावित प्लेइंग XI
इंग्लैंड: फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम कुरन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद
न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलेन, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, मिचेल सैंटनर (कप्तान), कोल मैककॉन्ची, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन

टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

पाकिस्तान चाहेगा इंग्लैंड की जीत

पाकिस्तान का सुपर-8 में सिर्फ एक मैच श्रीलंका के खिलाफ बचा है। टीम के दो मैच में एक अंक है। पाकिस्तान की सुपर-8 की राह थोड़ी जटिल है। टीम को उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हराए, जिसके बाद वह श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज कर बेहतर नेट रन रेट के आधार पर अगले राउंड में जगह बना सके। अगर न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड को हरा देती है तो पाकिस्तान टीम अपने आखिरी मैच से पहले ही सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

गुकेश ने सफेद मोहरों से पहली बाजी ड्रॉ खेली

■ एजेंसियां, प्राग: वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने प्राग इंटरनैशनल चेस फेस्टिवल के मास्टर्स वर्ग के पहले राउंड में अमेरिका के हांस नीमन के साथ ड्रॉ खेला। सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश के सामने नीमन ने ब्लैकमार डिफेंस अपनाया और मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। तेरहवीं चाल पर मोहरे की कुर्बानी देकर नीमन ने मिडल गेम में दबाव बनाया, जिससे गुकेश को कुछ समय तक संभलकर खेलना पड़ा। हालांकि, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सटीक बचाव करते हुए स्थिति को संतुलित किया और अंततः बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहे। पहले राउंड में सफेद मोहरों से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों को जीत मिली। गुकेश अकेले ऐसे खिलाड़ी रहे जिन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को काले मोहरों से खेलते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। चैलेंजर्स वर्ग दिव्या देशमुख ने बेंजामिन ग्लेडुरा के साथ ड्रॉ खेला।

प्राग चेस फेस्टिवल

वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश

सैंटनर के साथ खुद को 10 फीट लंबा फील करते हैं आप: रचिन

■ एजेंसियां, कोलंबो: न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कप्तान सैंटनर अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं।

वर्ल्ड कप रिएक्शंस

स्वभाव से शांत: रचिन ने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है।' उन्होंने कहा, 'वह हमेशा आपके साथ खड़े रहते हैं और आपका हौसला बढ़ाते हैं। उनके जैसा कप्तान होना टीम के लिए बहुत अच्छा है। उनके नेतृत्व में मैदान पर उतरते ही आपको ऐसा अहसास होता है जैसे आप दस फीट लंबे हो और आप अजेय महसूस करते हैं। टीम में उनकी मौजूदगी से बहुत फायदा मिलता है। हमारे पास सैंटनर हैं, जो लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में दुनिया के बेस्ट स्पिनर्स में से एक हैं।'

न्यूजीलैंड टीम के प्लेयर रचिन रविंद्र

महरूफ ने साधा निशाना

सेमीफाइनल में श्रीलंका के जगह नहीं बना पाने से पूर्व खिलाड़ी फरवीज महरूफ बेहद निराश हैं। महरूफ ने कहा, 'यह दुख देने वाला, दर्दनाक और शर्मनाक है। यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप लाइन के पार खेल सकें। पाथुम निसांका के विकेट को छोड़कर बाकी सभी आसान गेंदों पर आउट हुए। ठीक इंग्लैंड के गेम की तरह, जहां सभी दस आउट आसान थे। यह दिखाता है कि श्रीलंका की बैटिंग खराब है।'

भारतीय टीम के सामने आज सीरीज़ बचाने की होगी चुनौती

भारत Vs ऑस्ट्रेलिया
विमिंस ODI सीरीज, दूसरा मैच

■ एजेंसियां, होबार्ट: वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले मैच में मिली बुरी तरह हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे विमिंस वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट मैच में बैटिंग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 सीरीज 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिसबेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं जीती है। भारतीय टीम के लिए राहत की बात है कि पिछले मैच में चोटिल हुईं कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मैच के लिए उपलब्ध हैं।

ऑस्ट्रेलिया का रहा है दबदबा: वनडे फॉर्मेट में इन दोनों देशों के बीच खेली गई सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन, भारत 2025 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा।

भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा



टेलिकास्ट सुबह 9.20 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

मयंक की सेंचुरी, लेकिन नबी ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेला

कर्नाटक Vs जम्मू-कश्मीर
रणजी ट्रॉफी फाइनल

■ एजेंसियां, हुबली: तेज गेंदबाज आकिब नबी (3/32) की शानदार स्पेल के दम पर जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। तीसरे दिन के खेल में नबी ने कर्नाटक के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया। इससे मेजबानों के पांच विकेट सिर्फ 220 रन पर निकल गए। हालांकि, अनुभवी मयंक अग्रवाल ने एक छोर संभालते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने 207 गेंदों में 130* रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की। इस दौरान उन्हें 124 रन पर जीवनदान भी मिला, लेकिन उनकी संघर्षपूर्ण पारी के बावजूद कर्नाटक पहली पारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर से 364 रन से पीछे है। फॉलोऑन टालने के लिए उसे 165 रन और बनाने होंगे।

राहुल, नायर नहीं चले: पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद जम्मू-कश्मीर को नबी से वैसी ही शुरुआत मिली, जिसकी उम्मीद थी। उनतीस वर्षीय तेज गेंदबाज नबी ने सबसे पहले केएल राहुल (13) को पविलियन भेजा और फिर दो गेंदों के भीतर करुण नायर (0 रन) और फॉर्म में चल रहे रविचंद्रन स्मरण (0) को आउट कर कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया।

मयंक अग्रवाल ने बनाए 130* रन

ब्रीफ स्कोर
जम्मू-कश्मीर (पहली पारी): 584 रन (शुभम पुंडीर 121, यावर हसन 88, साहिल लोत्रा 72, प्रसिद्ध कृष्णा 5/98)
कर्नाटक (पहली पारी): 220/5 (मयंक अग्रवाल 130*, कृतक कृष्णा 27*, आकिब नबी 3/32)

विनिसियस के गोल से रियाल मेड्रिड प्री-क्वॉर्टर फाइनल में

■ एपी, मेड्रिड: विनिसियस जूनियर ने बेनफिका के खिलाफ फिर से विजयी गोल दागा, जिससे रियाल मेड्रिड चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम-16 (प्री-क्वॉर्टर फाइनल) में पहुंचने में सफल रहा। मौजूदा चैंपियन पैरिस सेंट जर्मेन (PSG) भी मोनाको को हराकर प्लेऑफ से आगे बढ़ गया, जबकि अटलांटा ने बोरूसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल करके प्रतियोगिता में इटली की भागीदारी को बरकरार रखा। युवेंटस गैलाटासराय से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

चैंपियंस लीग फुटबॉल

फिर दागा विजयी गोल: विनिसियस ने बेनफिका के खिलाफ पहले राउंड के मैच में विजयी गोल करने के बाद कथित नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। उन्होंने इस घटना को पीछे छोड़ते हुए फिर से शानदार खेल दिखाया और सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में 80वें मिनट में अपनी टीम का दूसरा गोल करके पुर्तगाली की टीम पर रियाल मेड्रिड की दूसरे चरण में 2-1 से और कुल मिलाकर 3-1 की जीत सुनिश्चित की। रियाल मेड्रिड ने पहला चरण 1-0 से जीता था। विनिसियस ने पहले चरण के मैच में बेनफिका के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी पर उन्हें 'बंदर' कहने का आरोप लगाया था।

विनिसियस जूनियर

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP13 User: cci Time: 02-26-2026 22:30 Color:

फटाफट खबरें

'बताना होगा रजिस्ट्रेशन नंबर'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सेबी के दायरे में आने वाली सभी संस्थाओं और उनके एजेंटों को सोशल मीडिया पर शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी या विडियो पोस्ट करते समय रजिस्टर्ड नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाना होगा। ये नए नियम 1 मई से लागू होंगे। वहीं, सेबी ने उन म्यूचुअल फंड स्कीमों के लिए नियम बदल दिए हैं जो अपने पास फिजिकल सोना और चांदी रखते हैं। अब इन धातुओं की कीमत तय करने के लिए स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा जारी किए जाने वाले स्पॉट प्राइस का इस्तेमाल करना जरूरी होगा।

SEDEMAC का IPO 4 मार्च को

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कंट्रोल इंटेंसिव प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी SEDEMAC Mechatronics का IPO सब्सक्रिप्शन के लिए 4 मार्च को खुलेगा और 6 मार्च को बंद होगा। कंपनी ने हर शेयर के लिए 1,287 से 1,352 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है। 1,087 करोड़ के इस पब्लिक इश्यू में कोई फ्रेश इश्यू कंपोनेंट नहीं है। कंपनी 9 मार्च तक IPO शेयर अलॉटमेंट फाइनल कर देगी।

सेबी लाया 'लाइफ साइकल फंड'

बाजार नियामक ने म्यूचुअल फंड नियमों में किया बड़ा बदलाव

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने गुरुवार को म्यूचुअल फंड स्कीमों की कैटिगरी तय करने के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब स्कीमों के नाम उनके काम के आधार पर होंगे, न कि लुभावने वादों पर। सेबी ने 'लाइफ साइकल फंड्स' के रूप में रिटायरमेंट प्लानिंग का नया विकल्प दिया है। सॉल्यूशन ओरिएंटेड स्कीम को खत्म कर दिया है। निवेशकों की सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिस्क्लोजर और एक जैसे निवेश (ओवरलैप) नियमों को सख्त कर दिया है।

क्या हुआ बदलाव?

सेबी ने अपने सर्कुलर में स्कीमों को मुख्य रूप से पांच कैटिगरी में बांटा है। इक्विटी (शेयर), डेट (कर्ज), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य स्कीमें। इसमें 'फंड ऑफ फंड' और पैसिव स्कीम' जैसे इंडेक्स फंड या ईटीएफ (ETF) भी शामिल हैं। सर्कुलर के मुताबिक, सॉल्यूशन ओरिएंटेड स्कीम्स की कैटिगरी को तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया गया है। इस कैटिगरी की पुरानी स्कीमें अब नया निवेश नहीं ले सकेंगी। सेबी की मंजूरी के बाद इन्हें वैसी ही दूसरी स्कीमों में मर्ज कर दिया जाएगा। इसके अलावा, सेबी ने कहा कि अब विदेशी सिक्योरिटीज (विदेशी निवेश) को एक अलग असेट क्लास नहीं माना जाएगा।

AI Image

क्या हैं लाइफ साइकल फंड्स?

सेबी ने गुरुवार को म्यूचुअल फंड की एक नई कैटिगरी 'लाइफ साइकल फंड्स' की शुरुआत की है। ये ओपन एंडेड' फंड होंगे। यानी इनमें कभी भी पैसा निकाला जा सकता है। लेकिन इनकी मैच्योरिटी पहले से तय होगी। ये फंड उन लोगों के लिए बेहतरीन हैं जो किसी खास लक्ष्य (रिटायरमेंट या बच्चों की पढ़ाई) के लिए निवेश करना चाहते हैं। इसमें 'ग्लाइड पाथ' रणनीति का इस्तेमाल होगा। इसके तहत पैसा अलग-अलग असेट क्लास जैसे इक्विटी (शेयर), डेट, InvITs, कमोडिटी (ETCDs) और गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में लगाया जाएगा। कंपनियां कम से कम 5 साल और ज्यादा से ज्यादा 30 साल के लिए लॉन्च कर सकती हैं।

इंडेक्स, ETF में क्या बदला?

■ इंडेक्स फंड और ईटीएफ के लिए यह जरूरी है कि उनकी कुल संपत्ति का कम से कम 95% हिस्सा उन्हीं शेयरों या इंडेक्स में निवेश किया जाए जिसे वे ट्रैक कर रहे हैं। फंड ऑफ फंड्स (FoFs) को भी 95% संबंधित फंड्स में निवेश करना होगा। 5 साल से कम मैच्योरिटी वाले डेट निवेश के लिए, 'AA' या उससे बेहतर रेटिंग वाले साधनों में ही निवेश की अनुमति होगी।

■ **ओवरलैप पर सख्ती** : MF कंपनियों को हर महीने वेबसाइट पर बताना होगा कि अलग-अलग स्कीमों का निवेश (पोर्टफोलियो ओवरलैप) एक-दूसरे से कितना मेल खाता है। इसकी गणना हर सिक्योरिटी के वेटेज के आधार पर की जाएगी।

अहम बातें

- स्कीम के नाम में मुनाफे का दावा करने वाले शब्दों पर रोक।
- 'सॉल्यूशन ओरिएंटेड' स्कीमें बंद होंगी, नए निवेश पर रोक।
- 'लाइफ साइकल फंड्स' की शुरुआत, जो उम्र और लक्ष्य के हिसाब से निवेश बदलेंगे।
- MF को हर महीने बताना होगा कि स्कीमों के बीच निवेश में कितना 'ओवरलैप' है।
- विदेशी निवेश को अब अलग असेट क्लास नहीं माना जाएगा।

आंकड़ों पर एक नजर

- **5 कैटिगरी:** स्कीमों को इक्विटी, डेट, हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य में बांटा गया है।
- **95% निवेश:** इंडेक्स फंड, ईटीएफ और फंड ऑफ फंड्स (FoFs) के लिए कम से कम इतना निवेश अनिवार्य।
- **5 से 30 साल:** लाइफ साइकल फंड्स की मैच्योरिटी अवधि।
- **6 महीने:** सभी मौजूदा स्कीमों को नए नियमों के पालन के लिए दिया गया समय।

सिम कार्ड बिना WhatsApp नहीं चलेगा, 1 मार्च से नियम लागू होंगे

सरकार ने कहा, सिम बाइंडिंग की डेडलाइन नहीं टलेगी

■ NBT रिपोर्ट: संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को साफ कर दिया है कि वट्सऐप (WhatsApp) और सिग्नल (Signal) जैसे मैसेजिंग ऐप्स के लिए सिम बाइंडिंग (SIM Binding) के नियम लागू करने की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह फैसला देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसका मतलब यह है कि 1 मार्च से इन ऐप्स को अपने अकाउंट्स को सिम कार्ड से जोड़ना अनिवार्य होगा। अब ये ऐप्स केवल तभी काम करेंगे जब वह रजिस्टर्ड सिम कार्ड असल में उसी डिवाइस (फोन) में मौजूद हो और चालू हो। ET के मुताबिक, दूरसंचार विभाग (DoT) ने 28 नवंबर को साइबर सुरक्षा नियमों के तहत सभी ओटीटी (OTT) ऐप्स को इस नियम का पालन करने के लिए 90 दिनों का समय दिया था।

ज्योतिरादित्य सिंधिया

मेटा, गूगल और टेलीग्राम जैसी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों (IAMAI और BIF) ने इन नियमों का विरोध किया है।

कंटेंट क्रिएटर्स को भी हिस्सा दें डिजिटल प्लैटफॉर्म्स: वैष्णव

FILE

आम नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा की जिम्मेदारी इन्हीं की है।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सूचना-प्रसारण, रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि डिजिटल प्लैटफॉर्म्स को अपने पास दिखाए जाने वाले कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्हें कंटेंट बनाने वालों (क्रिएटर्स) और न्यूज ऑर्गनाइजेशन के साथ कमाई का उचित हिस्सा भी बांटना होगा। अगर कंटेंट बनाने वालों को उनकी मेहनत का सही पैसा नहीं मिला, तो भविष्य में नई सोच और इनोवेशन खत्म हो जाएगी।

राजधानी में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैष्णव ने एआई (AI) से बने कंटेंट को रेगुलेट करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का चेहरा, आवाज या व्यक्तित्व उसकी इजाजत के बिना एआई के जरिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा, प्लैटफॉर्म्स को अपने कंटेंट की जिम्मेदारी उठानी होगी। बच्चों और आम नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा की जिम्मेदारी इन्हीं की है।

उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा का सम्मान होना चाहिए और उसका सही मेहनताना मिलना चाहिए। समाज की प्रगति इसी बात पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लैटफॉर्म्स को न केवल बड़े समाचार संगठनों के साथ, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में काम करने वाले स्वतंत्र क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स, प्रोफेसरों और रिसर्चर्स के साथ भी कमाई का सही हिस्सा बांटना चाहिए। मंत्री ने कहा, अगर वे खुद से कदम नहीं उठाते, तो इसके लिए कानूनी रास्ते भी मौजूद हैं।

'बढ़ सकती है ग्रीन स्टील की मांग'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कान्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII)- ग्रीन बिजनेस सेंटर की ओर से विकसित और क्लाइमेट कैटालिस्ट के सहयोग से तैयार की गई एक नई उद्योग तत्परता आकलन रिपोर्ट में पाया गया कि भारत ग्रीन पब्लिक प्रोक्योरमेंट (GPP) को अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अगर इसे अनिवार्य बना दिया जाए तो इससे साल 2028 से प्रमाणित कम-कार्बन स्टील के लिए एक बड़ा बाजार बन सकता है। इसमें कहा गया कि सार्वजनिक खरीद पर हर साल 40-50 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और सरकारी योजनाओं में करीब 3.16 करोड़ टन स्टील की खपत होती है और इससे वित्त वर्ष 2024 में 7 करोड़ टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ। अध्ययन के अनुसार अगर केवल 26% का मामूली अनिवार्य लक्ष्य भी तय कर दिया जाए तो साल 2030 तक प्राथमिक और द्वितीयक स्टील उत्पादकों से 1.6 करोड़ टन प्रमाणित ग्रीन स्टील की मांग पैदा हो सकती है।

अनिल अंबानी, RCOM पर CBI ने नया केस दर्ज किया

PTI

रिलायंस ग्रुप चेयरमैन अनिल अंबानी गुरुवार को ED के सामने पेश हुए।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCOM) के खिलाफ एक नया केस दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ धोखाधड़ी की। इससे बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई बैंक से मंगलवार को मिली एक शिकायत के बाद की गई है। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि केस दर्ज करने के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशंस के रजिस्टर्ड दफ्तरों की तलाशी ली है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ की चपत लगाने का आरोप

FIR के मुताबिक, रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से जो लोन लिया था, उसे उस काम में नहीं लगाया गया जिसके लिए लिया गया था। यह बैंक खाता 2017 में ही NPA यानी डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था। हालांकि, अनिल अंबानी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक अर्जी दी थी, जिस पर अदालत ने इस खाते को 'फ्रॉड' घोषित करने पर रोक लगा दी थी। यह रोक 23 फरवरी 2026 को हटा दी गई, जिसके तुरंत बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिकायत दर्ज कराई और सीबीआई ने केस हाथ में ले लिया। सीबीआई ने बताया कि इससे पहले SBI की शिकायत पर आरकॉम के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया जा चुका है।



भारत आए US के मंत्री, ट्रेड पर गोयल से चर्चा

PTI

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल (बीच में), अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक (बाएं) और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक और भारत के लिए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से उनकी मुलाकात हुई और उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की।

गोयल और लुटनिक की यह मुलाकात अमेरिकी टैरिफ से बने हालात में अहम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए जवाबी टैरिफ वहां की सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने के बाद ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित सभी देशों पर 10% टैरिफ लगा दिया है।

इस घटनाक्रम के चलते भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से जुड़ा भारतीय अधिकारियों का अमेरिकी दौरा टल गया। 23 फरवरी से अमेरिका में इस पर बात होनी थी। दोनों देशों ने 7 फरवरी को संयुक्त बयान जारी किया था और मार्च के मध्य तक समझौते की कानूनी बातों को अंतिम रूप देने की तैयारी है। इससे पहले गोयल ने कहा था कि अप्रैल में अंतरिम व्यापार समझौता लागू करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस हफ्ते मंगलवार को उन्होंने कहा था कि अमेरिका में टैरिफ की तस्वीर जैसे ही ज्यादा साफ होगी, भारत यह बातचीत दोबारा शुरू करेगा।

लुटनिक भारतीय मूल के अरबपति अमेरिकी बिजनेस एग्जिक्यूटिव की बेटी की शादी के सिलसिले में भारत आए हैं। यूपी में जन्मे और गूगल सहित कई बड़ी कंपनियों में ऊंचे ओहदों पर रह चुके इन टॉप बिजनेस एग्जिक्यूटिव की बेटी की शादी इसी हफ्ते भारत में होनी है।

गोयल ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका के कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। हमारी आर्थिक और व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत सार्थक चर्चा हुई।'

इस्राइल से FTA पर बातचीत का दूसरा दौर मई में

भारत और इस्रायल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर दूसरे दौर की बातचीत मई में करेंगे। यह वार्ता इस्रायल में होगी। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार से शुरू हुआ वार्ता का पहला दौर गुरुवार को पूरा हुआ। दोनों देशों ने FTA के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर पिछले साल नवंबर में दस्तखत किए थे।

इंपोर्टर्स के लिए मार्च से नई सुविधा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट में की गई घोषणा के मुताबिक मैन्युफैक्चरर-इंपोर्टर्स को अगले महीने से एक अहम सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। ये आयातक आयात के दिन माल उठा सकेंगे और उनके पास 30 दिनों में कस्टम्स ड्यूटी चुकाने का विकल्प होगा। रेवेन्यू डिपार्टमेंट अगले महीने से यह सुविधा शुरू करेगा। एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा था कि मैन्युफैक्चरर-इंपोर्टर्स को ऑथराइज्ड इकनॉमिक ऑपरेटरों जैसी ही ड्यूटी डेफरल फैसिलिटी मिलेगी। नैशनल सिंपोजियम ऑन कस्टम्स रिफॉर्म्स-26 में संबोधन में रेवेन्यू विभाग में संयुक्त सचिव (कस्टम्स) अनुपम प्रकाश ने कहा कि 30 दिनों की ड्यूटी डेफरल फैसिलिटी मार्च से शुरू होगी, इन आयातकों को लिक्विडिटी के मामले में आसानी होगी।

सेंसेक्स 27 अंक गिरा, सोना-चांदी हुए सस्ते

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : गुरुवार को सेंसेक्स 27.46 अंक गिरकर 82,248.61 पर बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक और कुछ दूसरी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की वजह से बाजार पर दबाव बना रहा। दूसरी ओर, NSE निफ्टी केवल 14.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,496.55 पर बंद हुआ।

वहीं, दिल्ली में चांदी की कीमतों में 7,400 रुपये की बड़ी गिरावट आई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी का भाव करीब 3 प्रतिशत (7,400 रुपये) गिरकर 2,70,500 रुपये प्रति किलो पर आ गया। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत करीब 1 प्रतिशत (1,300 रुपये) घटकर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

मेरा गांव, मेरे पास

बिहार में बोले शाह- हर घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे

कहा, BJP पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दर्ज करेगी जीत

■ भाषा, अररिया: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विश्वास जताया कि बीजेपी पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करके राज्य से हर घुसपैठिये को बाहर निकालेगी। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में शामिल है। शाह ने यह टिप्पणी बिहार के अररिया जिले में की, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालना बीजेपी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ये लोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि आम लोगों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उनके प्रभाव को भी कम करते हैं। घुसपैठ से जनसांख्यिकीय में परिवर्तन का भी खतरा है, जो किसी क्षेत्र की संस्कृति और यहां तक कि उसके

भूगोल को भी प्रभावित कर सकती है। गृहमंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन को निरस्त करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है, जो सबसे अधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करेगी।

बिहार सहित 3 राज्यों का किया खास जिक्र

उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल वे राज्य हैं, जो जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित हैं। शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत इसी सीमांचल क्षेत्र से होगी, जहां मुझे कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव के दौरान चार दिन रहने का अवसर मिला था। मैं राज्य की जनता को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) को प्रचंड जनादेश देने के लिए धन्यवाद देता हूं। बीजेपी ने विरोधियों की आलोचना के बावजूद घुसपैठ के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। शाह ने कहा कि घुसपैठ रोकने में एसएसबी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

'जिन लोगों को रंग से परहेज, वे होली के दिन अपने घर में रहें'

■ भाषा, गोंडा: रमजान के दौरान होली के पर्व की तैयारियों के बीच गोंडा जिले में अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने हिदायत दी है कि जिन्हें रंग से परहेज है वे होली के दिन अपने घर में ही रहें। होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले की कर्नलगंज कोतवाली में आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस प्रशासन ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की है।

गोंडा जिले में अपर पुलिस अधीक्षक की हिदायत

बैठक को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने कहा कि होली मस्ती का पर्व है। यह पर्व नहीं देखता कि कौन हिंदू है, कौन मुसलमान, ईसाई या सिख। यह बस देखता है कि होली है। सामने हमारा भाई है और हम उस पर रंग डालेंगे। कुछ लोग 'हैप्पी मूड' में रहते हैं, जिन्हें उस वक्त समझाना संभव नहीं होता है इसलिए जिन लोगों को रंग से आपत्ति हो, उनका घर से न निकलना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है।

पवित्र रमजान माह और होली एक ही समय पर होने के मद्देनजर बैठक में राय ने कहा कि शाम के वक्त जब सब गले मिलते हैं तो इस बार मुस्लिम भाई हिंदू पड़ोसियों द्वारा लाई गई गुझिया से ही अपना रोजा खोलकर सौहार्द का संदेश दे सकते हैं।

शंकराचार्य केस: जांच में पीड़ितों के साथ रेप की पुष्टि!

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: नाबालिग बटुकों से कथित यौन शोषण के आरोपों में घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इस बीच पुलिस द्वारा कराई गई मेडिकल जांच रिपोर्ट में पीड़ित बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। बुधवार को पुलिस ने दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया था, जिसकी रिपोर्ट में कुकर्म की पुष्टि होने की बात कही जा रही है। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी दावा किया है कि रिपोर्ट में यौन शोषण के संकेत स्पष्ट रूप से दर्ज हैं।

आज होगी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई

इस बीच पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। पुलिस की सक्रियता को देखते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्य मुकुंदानंद ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होनी है। पुलिस इस याचिका का विरोध करेगी और इसके समर्थन में अदालत में पुलिस मेडिकल रिपोर्ट और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों को प्रस्तुत कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, मेडिकल रिपोर्ट को अहम साक्ष्य के तौर पर केस डायरी में शामिल किया जा रहा है। पुलिस बच्चों के बयान दर्ज करने और मेडिकल के बाद अब दूसरे सबूत इकट्ठा करने में जुटी है।

बिहार: स्टेज पर दुल्हन को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

■ आईएएनएस, बक्सर: बिहार के बक्सर जिले के चौसा में जयमाला के दौरान दुल्हन को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दीनबंधु के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना 24 फरवरी की है, जब एक शादी समारोह के दौरान अचानक दुल्हन को गोली मारी गई। घटना में शामिल आरोपी दीनबंधु चौधरी को समाहरणालय बक्सर के पास से गिरफ्तार किया गया। जब पूछताछ की गई तो गिरफ्तार आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी दुल्हन का पड़ोसी था। उसके द्वारा बताया गया कि एकतरफा प्रेम-प्रसंग को लेकर उसने युवती को गोली मारी है।

एकतरफा प्रेम में मारी थी गोली

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP14 User: cci Time: 02-26-2026 23:14 Color:

NBT **AI टाइम मशीन**

न्यूट्रॉन की खोज से पड़ी परमाणु की नींव

आज ही के दिन 1932 में जेम्स चैडविक (James Chadwick) की न्यूट्रॉन से जुड़ी खोज 'नेचर' मैगजीन में छपी। इस खोज के बाद ही दुनिया को समझ आया कि परमाणु (Atom) के भीतर अपार शक्ति छिपी है। इसी से आगे चलकर परमाणु बम बने और परमाणु बिजली घरों से बिजली बनाना मुमकिन हुआ। कैंसर के इलाज और पुरानी चीजों की उम्र पता लगाने (कार्बन डेटिंग) में भी इसी का हाथ है।

NBT

आगे होंगे छोटे, स्मार्ट परमाणु रिएक्टर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में परमाणु ऊर्जा बेहद सुरक्षित, सस्ती और लगभग असीमित स्रोत बन चुकी होगी। छोटे-छोटे स्मार्ट रिएक्टर शहरों, गांवों और यहां तक कि अंतरिक्ष स्टेशनों को भी ऊर्जा देंगे। रेडियोएक्टिव कचरा लगभग खत्म या दोबारा इस्तेमाल होने लगेगा। AI सिस्टम न्यूक्लियर प्लांट को खुद मॉनिटर और कंट्रोल करेंगे। ऊर्जा की कमी बीती बात होगी और तकनीक इंसानी जीवन को ज्यादा आसान, तेज और टिकाऊ बना चुकी होगी।

AI Images

फ्लाइट बुकिंग के बाद 48 घंटे के भीतर एयर टिकट कैंसल कराया तो नहीं लगेगा चार्ज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

हवाई यात्री बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना अतिरिक्त शुल्क के टिकट कैंसल या उसमें बदलाव कर सकते हैं। केवल बदली हुई फ्लाइट के लिए लागू सामान्य किराये का अंतर ही यात्री को देना होगा। डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ यह आदेश जारी किया है, जो गुरुवार से लागू हो गया। डीजीसीए के मुताबिक, टिकट रिफंड को लेकर यात्रियों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। आदेश में कहा गया है कि एयरलाइन को बुकिंग के बाद यात्रियों को 48 घंटे तक लुक-इन विकल्प देना होगा।

> बिना शुल्क के टिकट रद्द या कर सकते हैं बदलाव

डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ आदेश जारी किया, गुरुवार से लागू

यह सुविधा घरेलू उड़ान में प्रस्थान से 7 दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय में 15 दिन से कम शेष होने पर (जब बुकिंग एयरलाइन की वेबसाइट से हो) उपलब्ध नहीं होगी। रिफंड राशि को क्रेडिट शेल में रखना यात्री की इच्छा पर होगा। यह सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट (CAR) नियम भारत से या भारत को संचालित सभी एयरलाइंस पर लागू होगी। नियमों के अनुसार, क्रेडिट कार्ड से भुगतान हुआ तो टिकट रद्द करने की तारीख से सात दिनों के भीतर उसी में रिफंड करना होगा। कैश भुगतान के मामलों में एयरलाइन काउंटर पर तुरंत रिफंड देना होगा।

अगर टिकट ट्रैवल एजेंट या पोर्टल से बुक हैं तो एयरलाइन को 14 वर्किंग दे में रिफंड करना होगा। इसके अलावा टिकट के नाम में 24 घंटे के भीतर बताई गई गलती पर कोई चार्ज नहीं लगेगा। मेडिकल इमरजेंसी में मैं एयरलाइन रिफंड या क्रेडिट शेल दे सकती है। अन्य मामलों में फिटनेस-टु-ट्रैवल प्रमाणपत्र पर विशेषज्ञ राय के बाद रिफंड होगा। विदेशी कैरियर अपने देश के नियमों के अनुसार रिफंड करेंगे। लेकिन भुगतान माध्यम संबंधी प्रक्रिया इन्हीं मानकों के अनुरूप रहेगी।

CUET-UG में 15 लाख से अधिक का रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG) के लिए 23-26 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया दोबारा शुरू हुई थी। इसके बाद 15 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के मुताबिक, दोबारा रजिस्ट्रेशन शुरू करने के लिए दो हजार से ज्यादा ईमेल मिली थीं। पहले 14.64 लाख रजिस्ट्रेशन हुए थे और अब यह संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है। एंट्रेंस टेस्ट 11-31 मई के बीच होगा। एनटीए के सूत्रों का कहना है कि सीयूईटी में एक छात्र अधिकतम पांच विषयों की परीक्षा दे सकता है, ऐसे में यही कोशिश की जाएगी कि कैंडिडेट की पसंद के मुताबिक ही शहर में सेंटर अलॉट हो। छात्रों ने जो शहर चुने हैं, उसी शहर में ही सेंटर अलॉट किया जाएगा।

रेलवे में सुधार के लिए आइडिया दें स्टार्टअप, मिलेगी 50% तक ग्रांट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रेलवे में सुरक्षा, साफ-सफाई और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को दो बड़े सुधारों की घोषणा की। पहली पहल के तहत 'रेल टेक पॉलिसी' लॉन्च की गई और 'रेल टेक' नाम से एक पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर इनोवेटर्स और स्टार्टअप एआई की मदद से अपने आइडिया अपलोड कर सकते हैं। रेलवे को जो आइडिया पसंद आएगा, उसे 50 परसेंट तक की ग्रांट दी जा सकती है। इससे नए-नए स्टार्टअप वालों को भी बड़ा फायदा मिल सकेगा।

> रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दो सुधारों का किया ऐलान

रेल मंत्री ने बताया कि इस पोर्टल का मकसद रेलवे के हर क्षेत्र में सेवाओं को आगे बढ़ाना है। सबसे ज्यादा फोकस सुरक्षा पर रहेगा। ट्रैक में दरार, कोच में आग, सिग्नलिंग की समस्या या ट्रेनों की टक्कर रोकने जैसे मुद्दों पर बेहतर सुझाव देने वालों को मौका दिया जाएगा। पोर्टल पर एआई आधारित कोच में आग का पता लगाने, ट्रेन की टक्कर से हाथियों को बचाने, ड्रोन से ट्रैक की जांच करने और साफ-सफाई में एआई के इस्तेमाल जैसे आइडिया भी साझा किए जा सकते हैं। वहीं, रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल सिस्टम को पूरी तरह डिजिटल किया जा रहा है। अब e-RCT के जरिये कोई भी पीड़ित कभी भी और कहीं से अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। यह सिस्टम 24 घंटे खुला रहेगा। रेल दुर्घटना या अन्य दावों से जुड़े मामलों में शिकायत, दलीलों की पेशी और रियल टाइम ट्रैकिंग डिजिटल तरीके से होगी। केस की जानकारी एसएमएस और ई-मेल से मिलेगी। ट्रिब्यूनल हाइब्रिड मोड में चलेगा।

SPEED News

सऊदी अरब ने 40 देशों से मुर्गी और अंडे के आयात पर बैन लगाया है। इनमें भारत भी शामिल है। बताया कि जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए ये कदम उठाया गया है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि वह हालिया पाकिस्तानी हवाई हमलों का जवाब देगी। अफगान नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप भी लगाया।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने कहा कि उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा को किसी भी तरह का खतरा हुआ, तो परमाणु-संपन्न उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया को पूरी तरह से मिटा सकता है।

US में नमाज के दौरान मस्जिद में कुल्हाड़ी लेकर घुसने के मामले में मैनचेस्टर पुलिस ने दूसरी गिरफ्तारी की है। ये घटना मंगलवार को हुई थी। पुलिस ने कहा, इस दौरान किसी को धमकी और हिंसा की खबर नहीं है।

ला ला लैंड में जी रहा पाक: भारत

■ NBT रिपोर्ट: भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अगर उसे यह विश्वास करना मुश्किल हो रहा है कि जम्मू-कश्मीर का विकास बजट हाल में IMF से मांगे गए उसके बेलआउट पैकेज से दोगुना से अधिक है, तो वह या तो 'ला ला लैंड' में है या 'भ्रम' में जी रहा है। दोहराया कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

'एप्सटीन फाइल की समीक्षा जारी'

■ एपी, वॉशिंगटन: अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वह जांच कर रहा है कि जेफ्री एप्सटीन से जुड़ी फाइलों के कुछ दस्तावेज अनुचित रूप से रोके तो नहीं गए। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक महिला के डॉनल्ड ट्रंप पर लगाए आरोपों से जुड़े एफबीआई इंटरव्यू रिकॉर्ड जारी दस्तावेजों में शामिल नहीं थे। मंत्रालय ने कहा कि वह सभी संबंधित फाइलों की समीक्षा कर रहा है।

मोदी बोले-आतंकवाद नामंज़ूर, मानवता संघर्ष की शिकार न बने

इस्राइल में UPI, फाइनेंशल डायलॉग, एजुकेशन में AI... इस्राइल से कई करार

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री मोदी ने इस्राइल में द्विपक्षीय बातचीत के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को ग्लोबल साउथ और मानवता की पुकार बताया। पीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता से भारत के हित जुड़े हैं। इसके अलावा पीएम ने आतंकवाद को नामंजूर बताया है। कहा, हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं, और आगे भी करते रहेंगे।

गाजा पीस प्लान का जिक्र करते हुए कहा कि मानवता संघर्ष की पीड़ित नहीं बननी चाहिए। गाजा शांति योजना से एक रास्ता बना है। भारत ने इन कोशिशों का पूरा समर्थन किया है। भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे।

> बोले, पश्चिम एशिया में शांति से भारत का हित

इस्राइल और भारत के संबंधों पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। दोनों देशों ने इस साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। पीएम ने कहा कि दोनों देशों का आर्थिक सहयोग ग्रोथ, इनोवेशन और साझी समृद्धि का इंजन बना हुआ है।

भारत-इस्राइल ने तकनीक, AI से लेकर कृषि और रिसर्च में साझेदारी को और गहरा करते हुए करीब 16 करार किए।

तकनीक, AI, खेती... दोस्ती गहराई

भारत और इस्राइल ने तकनीक, AI से लेकर कृषि और रिसर्च में अपनी मौजूदा साझेदारी को और गहरा करते हुए करीब 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई। दोनों देशों ने रिश्तों को भारत इस्राइल विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि पीएम के इस दौरे का फोकस टेक्नॉलजी में सहयोग रहा। दोनों ने टेक, रिसर्च, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नॉलजी, डिफेंस, कृषि, इकॉनमी और पीपल टू पीपल रिश्तों को और गहरा किया।

बातचीत में तकनीक पर रहा फोकस

दोनों देशों की बातचीत में तकनीक फोकस में रही, इसमें साइबर सिक्योरिटी, इनोवेशन और AI, रिसर्च और स्टार्ट अप शामिल हैं। विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने का फैसला लिया गया। इससे इस क्षेत्र में समन्वय में मदद मिलेगी।

एक्सिलेंस सेंटर बढ़ेंगे

भारत में इस्राइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर फैसला। भारत में भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना होगी।

शांति का संदेश दिया

विदेश सचिव ने बताया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने ईरान और अमेरिका के मौजूदा तनाव को लेकर बातचीत की। शांति से बातचीत पर जोर दिया। कहा, गाजा के पुनर्निर्माण में भी भूमिका देख रहे हैं।

न्योता दिया

इस्राइली राष्ट्रपति से भी मिले मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-इस्राइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने इस्राइल के राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता भी दिया।

FTA पर वार्ता का दूसरा दौर मई में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत और इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर दूसरे दौर की बातचीत मई में करेंगे। यह वार्ता इस्रायल में होगी। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार से शुरू हुआ वार्ता का पहला दौर गुरुवार को पूरा हुआ। दोनों देशों ने FTA के टर्म्स ऑफ रेफरेंस पर पिछले साल नवंबर में दस्तखत किए थे। दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 3.62 बिलियन डॉलर का था।

आज से भारत दौरे पर कनाडा के PM कार्नी

कनाडा के पीएम 2 मार्च तक भारत में रहेंगे। इस दौरान मोदी से भी मिलेंगे

■ पीटीआई, नई दिल्ली

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च तक भारत के पहले आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। वे मुंबई में कारोबारी कार्यक्रमों में भाग लेकर उद्योग जगत और निवेशकों से मुलाकात करेंगे। 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। इससे पहले कनाडा सरकार ने भारत से जुड़े आरोपों को खारिज किया है। इससे पहले कार्नी सरकार के अधिकारी ने भारत को क्लीन चिट देते हुए कहा कि कनाडा में हो रहे अपराध से भारत का कोई लेना-देना नहीं है।

> कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा से भारत को क्लीन चिट

विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के पीएम पहले संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जता चुके हैं, जो एक-दूसरे की चिंताओं और संवेदनशील मुद्दों पर पारस्परिक सम्मान, मजबूत जन-संबंधों और बढ़ती आर्थिक परस्पर पूरकता पर आधारित होगी।

रिश्तों को फिर पटरी पर लाने की कवायद

इस यात्रा का उद्देश्य मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देना है। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभावित भारतीय संलिप्तता के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद संबंध बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए थे। भारत ने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

कल से देश में सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगेगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार 28 फरवरी से देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के अजमेर से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसके तहत 14 साल की करीब 1.15 करोड़ किशोरियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी।

> PM मोदी करेंगे शुरुआत

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी पत्र के अनुसार, लॉन्च कार्यक्रम से सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश वर्चुअली जुड़ेंगे और उसी दिन अपने-अपने स्तर पर टीकाकरण शुरू करेंगे। यह अभियान तीन माह तक चलेगा।

28 फरवरी को जिन लड़कियों की उम्र 14 साल हो गई है और इसके अलावा जिनकी उम्र 15 साल नहीं हुई है, वे भी टीका लगवा सकती हैं। टीकाकरण अभियान के दौरान पात्र लड़कियों की उम्र 14 से 15 साल के बीच में होनी चाहिए।

AI Image

हर साल 80 हजार मामले, 42 हजार मौतें

आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल करीब 80 हजार महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामले आते हैं। लगभग 42 हजार महिलाओं की इससे मौत हो जाती है। अधिकांश मामले ह्यूमन पैपिलोमावायरस संक्रमण से जुड़े होते हैं, जिसे टीकाकरण से रोका जा सकता है।

'जरूर लगवाएं'

एम्स भटिंडा की प्रेसिडेंट पद्मश्री डॉ. नीरजा बाटला के मुताबिक, एचपीवी का टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी है। सभी पात्र किशोरियों को टीका लगवाना चाहिए। 30 साल की उम्र के बाद महिलाओं को कम से कम एक बार सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग जरूर करानी चाहिए, ताकि बीमारी का समय रहते पता लगाया जा सके।

कहां लगेगा टीका?

किशोरियों को गार्डासिल-4 वैक्सीन की एक डोज दी जाएगी। टीकाकरण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में किया जाएगा। सभी केंद्रों पर प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ और सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सरकार टीकाकरण के जरिये सर्वाइकल कैंसर रोकना चाहती है।

जिनीवा में बातचीत, परमाणु पर ईरान का अमेरिका को ऐतिहासिक प्रस्ताव

■ NBT रिपोर्ट

ईरान ने गुरुवार को जिनीवा में हुई परमाणु मुद्दे पर अप्रत्यक्ष बातचीत के तीसरे दौर के दौरान अमेरिका को एक नया प्रस्ताव दिया है। तेहरान ने इसे वॉशिंगटन की कूटनीतिक कमिटमेंट का 'प्रैक्टिकल टेस्ट' बताया है। TOI के अनुसार, ईरानी वार्ताकारों का कहना है कि इस प्रस्ताव का मकसद अमेरिका की उन चिंताओं को दूर करना है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम की प्रकृति को लेकर हैं। उनका दावा है कि ईरान की परमाणु गतिविधियां शांतिपूर्ण हैं और प्रस्ताव इसी बात को साबित करने के लिए है। अधिकारियों के अनुसार यह पेशकश उन 'बहानों' को खत्म करने की कोशिश है, जिनका हवाला देकर अमेरिका ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर सवाल उठाता रहा है। तेहरान ने चेतावनी दी है कि अगर इस प्रस्ताव को खारिज किया जाता है, तो इसे इस बात के सबूत के तौर पर देखा जाएगा कि वॉशिंगटन वास्तव में कूटनीतिक समाधान नहीं चाहता।

ओमान के विदेश मंत्रालय ने बातचीत की तस्वीर शेयर की।

बढ़ रहे तनाव के बीच बातचीत अहम

अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में कई युद्धपोत और फाइटर जेट डिपलॉय किए हैं और लगातार ईरान पर हमले की धमकी दे रहे हैं। इस तनाव के बीच वॉशिंगटन और तेहरान के बीच अहम बातचीत गुरुवार को स्विटजरलैंड के जिनीवा में हुई। अमेरिका की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुशनर हिस्सा ले रहे हैं, जबकि ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराघची मौजूद हैं। ये अप्रत्यक्ष बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उस पर लगे प्रतिबंधों में संभावित राहत के मुद्दे पर केंद्रित है।

नौसेना में शामिल होगा INS अंजदीप

■ **NBT रिपोर्ट:** भारतीय नौसेना में आईएनएस अंजदीप (INS Anjadip) शामिल होने जा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) द्वारा निर्मित इस एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (ASW-SWC) कार्वेट के लिए स्पेशल ग्रेड स्टील की पूरी सप्लाई की है। सेल ने आठ ASW-SWC जहाजों के लिए करीब 3,500 टन स्टील बोकारो, भिलाई और राउरकेला प्लांट्स से दी है। इससे पहले आईएनएस अरनाला और आईएनएस एंड्रोथ शामिल हो चुके हैं।

एयरफोर्स ने दिखाया S-400 का एक्शन मोड

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली** : इंडियन एयरफोर्स ने गुरुवार को विडियो जारी किया, जिसमें पहली बार S-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को एक्शन करते हुए दिखाया गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' का साफ संकेत देते हुए, मिसाइल को मिलिट्री इतिहास में अब तक का सबसे लंबी दूरी का एयर किल करने वाली बताया गया।

रूस से लिए गए S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पिछले साल मई में पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में अहम भूमिका निभाई थी। इस सिस्टम ने लगभग 300 किलोमीटर दूर पाकिस्तानी क्षेत्र के अंदर पाकिस्तान एयरफोर्स के एक विमान को मार गिराया था। विडियो में एयरफोर्स ने कहा कि 'दुश्मन हमारी पहुंच से बाहर हो सकता है, लेकिन हमारी नजर से कभी बाहर नहीं।'

एक्सरसाइज से पहले एयरफोर्स ने S 400 का विडियो शेयर किया।

रडार में जेट आते ही सिस्टम एक्टिव

विडियो में रडार पर एक आते हुए जेट की पहचान और उसके बाद एयर डिफेंस सिस्टम के सक्रिय होने की प्रक्रिया दिखाई गई है। हालांकि ये विडियो ऑपरेशन सिंदूर का नहीं है और एयरफोर्स ने इसे वायुशक्ति एक्सरसाइज से पहले रिलीज किया है। वायुशक्ति एक्सरसाइज शुक्रवार यानी आज पोखरण में होनी है।

पोखरण रेंज में दिखेगा एयरफोर्स का दमखम

पाकिस्तान बॉर्डर के पास पोखरण रेंज में एयरफोर्स अपनी ताकत का शुक्रवार को प्रदर्शन करेगी। एक्सरसाइज वायुशक्ति के जरिए अपनी अत्याधुनिक युद्ध क्षमता, स्वदेशी इनोवेशन और एकीकृत युद्ध तैयारी की झलक दिखाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किस तरह एयरफोर्स ने पाकिस्तान को सबक सिखाया, ये भी दिखेगा। राफेल, मिराज, जगुआर जैसे कई एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। एयरफोर्स इससे प्रतिरोध (डिटरेंस) का संदेश देगी और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर पेश करेगी।

कुलदीप सेंगर के भाई की मेडिकल बोर्ड से जांच हो: HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप सिंह सेंगर की स्वास्थ्य स्थिति की स्वतंत्र जांच के लिए एम्स में एक मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया है। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंदर डुडेजा की डिवीजन बेंच सेंगर की उस अर्जी पर विचार कर रही थी, जिसमें पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में उसकी सजा मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम रूप से सस्पेंड करने की मांग की गई। सेंगर ने दावा किया कि वह गंभीर और जानलेवा मेडिकल कंडीशन से जूझ रहा है।

> जयदीप की स्वास्थ्य जांच के लिए बोर्ड बनाने का निर्देश

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK2 User: tushar.darekar@timesofindia.co Time: 02-26-2026 21:40 Color:

SAMSUNG

Galaxy S26 Series

Galaxy AI

Pre-order now at ₹ 69999* (1 unit)

Retail price of Galaxy S26 Ultra (512GB)	₹ 159999#
Exchange value of old device	₹ 70000~
Memory upgrade benefit	₹ 20000~~
Effective price (1 unit)	**₹ 69999***

Free memory upgrade~~ 256GB to 512GB

Get up to ₹ 3500** off on Galaxy Buds4 Series with any model of Galaxy S26 Series.

HDFC BANK | BAJAJ FINSERV | IDFC FIRST Bank | TVSCREDIT | Samsung Finance+

Offer valid till Mar 10, 2026

samsung.com

Scan to know more

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 18005726786 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated. Products sold separately. S Pen embedded only in Galaxy S26 Ultra. Samsung account login may be required for certain AI features. Actual UX/UI may differ. Samsung promotes responsible use of Artificial Intelligence (AI) features. *T&C apply. Offer price shown for 1 unit of Galaxy S26 Ultra 12GB | 512GB inclusive of exchange value of old device and memory upgrade benefit as detailed further below. Final pricing subject to dealer discretion. #Retail price of 1 unit of Galaxy S26 Ultra 12GB | 512GB. Price inclusive of taxes. ~Approximate value on exchange of 1 unit of Galaxy S24 Ultra 12GB | 512GB. Exchange value varies basis model & condition of old device. Exchange at the sole discretion of dealer. ~~Value of memory upgrade benefit from 256GB to 512GB. Pre-order customers of S26 Ultra 256GB are eligible for benefits of memory upgrade from 256GB to 512GB worth ₹ 20000. **Discount of up to ₹ 3500 is applicable on purchase of Galaxy Buds4 Series together with any model of Galaxy S26 Series. Aforesaid calculations are for illustrative purposes, final price at the sole discretion of retailer. Offer may be revised or withdrawn without any prior notice. All third party logos/brands are trademarks/registered trademarks of the respective brand/company.

Chell-30375/26

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-26-2026 23:17 Color:

महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 > फाल्गुन 8, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 49 > मूल्य ₹6.00 > पेज 16 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

...एक-दूजे के हो गए विजय और रश्मिका ▸p11

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

यह मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा वक्त है: मोना सिंह ▸p11

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
7.40%
666 दिन सावधि जमा
ऑफर सीमित समय के लिए
(अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए)

इस्त्राइल से रणनीतिक साझेदारी, UPI भी चलेगा

PMO



'याद वाशेम' पीएम मोदी ने नाजी शासन में मारे गए यहूदियों को गुरुवार को श्रद्धांजलि दी।

फ्यूचर टेक प्रधानमंत्री मोदी यरूशलम में टेक प्रदर्शनी में भी गए। वहां कई इस्राइली कंपनियों ने उन्हें अपने नए प्रॉडक्ट्स दिखाए।

भारत का रुख साफ है, मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। गाजा पीस प्लान से शांति का रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का समर्थन किया है। –नरेन्द्र मोदी, पीएम

भविष्य नई तकनीक का है। इस्राइल और भारत नई तकनीक पर जोर दे रहे हैं। दोनों महान सभ्यताएं हैं। वे भविष्य बेहतर बनाने के लिए भी तैयार हैं। –बेन्यामिन नेतन्याहू, इस्राइली पीएम

मोदी-नेतन्याहू की बैठक में हुए 16 समझौते

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत और इस्राइल मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को जल्द अंतिम रूप देंगे। रक्षा क्षेत्र में साझा डिवेलपमेंट, प्रॉडक्शन और टेक्नॉलजी ट्रांसफर पर काम करेंगे। संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देंगे। भारत का UPI पेमेंट सिस्टम इस्राइल में भी चलेगा। ...प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इस्राइली पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu) के बीच बैठक में रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, AI, तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में ऐसे 16 समझौतों और सहमति पत्रों पर मुहर लगी। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता से भारत के हित जुड़े हैं। हम कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) और I2U2 (भारत-इस्राइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल ने क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी पर साझेदारी का फैसला लिया है। इससे AI, क्वांटम और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस में भी सहयोग बढ़ाएंगे। डिजिटल हेल्थ में भारत अनुभव साझा करेगा। ▸▸ पेज 14

FTA को अंतिम रूप जल्द, तकनीक ट्रांसफर होगी

इंस्टा पर मोदी के फॉलोअर्स 10 करोड़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन यानी 10 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले मोदी पहले ग्लोबल लीडर और राजनेता हैं। मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। उनके फॉलोअर्स US राष्ट्रपति ट्रंप से दोगुने हैं। ट्रंप (4.32 करोड़) दूसरे नंबर पर हैं। इंडोनेशिया के प्रेजिडेंट प्रबोवो सुबियांटो (1.5 करोड़), ब्राजील के लूला (1.44 करोड़) और तुर्किये के अर्दोआन के 1.16 करोड़ फॉलोअर्स हैं।

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 12

अंतर्ज्ञान

ध्यान किसी तकनीक का नाम नहीं, बल्कि भीतर की यात्रा का द्वार है। जब आप सांस पर लौटते हैं, आप मन के जाल से बाहर निकलने लगते हैं। ध्यान आपको बदलता नहीं, वह आपको आपकी असली अवस्था में वापस लाता है। धीरे-धीरे मन के परदे हटते हैं और भीतर की रोशनी दिखने लगती है। ध्यान वही स्थान है, जहां आत्मा को घर जैसा लगता है। और जब आप भीतर लौट आते हैं, बाहर की दुनिया अपना असर खो देती है। ध्यान वह स्पेस है, जहां मन थमता है और चेतना जागती है। ध्यान में आप समझते हैं कि आप विचार नहीं, विचारों के साक्षी हैं। ध्यान मन की गहराइयों में छिपे तनाव को घुला देता है।

मुकद्दस रमज़ान

इफ्तार शुक्रवार
सुन्नी 6:45 PM
शिया 6:55 PM

सहरी शनिवार
सुन्नी 5:45 AM
शिया 5:35 AM

'जुडिशरी में करप्शन' वाली किताब सुप्रीम कोर्ट से बैन

SC ने कहा- छपी किताबें ज़ब्त करें, डिजिटल कॉपी हटाएं

राजेश चौधरी/भूपेंद्र शर्मा

■ **नई दिल्ली:** 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' पर अध्याय वाली NCERT की 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'पूरी तरह प्रतिबंध' लगा दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि यह जुडिशरी को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, क्यों न अवमानना की कार्रवाई शुरू हो

कोर्ट ने इस अध्याय वाली किताब छापने और बेचने पर पूरी तरह बैन का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उन्हें जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। क्यों न इस मामले में अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन के सचिव और NCERT के डायरेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा।

उन्होंने गोली चला दी है, न्यायपालिका लहूलुहान हो रही है। संस्थान के प्रमुख के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि इसके जिम्मेदार लोगों का पता लगाया जाए। - चीफ जस्टिस सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट

8वीं की सोशल साइंस की किताब में है 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाला अध्याय।

24 फरवरी को प्रकाशित खबरों पर SC ने नोटिस लेते हुए यह सुनवाई की।

बिना शर्त माफी को कोर्ट ने नाकाफी बताया

'लोगों का भरोसा कमज़ोर होगा'

सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शिक्षा मंत्रालय की ओर से बिना शर्त माफी मांगी। लेकिन कोर्ट ने किताब के कंटेंट का उल्लेख करते हुए कहा कि NCERT का माफी मांगना पर्याप्त नहीं है। ऐसा मिस कंडक्ट, जिसका न्यायपालिका पर स्थायी प्रभाव पड़ सकता है, आपराधिक अवमानना की परिभाषा में आएगा। अगर इसे बेकाबू छोड़ दिया गया, तो इससे जनता का जुडिशरी पर भरोसा कमजोर होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि हम जांच करेंगे कि NCERT का सार्वजनिक रूप से खेद जताना वास्तविक है या आपराधिक दायित्व से बचने का प्रयास मात्र है।

शिक्षा मंत्री ने खेद जताया, कहा- कड़ी कार्रवाई होगी

8वीं की किताब पर सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मैं खेद व्यक्त करता हूं। NCERT से संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी और ऐसी स्थिति फिर न बने सरकार इसका ध्यान रखेगी। 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाले चैप्टर को तैयार करने वाली कमिटी के सदस्यों पर एक्शन लिया जाएगा। जैसे ही यह हमारी जानकारी में आया तो किताबों को वापस करवाया गया। हमने शिक्षा सचिव से पता लगाने को कहा है कि किसने किताब में इस गैर-जिम्मेदाराना चैप्टर को जोड़ा है। उस पर कार्रवाई हो। बताते हैं, NCERT भी पता लगा रही है कि किसकी वजह से यह गलती हुई और इसके जिम्मेदार लोगों और प्रोसेस की भी पहचान कर रहे हैं। इससे पक्का होगा कि भविष्य में इस तरह की गलती न हो।

जिंबाब्वे को मात, सेमीफाइनल की रेस में भारत, अब वेस्टइंडीज को हराना होगा

TOI

जीत के हीरो हार्दिक पंड्या ने 50* और तिलक वर्मा ने 44* रन बनाए।

■ भारत ने T20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में जिंबाब्वे को 72 रन से मात दी। भारत ने 256 रन बनाए, जो T20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। जिंबाब्वे 184 रन ही बना सका। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए रविवार को वेस्टइंडीज को हराना होगा। ▸▸ पेज 12

आज का मैच
इंग्लैंड vs न्यूजीलैंड
कोलंबो, शाम 7 बजे से
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

पिछले 10 वर्षों में 3 गुना बढ़ी अर्थव्यवस्था: CM

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** राज्यपाल के अभिभाषण पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, पिछले 10 वर्षों में महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 3 गुना बढ़ी है। 2012-13 में अर्थव्यवस्था ₹13 लाख करोड़ थी, जो 10 वर्षों में बढ़कर ₹51 लाख करोड़ पहुंच गई। सरकार का लक्ष्य इसे ₹90 लाख करोड़ तक पहुंचाने का है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र 660 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पार करने वाला देश का एकमात्र राज्य है, जो कि कुछ वर्षों में विश्व की 13वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। सरकार ने 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर, 2047 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का रोडमैप तैयार किया है। ▸▸ पेज 6

पोर्शे हादसा : SC ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पुणे के पोर्शे कार हादसे में सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल की जमानत याचिका पर नोटिस जारी कर महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा है। 19 मई 2024 को पुणे में हुए इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। विशाल अग्रवाल पर आरोप है कि उन्होंने खून के सैंपल की अदला-बदली कर शून्य अल्कोहल (Nil Alcohol) रिपोर्ट सुनिश्चित करने की साजिश रची। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई 3 मार्च के लिए निर्धारित की है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने याचिकाकर्ता की ओर से कहा कि वह 21 माह से हिरासत में हैं और अंतरिम जमानत की मांग की। हालांकि, कोर्ट ने गुरुवार को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। यह याचिका 16 दिसंबर 2025 के बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्णय को चुनौती देती है, जिसमें उनकी और अन्य सह-अभियुक्तों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं।

'माता-पिता ही होते हैं जिम्मेदार'

सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी को 3 आरोपियों को जमानत देते हुए कहा था कि नाबालिगों से जुड़ी घटनाओं के लिए माता-पिता को ही जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि उनका अपने बच्चों पर कोई बस नहीं है। कोर्ट ने आरोपी अमर गायकवाड, आदित्य अविनाश सूद और आशीष सतीश मित्तल के 18 महीने से हिरासत में होने पर गौर करते हुए जमानत मंजूर की थी।

फटाफट खबरें

NCP की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी सुनेत्रा पवार

उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को NCP (अजित) पार्टी ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया है। गुरुवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उन्हें अध्यक्ष चुना गया। वह एनसीपी की पहली राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी हैं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने सुनेत्रा पवार के नाम की घोषणा की।

अनिल अंबानी ईडी के समक्ष फिर हुए पेश

उद्योगपति अनिल अंबानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए गुरुवार को दिल्ली में ईडी के समक्ष पेश हुए। करीब नौ घंटे तक चली पूछताछ के बाद अनिल प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय से निकले। उन्हें शुक्रवार को फिर बुलाया गया है। ▸▸ पेज 13

हिंसा में भारत का कोई हाथ नहीं: कनाडा

कनाडा सरकार ने कहा है कि अब हमें नहीं लगता कि भारत का हमारे देश में हो रहे हिंसक अपराधों से कोई मौजूदा नाता है। कनाडा के रुख में यह बदलाव उनके पीएम मार्क कार्नी की शुक्रवार से भारत यात्रा से पहले आया है। कनाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ▸▸ पेज 14

बेलासिस अब 'अहिल्या देवी होलकर' फ्लाईओवर

बेलासिस फ्लाईओवर अब 'अहिल्या देवी होलकर फ्लाईओवर' कहलाएगा। इसका शुभारंभ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया।

अरावली को लेकर बनेगा विशेषज्ञ पैनल: सुप्रीम कोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय और अन्य पक्षों से कहा है कि वे अरावली की स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए विशेषज्ञों के नाम सुझाएं। कोर्ट ने साफ किया कि क्षेत्र में सिर्फ वैध खनन ही होगा। पहले दी गई एकरूप परिभाषा पर रोक जारी रहेगी। अंतिम फैसला विशेषज्ञों की राय के बाद होगा। कोर्ट ने 20 नवंबर के फैसले में दिए गए अपने उन निर्देशों को 29 दिसंबर को स्थगित रखने का आदेश दिया था, जिसमें अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था।

कोर्ट ने कहा, सिर्फ वैध खनन ही होगा

एयर टिकट बुकिंग के 48 घंटों में रद्द तो चार्ज नहीं

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

एयरलाइंस के रेगुलेटर DGCA ने आदेश दिया कि फ्लाइट टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर कैंसल या संशोधन पर एयरलाइंस अतिरिक्त शुल्क नहीं लेंगी। बदले हुए किराये का अंतर ही देना होगा। घरेलू उड़ान में प्रस्थान से 7 दिन और अंतरराष्ट्रीय उड़ान में 15 दिन से कम समय बचा हो तो यह सुविधा नहीं मिलेगी। रिफंड क्रेडिट शेल में डालना यात्री की सहमति पर होगा। ▸▸ पेज 14

काम की खबरें

अब सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा WhatsApp, 1 मार्च से 'सिम बाइंडिंग' अनिवार्य। ▸▸ पेज 13

देशभर में कल से सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ टीकाकरण अभियान, पीएम करेंगे शुरुआत। ▸▸ पेज 14

खतरा सेंट जॉर्ज, कामा, जीटी, जेजे जैसे BMC हॉस्पिटलों में लापरवाही, मरीजों को डेंगी-मलेरिया होने का डर

अस्पतालों में ही बढ़ रहे मच्छरों के ब्रिडिंग स्पॉट

SurajPandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** सरकारी अस्पतालों में ही मच्छरों के ब्रीडिंग स्पॉट मिलने के मामले साल दर साल बढ़ रहे हैं। चार साल में ब्रीडिंग स्पॉट की संख्या में कामा अस्पताल में 9 गुना, जेजे में 5 गुना, जीटी में ढाई गुना और सेंट जॉर्ज में करीब डेढ़ गुना इजाफा हुआ है। इनमें डेंगी और मलेरिया के मच्छरों के लार्वा मिलते रहे हैं।

BMC के कीटनाशक विभाग के अनुसार वर्ष 2022 से 15 अक्टूबर 2025 तक चार बड़े अस्पतालों में एडीज (डेंगी) और एनोफिलीज (मलेरिया) मच्छरों के लार्वा बड़ी संख्या में पाए गए। सबसे ज्यादा मामले जेजे में मिले हैं। वर्ष 2022 में यहां 56 ब्रीडिंग स्पॉट मिले थे। वर्ष 2025 में ये 315 हो गए। इनमें मलेरिया के 197 और डेंगी के 119 ब्रीडिंग स्पॉट थे।

एडीज और एनोफिलीज मच्छर डेंगी, मलेरिया जैसी बीमारियों के वाहक, इसलिए चुनौती बड़ी

वर्ष	जीटी अस्पताल		कामा अस्पताल		सेंट जॉर्ज अस्पताल		जेजे अस्पताल	
	एनोफिलीज	एडीज	एनोफिलीज	एडीज	एनोफिलीज	एडीज	एनोफिलीज	एडीज
2022	4	1	2	1	4	10	40	16
2023	7	6	4	10	7	11	55	26
2024	4	5	3	8	9	7	140	85
2025	3	10	3	24	6	13	197	119
कुल	18	22	12	43	26	41	432	246

कंस्ट्रक्शन बनी वजह

जेजे अस्पताल के डीन डॉ. अजय भंडारकर ने कहा, अस्पताल परिसर में स्टाफ क्वार्टर्स, रेजिडेंट डॉक्टर क्वार्टर भी हैं। कई स्ट्रक्चर पुराने हैं जिनकी मरम्मत का काम 2 से 3 वर्षों से चालू है, इसलिए ब्रीडिंग स्पॉट बढ़ गए हैं। अब हमने व्यवस्थाएं बनाई हैं। जहां भी गंदगी, मलबा या ब्रीडिंग स्पॉट्स पनपने की संभावना होती है, साफ करवा दिया जाता है।

किए गए हैं ये प्रयास

जीटी अस्पताल के डीन डॉ. जितेंद्र देशमुख से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है। कामा अस्पताल के एक सूत्र ने कहा कि अस्पताल में कंस्ट्रक्शन के चलते ऐसा संभव है। लेकिन प्रशासन ने कुछ महीनों में मच्छरों की रोकथाम के लिए काफी काम किया है, फिर चाहे भंगार हटाने का काम हो, या चोक हुई नालियों की सफाई।

एग-डोनेशन रैकेट केस: महिला आयोग ने दिए जांच के आदेश

■ **NBT न्यूज, बदलापुर :** बदलापुर (पूर्व) में अवैध तरीके से महिलाओं के अंडाणु (ह्यूमन एग) की बिक्री से जुड़े कथित रैकेट मामले में महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने एफडीए को निर्देश दिए हैं कि बदलापुर में संचालित सभी सोनोग्राफी केंद्रों, आईवीएफ क्लीनिकों और स्त्री रोग एवं प्रसूति अस्पतालों की वैधता, पंजीकरण और लाइसेंस की तत्काल जांच की जाए। चाकणकर ने पूरे नेटवर्क की पहचान कर कथित मास्टरमाइंड तक पहुंचने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। ▸▸ पेज 8

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने की बैठक

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
मुंबई : 157389 (-982)
चांदी - .999 टंच प्रति किलो
मुंबई : 260667 (-4,750)

अर्थसार

सेंसेक्स : 82,248.61 (-27.46)
निफ्टी : 25,496.55 (+14.05)
रुपया/डॉलर : 90.9025 (-0.057)
रुपया/यूरो : 107.211 (+0.085)

मौसम

कोलाबा 31.8 21.7
सांताक्रूज 32.1 19.5
सूर्यास्त शुक्रवार 6:43 बजे
सूर्योदय शनिवार 6:59 बजे

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल की दुलाई शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 02-26-2026 22:06 Color:

महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी को सख्ती से लागू करने का आदेश जारी किया है। -p3

BMC पर्यावरण विभाग द्वारा पहली बार नेट जीरो एमिशन की ओर कदम उठाया गया है। मुंबई फायर ब्रिगेड की 18 बिल्डिंगों में सोलर सिस्टम लगेंगे। -p6

86 रहा मुंबई का AQI गुरुवार को, जो संतोषजनक है।

32.1 अधिकतम तापमान दर्ज किया गया गुरुवार को। दिन में थोड़ी उमस महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in

कोस्टल रोड-GMLR के कनेक्ट होने से और भी तेज़ होगा मुंबई का रोड नेटवर्क



साउथ मुंबई, वेस्टर्न सबर्ब व ठाणे-मीरा-भाईंदर को जोड़ने की BMC की मेगा योजना

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई** : साउथ मुंबई, वेस्टर्न सबर्ब और ठाणे-मीरा भायंदर को सिग्नल-फ्री और तेज कनेक्टिविटी देने के लिए BMC ने महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। मुंबई कोस्टल रोड (नॉर्थ) को गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (GMLR) से जोड़ने के लिए एलिवेटेड कनेक्टर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद दक्षिण मुंबई से पश्चिमी उपनगर होते हुए मुलुंड और आगे ठाणे-मीरा भाईंदर तक सीधा संपर्क संभव होगा।

कोस्टल रोड (नॉर्थ) की अलाइनमेंट वर्सोवा इंटरचेंज से दहिसर इंटरचेंज तक होगी। मलाड के माइंडस्पेस जंक्शन से एक एलिवेटेड GMLR कनेक्टर बनाया जाएगा, जो गोरेगांव (पूर्व) में GMLR के स्टार्टिंग पॉइंट से जुड़ेगा। इस कॉरिडोर से उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम यातायात को नई दिशा मिलेगी। परियोजना को जुलाई 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

सभी अनुमतियां हासिल

प्रोजेक्ट को महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड, महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी, पर्यावरण मंत्रालय और राज्य के मैंग्रोव सेल से मंजूरी मिल चुकी है। बॉम्बे हाईकोर्ट की अनुमति भी प्राप्त है। फिलहाल यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम जारी है।

AI Image

AI Image

बजट 2026-27 में प्रस्तावित राशि

- परियोजना को जुलाई 2029 तक पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य
- यह मार्ग मलाड से दहिसर के बीच 62 हजार वाहनों का दबाव संभाल सकेगा

कोस्टल रोड (नॉर्थ) परियोजना	GMLR परियोजना	ब्रिज विभाग कुल प्रावधान
4,700 करोड़	2,650 करोड़	9,650 करोड़

78,000 वाहन चालकों को मिलेगी राहत

यह मार्ग वर्सोवा से मलाड के बीच रोजाना लगभग 78 हजार वाहनों और मलाड से दहिसर के बीच करीब 62 हजार वाहनों का दबाव संभाल सकेगा। 14.2 मीटर व्यास की सुरंगें बनाई जाएंगी, जो देश की सबसे बड़ी होंगी। मल्टी-लेवल इंटरचेंज, ओपन गैंट्री और व्यूइंग गैलरी इसकी खासियत होंगी। वर्सोवा से दहिसर की यात्रा 30 से 40 मिनट तक कम होगी और कार्बन उत्सर्जन में करीब 48% की कमी आने का अनुमान है। दहिसर (पश्चिम) से भायंदर (पश्चिम) तक एलिवेटेड रोड का निर्माण भी जनवरी 2029 तक पूरा करने की योजना है, जिससे रोजाना करीब 75 हजार वाहनों को राहत मिलेगी।

GMLR परियोजना 4 चरणों में बन रही है। तीसरे चरण में संजय गांधी नेशनल पार्क और आरे कॉलोनी के नीचे 13 मीटर व्यास की ट्विन टनल बनाई जा रही है। अभी तक फ्लाईओवर का 48% और टनल का 18% काम पूरा हो चुका है। गोरेगांव-मुलुंड का सफर 90 मिनट से घटकर 20 से 30 मिनट में पूरा होने की जानकारी BMC के वरिष्ठ अधिकारी ने दी है।

कॉरपोरेट भागीदारी से जनसेवाओं को और भी बेहतर बनाएगी BMC

Vijay.Pandey1@timesofindia.com

AI Image



■ **मुंबई** : बीएमसी ने जनसहयोग के जरिए प्रोजेक्ट करने के समन्वय के लिए पार्टिसिपेट मुंबई सेल की स्थापना करने का ऐलान बजट में किया गया है। इस सेल के जरिए स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, गार्डन, सशक्तिकरण से जुड़े तमाम विभागों में सहयोग लिया जाएगा। इसमें कॉर्पोरेट के साथ-साथ एनजीओ को भी पार्टनर बनाया जाएगा। इसकी वेबसाइट जल्द ही जनता के लिए खोल दी जाएगी। एक सलाहकार इस पर काम करेगा।

बजट में हुई घोषणा, एक अप्रैल से होगी शुरुआत

कैसे करेगा काम

बीएमसी विभिन्न विभागों की जरूरतों को लेकर वेबसाइट पर अपलोड करेगी, इसमें जिन कॉर्पोरेट को रुचि होगी वो संपर्क कर सकते हैं। फिर बीएमसी की टीम उन कॉर्पोरेट से संपर्क कर आगे की प्रक्रिया करेगी। उदाहरण के तौर पर यदि केईएम अस्पताल में एमआरआई मशीन की जरूरत है, तो अस्पताल इस सेल को सूचित करेगा। सेल उसे वेबसाइट पर अपलोड करेगा। फिर, वहां से कॉर्पोरेट कंपनियों से समन्वय कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। कॉर्पोरेट को केवल इस सेल से संपर्क करना होगा। बाकी आंतरिक प्रक्रिया यह सेल अपने स्तर पर करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, कई बार लोग मदद करना चाहते हैं, लेकिन प्रक्रिया में लगने वाले समय के चलते वह आगे नहीं आते। हम इस कमी को दूर करेंगे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शुरुआत में हम स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए काम करेंगे। फिर अन्य विभागों की योजनाओं को भी शामिल करेंगे। जमीनी स्तर पर काम करने के लिए एनजीओ को भी साथ लेने की जरूरत है, इसके लिए भी प्रक्रिया की जा रही है।

नई पहल की क्या है वजह

केंद्र सरकार के नियमों के तहत 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के नेटवर्थ वाली कंपनी को अपने मुनाफे का 2 प्रतिशत कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के तहत खर्च करना होता है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी मानी जाती है। यहां बड़े पैमाने पर सीएसआर का मौका है। वहीं, दूसरी ओर बीएमसी के बढ़ते खर्च के चलते उन्हें नए उपाय भी करने हैं। इसी के चलते इस नई पहल को बल मिल रहा है। बीएमसी में अब तक स्थानीय स्तर पर डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर (DMC) ही सीएसआर से जुड़े प्रोजेक्ट को अप्रूवल देते हैं। इसके तहत, कई इलाकों में नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी भी मिली है, लेकिन केंद्रीय स्तर पर इसके समन्वय के लिए कोई विभाग नहीं था, जिसकी जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

जाम से राहत दिलाने के लिए 101 ब्रिज पर काम कर रही BMC

Brijesh.Tripathi
@timesofindia.com

AI Image

■ **मुंबई** : ट्रैफिक की समस्या से जूझ रहे मुंबईकरों को राहत दिलाने के लिए बीएमसी मुंबई में 101 ब्रिज पर काम कर रही है। इनमें से 77 ब्रिज अगले 3 साल में यानी 2026 से 2029 के बीच बन कर तैयार हो जाएंगे। यह दावा बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने बजट में किया है। कमिश्नर ने दावा किया है कि 101 ब्रिज के काम में से 24 का काम पूरा हो गया है। मार्च 2026 तक 23 का काम पूरा होने की उम्मीद है। मार्च 2026 तक 31 ब्रिज का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी तरह 2027-28 और 2028-29 में 23 पुलों का काम पूरा किया जाएगा। इससे घंटों ट्रैफिक में फंसने वाले मुंबईकरों को राहत मिलने की उम्मीद है। कमिश्नर ने कहा, सुरक्षित और जाम से मुक्त सफर करने के लिए मुंबई में फ्लाईओवर, रेलवे पुल, एफओबी, सबवे जैसे 612 ब्रिज की देखभाल बीएमसी करती है। इसमें बीएमसी ब्रिज विभाग, एमएमआरडीए, एमएसआरडीसी द्वारा हस्तांतरित, ईस्टर्न और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बने 80 ब्रिज शामिल हैं।

2027-28 और 2028-29 में 23 पुलों का काम होगा पूरा

बीएमसी ने अंधेरी में गोखले ब्रिज, मस्जिद बंदर में सिंदूर रेलवे ब्रिज, विक्रोली रेलवे ब्रिज, रे रोड रेलवे ब्रिज और बांद्रा स्काईवॉक का काम पूरा कर जनता के लिए खोल दिया है। इसके अलावा घाटकोपर, विक्रोली रेलवे स्टेशन ब्रिज, तिलक ब्रिज दादर और भायखला पूर्व स्थित ब्रिज का काम बीएमसी द्वारा नामित MRIDCL (महाराष्ट्र सरकार व रेल मंत्रालय की संयुक्त भागीदारी) कर रही है। पैदल यात्रियों की राह आसान करने के लिए यूनिवर्सल फुटपाथ पॉलिसी के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए आसान फुटपाथ बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए मुंबई सिटी, पूर्व और पश्चिम उपनगर में कई फुटपाथ को प्राथमिक आधार पर बनाया जाएगा।

एक नजर में...

1. 77 ब्रिज अगले 3 साल में बनकर तैयार हो जाएंगे।
2. 612 ब्रिज की देखभाल करता है बीएमसी।
3. 80 ब्रिज ईस्टर्न और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर।
4. मल्टी मॉडल टनेल कनेक्टिविटी का जाल बनाने पर जोर।
5. GMLR फ्लाईओवर का 48% और टनल का काम 18% तक पूरा।

मल्टी मॉडल टनेल कनेक्टिविटी का जाल

बजट में ट्रैफिक से मुक्ति के लिए मल्टी मॉडल टनेल कनेक्टिविटी का जाल बनाने पर जोर दिया गया है। 6 किमी लंबे मल्टी मॉडल टनेल कनेक्टिविटी के लिए 4392 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह काम 66 महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

दहिसर से भाईंदर तक बनेगा एलिवेटेड रोड

दहिसर से मीरा-भाईंदर तक एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। यह कोस्टल रोड का आखिरी चरण होगा। इससे पश्चिम उपनगर से मीरा-भाईंदर तक का सफर आसान होने की उम्मीद है। इस मार्ग पर प्रतिदिन 75000 वाहन चालकों को लाभ मिलेगा। बीएमसी ने बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए 4700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

ज़मीन को वन भूमि घोषित करने की याचिका ख़ारिज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई** : बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ठाणे के मानपाड़ा में लगभग 193 एकड़ भूमि को अधिग्रहित प्राइवेट फॉरेस्ट घोषित करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने पाया कि वर्तमान में 193 में से लगभग 104 एकड़ क्षेत्र ठाणे महानगरपालिका (TMC) द्वारा अधिग्रहित किया जा चुका है। यह जमीन टीएमसी के कब्जे में है।

टीएमसी ने जमीन पर 40 मीटर चौड़ी डीपी सड़क और बस डिपो का निर्माण किया है। 4 एकड़ जमीन ट्विन टनल के लिए आरक्षित है, जिसका काम जारी है। सुनवाई के दौरान टीएमसी के वकील ने जस्टिस रविंद्र घुगे को बताया, अधिग्रहित जमीन के जिस हिस्से में ग्रीन कवर है, उसे यथावत रखा जाएगा। ग्रीन कवर वाले हिस्से को टीएमसी सरकार को सौंपने को तैयार है। इस बीच बेंच ने टीएमसी को एक निजी फर्म (जमीन के मूल स्वामी) को मुआवजे के तौर 21 दिनों में टीडीआर देने का निर्देश दिया है।

बास्केटबॉल में मुंबई यूनिवर्सिटी उपविजेता

बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी के ख़िलाफ़ हुआ रोमांचक मुक़ाबला

उपविजेता ट्रॉफी के साथ मुंबई यूनिवर्सिटी टीम के खिलाड़ी अपना मेडल दिखाते हुए।

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**: मुंबई यूनिवर्सिटी ने अखिल भारतीय इंटर-यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता का खिताब हासिल किया। देशभर की शीर्ष यूनिवर्सिटियों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। खिलाड़ियों की फिटनेस, रणनीति और टीम भावना ने निर्णायक मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बनाए रखा।

प्रशिक्षक मंडल के मार्गदर्शन में टीम ने हर मैच में आत्मविश्वास और संतुलन बनाए रखा। यूनिवर्सिटी के अनुसार, फाइनल मुकाबला बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी के खिलाफ बेहद रोमांचक रहा। पहले तीन क्वार्टर में मुंबई यूनिवर्सिटी ने बढ़त बनाई, लेकिन चौथे क्वार्टर में जैन यूनिवर्सिटी ने वापसी करते हुए 75-71 से जीत दर्ज की।

मुंबई के खिलाड़ियों ने अंतिम क्षण तक जोरदार संघर्ष किया, लेकिन 4 अंकों के अंतर से टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। मुंबई यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. रवींद्र कुलकर्णी, डॉ. अजय भामरे, डॉ. प्रसाद कारंडे और खेल विभाग के निदेशक डॉ. मनोज रेड्डी ने टीम के खिलाड़ियों का स्वागत किया।

मालाड-मुलुंड में होगी आधुनिक पशु चिकित्सा सुविधाएं

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई** : बीएमसी ने अपने बजट में मलाड कैटल पाउंड डिवीजन में बड़े व छोटे पशुओं के लिए एक आधुनिक पशु उपचार केंद्र अगले 2 वर्षों में शुरू किए जाने की घोषणा की है। यह केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे पशुओं को समय पर और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

मुलुंड मिठागर में होगी कुत्तों की नसबंदी एवं आश्रय केंद्र की स्थापना

साथ ही, मुलुंड मिठागर में कुत्तों की नसबंदी एवं आश्रय केंद्र की स्थापना की जाएगी। आवारा कुत्तों की सटीक गणना व निगरानी के लिए AI आधारित प्लेटफॉर्म के जरिए वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर उनका डेटाबेस तैयार होगा, जिससे पशु प्रबंधन और नियंत्रण प्रणाली अधिक प्रभावी और संगठित बन सके। खार के पशु क्लिनिक का कार्य 90% पूरा हो चुका है, वहीं देवनार में पशुओं श्मशान गृह निर्माण का काम भी 90% पूर्ण हो चुका है।

मुंबई पुलिस को मिली नई रफ्तार

1,290 नए वाहन मिले, इनमें 657 दो पहिया व 633 चार पहिया

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई** : मुंबई पुलिस घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंच सके इसके लिए राज्य सरकार ने मुंबई पुलिस को 1290 नई गाड़ियां दी हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सभी गाड़ियां मुंबई पुलिस को सौंपी। इस 1290 वाहनों में 657 दोपहिया और 633 चारपहिया वाहन शामिल हैं। चार पहिया वाहनों में स्कॉर्पियो तथा बड़े आर्मर्ड वाहन शामिल हैं। मंत्रालय के करीब नरीमन पॉइंट स्थित मुरली देवरा चौक पर आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री फडणवीस, कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, राज्य मंत्री योगेश कदम ने पुलिस अधिकारियों को नई गाड़ियां सौंपी। राज्य सरकार के अनुसार, आज किसी भी वारदात की शिकायत पर मुंबई पुलिस औसतन 5.30 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच जाती है। पुलिस को नई गाड़ियां मिलने के बाद संभावना है कि पुलिस और भी कम समय में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच सकेगी। इससे पीड़ितों को और जल्दी मदद मिल सकेगी। मुंबई पुलिस मुख्यालय की सीमा में कुल 90 पुलिस स्टेशन आते हैं। प्रत्येक पुलिस स्टेशन को 5 दोपहिया वाहन, 4 स्कॉर्पियो और एक बड़ा आर्मर्ड मिलेगा।

CM देवेंद्र फडणवीस ने पुलिस अधिकारियों को सौंपी गाड़ियां

हर पुलिस स्टेशन को 10 गाड़ियां

हर पुलिस स्टेशन को 10 नई गाड़ियां मिलेंगी। पुलिस जो गाड़ियां दी जा रही हैं वह आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। इनमें मोबाइल डेटा टर्मिनल, जीपीएस प्रणाली तथा वाहन ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे पुलिस की निगरानी और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr

यदि व्यापार सहयोग से जुड़ी कोई बात छिपी रहेगी तो लाभ के बाद घर-परिवार में कटुता व्याप्त हो सकती है। हालांकि आपकी मनोदशा को तनाव से मुक्ति भी मिलेगी। यदि आप किसी प्रेम संबंध का खुलासा करते हैं तो पारिवारिक वातावरण कहीं-न-कहीं अधिक क्षुब्ध हो सकता है, इसलिए संयम आवश्यक है।

TAURUS 20 Apr - 19 May

आप अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों को आवश्यकता के अनुरूप संचालित करने में सफल रहेंगे। सभी-साथी आपकी मदद को तैयार तो रहेंगे, परंतु उन पर पूरी तरह निर्भर हो जाना या आंख मूंदकर विश्वास कर लेना खतरे से खाली नहीं होगा। विवेक से निर्णय लेंगे तो ही आपके लिए बेहतर होगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun

यदि आप अपने करियर में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं तो अभी परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल नहीं हैं। किसी भी नए कार्य में हाथ डालने से पहले अपने जीवनसाथी या विश्वसनीय व्यक्ति से सलाह अवश्य लें। आगे बढ़ने के लिए कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है।

CANCER 22 Jun - 22 July

आज किसी नए प्रोजेक्ट की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। संभव है कि इस क्षेत्र में पुराने मित्र से अधिक सहयोग मिल जाए। यदि आप किसी की सहायता करेंगे तो बदले में आपको भी आर्थिक व सामाजिक लाभ प्राप्त हो सकता है। सहायता के लिए तत्पर रहें। आज शाम का वक्त मित्रों के साथ सैर सपाटे में बीतेगा।

LEO 23 July - 22 Aug

यदि सैर-सपाटे की योजना बन रही है तो यात्रा के लिए पहले से तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे कार्य भी पूरे करने होंगे। दोपहर के बाद दौड़-भाग बढ़ सकती है। उतावलेपन के कारण कोई भूल होने की आशंका है, इसलिए सावधानी रखें। इस समय लिए गए गलत फैसले भविष्य में परेशानी का कारण बन सकते हैं।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep

यदि आप किसी कार्य के लिए दृढ़ संकल्प लेंगे तो वह पूर्ण हो जाएगा। चाहे एडमिशन की बात हो, धन की व्यवस्था हो, आवश्यक वस्तु की खरीद हो या अटका हुआ धन निकालना हो तो आज एक-एक करके कार्य निपटाने से सफलता मिलेगी। इसलिए सभी जरूरी कार्यों की सूची पहले ही बना लें।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct

मित्रों की खातिरदारी के लिए धन की व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो घर के साधनों को व्यवस्थित करना आवश्यक होगा। वरिष्ठ सदस्य से टकराव लेना उचित नहीं है। इससे आप परेशानी में पड़ सकते हैं। बड़ों की सलाह से ही आगे के लिए कदम बढ़ाएं। इससे शुभ फल मिलेगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov

अपने व्यवसाय या नौकरी की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना आवश्यक होगा। आर्थिक क्षेत्र में फिलहाल अधिक उछाल नहीं है। हल्की देनदारियां चुकाने के बाद भी सुरक्षित कोष में कमी नहीं आएगी। परिजनों की मांग पूरी करें। रात का वक्त परिजनों के साथ बीतेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec

किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर का वातावरण कुछ उदास रह सकता है। तनाव से उबरने के लिए छोटी मनोरंजक यात्रा पर जाना लाभदायक रहेगा। निजी वाहन न हो तो सार्वजनिक साधन का उपयोग किया जा सकता है। शाम को हनुमान जी के दर्शन करें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan

शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता धीरे-धीरे समाप्त होगी। आपके द्वारा किए गए प्रयास, मेल या उपायों का अच्छा परिणाम मिलेगा। संतान या छोटे सदस्य की ओर से शुभ समाचार मिल सकता है। जायदाद का लाभ और कोई वस्तु का दोबारा संचालन संभव है। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb

आज कार्यक्षेत्र का वातावरण सुखमय। कार्यक्षेत्र का प्रदर्शन दूर रहेगा और माहौल में हास्यास्पद तथा मनोरंजन का रंग जमेगा। किसी सहकर्मी या बॉस द्वारा आयोजित कार्यक्रम से चहल-पहल और बढ़ सकती है। समय अच्छा रहने वाला है, परेशानियां धीरे-धीरे दूर होंगी।

PISCES 19 Feb - 20 Mar

आज के दिन मन कुछ व्याकुल रह सकता है। विपरीत परिस्थितियों से उबरना होगी। कुछ वर्ग को उधार या प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रह सकती है। जीवनसाथी का विश्वास जीतना आवश्यक होगा। बातचीत करने से आपसी विश्वास बढ़ता है। कुछ जरूरी खर्च सामने आ सकते हैं। बुजुर्गों का सहयोग माहौल को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष शुक्र तथा चंद्रमा आपके भाग्यांक के स्वामी रहेंगे और तेजस्वी सूर्य आपके जन्मांक का सहयोगी ग्रह बनकर आपके आत्मविश्वास और ऊर्जा को बढ़ाएगा। यह ग्रह योग आपके व्यक्तित्व में विशेष आकर्षण, प्रभाव और सम्मान दिलाने वाला सिद्ध होगा। वर्ष की शुरुआत में आपके प्रयास सहज ही सफलता की ओर बढ़ेंगे। यदि आप उच्च स्तरीय राजकीय सेवा या किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो मार्च और अप्रैल तक गंभीरता से तैयारी करना लाभदायक रहेगा। इस समय आपको सफलता मिलने के योग प्रबल रूप से बन रहे हैं। मई से जून के अंत तक कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, जिससे आराम में कुछ कमी आएगी, परिश्रम का फल आगे अवश्य मिलेगा। जुलाई और अगस्त में छोटी लेकिन लाभकारी यात्राओं के योग बन सकते हैं। सितंबर और अक्टूबर में जीवन की गति संतुलित और शांतिपूर्ण रहेगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष परिवार की उन्नति तथा मनोवांछित कार्य प्राप्ति के लिए अनुकूल है। नवंबर और दिसंबर में मांगलिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जनवरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन या विस्तार संभव है। फरवरी 2027 तक विद्यार्थियों को संतोषजनक सफलता मिलने के संकेत हैं। श्री सुंदरकांड का पाठ करने से संकट दूर होंगे।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 28 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 9, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल द्वादशी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 17, रमजान 10, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तदनुसार अंग्रेजी तारीख 28 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल सुबह 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। द्वादशी तिथि रात 8 बजकर 44 मिनट तक के बाद त्रयोदशी तिथि का आरंभ। पुनर्वसु नक्षत्र सुबह 9 बजकर 35 मिनट तक के बाद पुष्य नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग शाम 5 बजकर 2 मिनट तक के बाद शोभन योग का आरंभ। बव करण सुबह 9 बजकर 39 मिनट तक के बाद कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात कर्क राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार आमलकी एकादशी व्रत।

सुडोकू

			7	6				9
		4	2				1	
3	6			4		2		
6	9			3				
1		3				5		4
				1			9	3
		6		8			7	5
	1				2	9		
7				9	1			

TELEVISION



big magic

09:00 बालू डालू	14:30 हम पांच
10:00 बदतमीज दुल्हन	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	19:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00 पौरुष
13:30 भ से भाई	

महाराष्ट्र में ढाई साल में 34325 बच्चों की कुपोषण से मौत

सरकार का दावा, फिर भी मृत्यु दर में आई कमी

महाराष्ट्र बजट सत्र 2026

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : महाराष्ट्र सरकार के तमाम दावों के बावजूद राज्य में कुपोषण से बच्चों की मौत का मामला थम नहीं रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले ढाई वर्षों में 2023-24 से सितंबर 2025 तक राज्य में पांच वर्ष से कम उम्र के 34325 बच्चों की मौत कुपोषण की वजह से हुई है। सर्वे में बच्चों की मौत का प्रमुख कारण समय से पहले जन्म, कम वजन, न्यूमोनिया जैसे रोग हैं। विधान परिषद में कांग्रेस के सतेज उर्फ बंटी पाटील द्वारा पूछे गए प्रश्न का राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने लिखित में जवाब दिया। हालांकि सरकार का दावा है कि पिछले तीन साल में कुपोषण के कारण बच्चों की मौत में कमी आई है।

दावे के मुताबिक, मार्च 2025 में 4810302 बच्चों की ऊंचाई और वजन मापा गया। इनमें से 29107 बच्चे अतिकुपोषित मिले, जिनमें कुपोषण की दर 0.61% थी। वहीं 149617 बच्चे मध्यम कुपोषित मिले, जिनकी दर 3.11% थी। इसी तरह दिसंबर 2025 में 4476028 बच्चों की ऊंचाई और वजन मापा गया। इनमें से 16102 बच्चे अति कुपोषित पाए गए। इनके कुपोषण की दर 0.36% थी, जबकि 107489 बच्चे मध्यम कुपोषित पाए गए, जिसकी दर 2.40% थी। जनवरी 2026 में 4435404 बच्चों की ऊंचाई और वजन मापा गया। इनमें से 14660 यानी 0.33% बच्चे तीव्र कुपोषित पाए गए, जबकि 99275 बच्चे यानी 2.24% बच्चे मध्यम कुपोषण के शिकार हुए। अमरावती जिले के धारणी व चिखलदरा तालुका में अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच 107 बच्चों की मौत हुई है।

मुंबई में मध्यम कुपोषित बच्चों की स्थिति डरावनी : राज्य की राजधानी मुंबई में भी बच्चों में कुपोषण की स्थिति डरावनी है। जनवरी 2026 में हुए मुंबई शहर में 44218 बच्चों के सर्वे में अति कुपोषित बच्चों की संख्या 274 यानी 0.62% थी। वहीं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या 1374 यानी 3.11% थी। वहीं, मुंबई उपनगर में इस दौरान 212098 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 682 यानी 0.32% बच्चे अति कुपोषित पाए गए। जबकि मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या 5666 यानी 2.67% थी।

देश के दूसरे हिस्सों में ये है कुपोषण की स्थिति

भारत में बच्चों में कुपोषण एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (NFHS-5) के अनुसार, देश में पांच साल से कम उम्र के 35.5% बच्चे स्टंटिंग यानी उम्र के हिसाब से कम लंबाई के शिकार हैं। वहीं 19.3% बच्चे वेस्टिंग यानी लंबाई के हिसाब से कम वजन के हैं, जो तीव्र कुपोषण का संकेत है। इसके अलावा 32.1% बच्चे अंडरवेट यानी उम्र के हिसाब से कम वजन के पाए गए हैं। मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है। यूनिसेफ के अनुसार, भारत में बच्चों की मौत के प्रमुख कारणों में कुपोषण एक अहम कारक है। यह कई गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ाता है।

ISIS संदिग्ध का दावा: सीक्रेट ऑपरेशन के लिए किया संपर्क

दावे पर HC ने पुलिस से मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े मामले में आरोपी अरीब मजीद ने मुंबई सेशंस कोर्ट में एक आवेदन किया है। आवेदन में मजीद ने दावा किया है कि दो अज्ञात लोगों लोगों ने खुद को आर्मी अधिकारी बता कर उससे संपर्क करने का प्रयास किया है। मजीद के मुताबिक, खुद को आर्मी के खुफिया विभाग का बताने वाले लोग उसके कल्याण स्थित घर आए थे। इसके साथ ही उसे एक सीक्रेट ऑपरेशन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। कोर्ट ने मजीद के आवेदन पर एनआईए और कल्याण के बाजारपेठ पुलिस स्टेशन को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। मजीद का कहना है कि घर आने वाले लोग फर्जी अधिकारी हो सकते हैं। इस कारण जांच कर उनकी पहचान उजागर की जानी जरूरी है।

मजीद की शिकायत के अनुसार, उसके घर में एक महिला और एक आदमी आया था। दोनों ने दिल्ली से आने की बात कही थी। एक व्यक्ति ने खुद को पहले आर्मी का कर्नल बताया, फिर ब्रिगेडियर और बाद में मिलिटरी के खुफिया विभाग का प्रमुख के रूप में अपना परिचय दिया था। मजीद के मुताबिक, उसे यह कहा गया कि यदि वह गुप्त असाइनमेंट और ऑपरेशन में सहयोग करेगा तो उसका एनआईए से जुड़ा केस खत्म कर दिया जाएगा। उसे अलग ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मजीद को साल 2014 में इराक की यात्रा के बाद गिरफ्तार किया था। एजेंसी के मुताबिक उसने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विदेश में कथित रूप से प्रशिक्षण लिया था। यह मामला अभी विशेष अदालत में पेंडिंग है और मजीद बेल पर है।

बोरीवली में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बोरीवली रेलवे स्टेशन परिसर में दिनदहाड़े हुई चैन स्नैचिंग की घटना का बोरीवली रेलवे पुलिस ने मात्र 12 घंटे में खुलासा किया। घटना 25 फरवरी को प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर हुई, जब एक यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक युवक पीछे से आया और लगभग 65 हजार रुपये कीमत की 10 ग्राम सोने की चेन झपटकर फरार हो गया।

पीड़ित की शिकायत पर बोरीवली रेलवे पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने स्टेशन और आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की मदद से संदिग्ध की पहचान की। लगातार तलाशी और तकनीकी जांच के बाद आरोपी सूरज यादव उर्फ फुलर को गिरफ्तार किया गया।

MVA में राज्य सभा सीट को लेकर खींचतान बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : राज्यसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही विपक्षी महाविकास आघाडी में सीट को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में 7 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च को वोटिंग और काउंटिंग होगी। आंकड़ों के हिसाब से विपक्ष को एक सीट मिलनी तय है। लेकिन यह सीट किस दल के खाते में जाएगी, इसे लेकर कांग्रेस,एनसीपी शरद गुट और शिवसेना यूबीटी के बीच दावे-प्रतिदावे जारी हैं। गुरुवार को कांग्रेस और एनसीपी शरद गुट के नेताओं के बीच इसे लेकर बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए कांग्रेस को यह सीट मिलनी चाहिए। वहीं एनसीपी के नेताओं ने कहा कि शरद पवार के लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें राज्यसभा भेजना महाराष्ट्र के हित में है। एनसीपी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस को बता दिया गया है कि इस बारे में शरद पवार की इच्छा जानने के बाद ही वह अपनी आखिरी राय बताएगी।

> 1 सीट पर कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव सेना ने की दावेदारी

कांग्रेस ने एनसीपी को बताया है कि वह राज्यसभा चुनाव को लेकर उद्धव सेना से बात करेगी और इस बारे में आगे का फैसला करेगी। जबकि उद्धव सेना के आदित्य ठाकरे पहले ही दावा कर चुके हैं कि राज्यसभा सीट पर उनकी पार्टी का हक है।

फटाफट खबरें

बुजुर्गों को ठगने वाला किया गया गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मालाड पुलिस ने 62 वर्षीय बृजकुमार वधवानी को गिरफ्तार किया है, जो खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताकर वरिष्ठ नागरिकों को ठगता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी बैंक में बड़ी रकम निकालने आने वाले बुजुर्गों का विश्वास जीतता और फॉर्म भरने या नकदी सुरक्षित रखने का बहाना बनाकर उनके पैसे लेकर फरार हो जाता था। जांच में सामने आया कि वधवानी आदतन अपराधी है और मुंबई, महाराष्ट्र तथा गुजरात के कई शहरों में उसके खिलाफ ठगी के मामले दर्ज हैं।

कोर्ट की निगरानी में हो विमान हादसे की जांच

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य के भूतपूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत के मामले की जांच अदालत की निगरानी में कराए जाने की मांग को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। यह याचिका केतन तिरोडकर की ओर से दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग का गठन करने का निवेदन किया गया है।

BKC में महिला के खिलाफ केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीकेसी पुलिस ने एक महिला के खिलाफ 10 नकली अकैडमिक डॉक्यूमेंट्स जमा करने के आरोप में केस दर्ज किया है। इन डॉक्यूमेंट्स में बीएससी इन बायोकेमिस्ट्री और एमएससी इन बायोकेमिस्ट्री की मार्कशीट शामिल हैं। ये डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी में जमा किए गए थे। मुंबई यूनिवर्सिटी के अधिकारियों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच हुई तो पता चला सर्टिफिकेट नकली हैं।

बोर्ड परीक्षा के CCTV फुटेज रखने होंगे सुरक्षित

बोर्ड ने कड़ी निगरानी के निर्देश जारी किए

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ मुंबई: महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी को सख्ती से लागू करने का आदेश जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा अवधि के दौरान प्रत्येक पेपर दिवस का अनएडिटेड फुटेज सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। नियमों की अनदेखी को अनुचित कृत्य माना जाएगा और संबंधित प्राचार्य, केंद्र संचालक तथा समन्वयक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा अवधि में विशेष व्यवस्था: बोर्ड की बारहवीं और दसवीं की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और 18 मार्च 2026 तक चलेंगी। इस अवधि में परीक्षा कक्ष, केंद्र परिसर, प्रवेश द्वार, कॉरिडोर तथा आईटी/जीके विषय की ऑनलाइन परीक्षा के दौरान कंप्यूटर लैब में लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। निर्देशानुसार परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले और समाप्ति के बाद भी रिकॉर्डिंग चालू रखनी होगी। दिव्यांग विद्यार्थियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त समय की भी रिकॉर्डिंग में शामिल करना अनिवार्य है।

हर पेपर का अलग बैकअप अनिवार्य: बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों को डेटा प्रबंधन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रत्येक पेपर दिवस का फुटेज डीवीआर या एनवीआर से अलग पेन ड्राइव, कंप्यूटर या हार्ड डिस्क में संग्रहित किया जाएगा। डीवीआर में न्यूनतम 1 टीबी स्टोरेज क्षमता सुनिश्चित करनी होगी। यदि क्षमता कम हो तो डेटा ओवरराइट होने से पहले बैकअप लेना आवश्यक होगा। जरूरत पड़ने पर एक्सटर्नल हार्ड डिस्क या क्लाउड स्टोरेज में सुरक्षित प्रति रखी जाएगी। सभी कैमरे लगातार रिकॉर्डिंग मोड में संचालित होने चाहिए; मोशन मोड मान्य नहीं होगा।

इन्वर्टर होगा जरूरी

प्रत्येक कैमरे में सटीक दिनांक और समय अंकित होना चाहिए। परीक्षा कक्ष के अलावा केंद्र संचालक कक्ष, नियंत्रण कक्ष, प्रवेश द्वार और संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाना जरूरी है। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में सीसीटीवी प्रणाली को यूपीएस या इन्वर्टर से जोड़ा जाएगा। डीवीआर या एनवीआर पासवर्ड से सुरक्षित रहेंगे और अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए साइबर सुरक्षा उपाय अपनाने होंगे।

जवाबदेही होगी तय

बोर्ड ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि परीक्षा अवधि में कैमरे बंद रखना, फुटेज सुरक्षित न रखना या मांगने पर उपलब्ध न कराना गंभीर उल्लंघन माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा क्षेत्र में इसे परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

लाइव एक्सेस और निरीक्षण व्यवस्था

निरीक्षण और निगरानी को मजबूत बनाने के लिए परीक्षा केंद्रों को जिला दक्षता समिति या बोर्ड के निर्देश पर सीसीटीवी का लाइव एक्सेस उपलब्ध कराना होगा। परीक्षा केंद्र पर आने वाले उड़न दस्ते को भी कैमरों की कार्यशीलता की जानकारी देना केंद्र संचालक की जिम्मेदारी होगी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

परीक्षा पर डिजिटल पहरा

डिजिटल निगरानी को कानूनी जिम्मेदारी से जोड़ना परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव है। पिछले वर्षों में सामने आए अनियमितताओं के मामलों ने बोर्ड को तकनीकी निगरानी की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सीसीटीवी फुटेज का सुरक्षित संग्रहण और लाइव एक्सेस की अनिवार्यता से नकल या बाहरी हस्तक्षेप पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। हालांकि, सीमित संसाधनों वाले केंद्रों के लिए तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि निर्देशों का समान रूप से पालन हुआ, तो यह कदम परीक्षा की पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वसनीयता बढ़ाने में निर्णायक साबित हो सकता है।

55 बैंक खातों से साइबर ठगी रैकेट का खुलासा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई में साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करोड़ों रुपये की ऑनलाइन ठगी से जुड़े एक बड़े रैकेट का खुलासा किया है। मुंबई पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग फर्जी कंपनियों का गठन कर उनके नाम पर विभिन्न बैंकों में खाते खोल रहे हैं और इन खातों का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड से प्राप्त रकम को इकट्ठा करने के लिए कर रहे हैं। सूचना के आधार पर 25 फरवरी को मस्जिद बंदर स्थित एक कार्यालय पर छापा मारा गया, जहां जांच में सामने आया कि दो व्यक्तियों ने अन्य फरार आरोपियों के साथ मिलकर विभिन्न लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर कुल 9 फर्जी कंपनियां ऑनलाइन रजिस्टर की थीं।

> ■ विभिन्न बैंकों में खोले गए खातों में फ्रॉड की रकम एकत्रित कर दूसरे खाते में भेजते थे
>
> ■ 9 फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए थे खाते, 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

इन कंपनियों के नाम पर अलग-अलग बैंकों में कुल 55 बैंक खाते खोले गए थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 10 मोबाइल हैंडसेट, 3 लैपटॉप, 2 पेन ड्राइव, विभिन्न बैंकों की चेकबुक और 1,03,880 रुपये नकद बरामद किए गए, जबकि कुल जब्त सामग्री और नकदी की कीमत 2,35,880 रुपये आंकी गई है।

बन कर तैयार, फिर भी शुरू नहीं हुआ VN देसाई का ब्लड बैंक

परिजनों को दूसरे ब्लड बैंक के काटने पड़ रहे चक्कर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सांताक्रुज स्थित वीएन देसाई अस्पताल का ब्लड बैंक जून 2025 से बंद पड़ा है, जबकि इसका रेनोवेशन करीब दो महीने पहले पूरा हो चुका है। इसके बावजूद ब्लड बैंक शुरू नहीं होने से मरीजों के परिजनों को खून के लिए दूसरे अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

तीन दशक पुराना है ब्लड बैंक: 22 जनवरी 1993 से संचालित यह ब्लड बैंक हर साल लगभग 2000 यूनिट रक्त संग्रह करता था। शहर के अन्य बड़े अस्पतालों को भी यहां से जरूरत पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराया गया है। मई-जून और अक्टूबर-नवंबर जैसे महीनों में जब शहर में रक्त की कमी होती है, तब इस ब्लड बैंक से अन्य अस्पतालों में भर्ती मरीजों को खून दिया गया। वीएन देसाई के समीप स्थित केबी भाभा अस्पताल में रात के समय ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध नहीं रहती है और वहां भी ब्लड कलेक्शन घटा है। ऐसे में वीएन देसाई का ब्लड बैंक बांद्रा क्षेत्र और आसपास के बीएमसी प्रसूति गृहों के लिए काफी मददगार साबित होता था।

जटिल सर्जरी में होती है ज्यादा जरूरत

वीएन देसाई अस्पताल की स्पाइन यूनिट में जटिल सर्जरी नियमित रूप से होती है, जिनमें एक ऑपरेशन में 3 से 4 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऑपरेशन के दौरान अचानक रक्त की जरूरत पड़ने पर तत्काल उपलब्धता बेहद जरूरी होती है, लेकिन ब्लड बैंक बंद होने के कारण मरीजों के परिजनों को अन्य ब्लड बैंकों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे इलाज में देरी और जान का जोखिम, दोनों बढ़ रहे हैं। अस्पताल में डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) कोर्स भी संचालित होता है, जिसके तहत स्पाइन और अन्य जटिल सर्जरी के दौरान कुछ यूनिट रक्त की अपेक्षा की जाती है। ऐसे में इन-हाउस ब्लड बैंक बंद रहना गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द सेवा शुरू करने की मांग की है। इस संदर्भ में वी एन देसाई अस्पताल की अधीक्षक डॉ मयूरा नागले से कॉल और मैसेज के माध्यम से संपर्क किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

मानहानि केस: संजय राउत को कोर्ट ने किया बरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई सेशंस कोर्ट ने शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत को मानहानि केस से बरी कर दिया है। बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया की पत्नी मेधा ने यह केस फाइल किया था। मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले साल राउत को इस मामले में 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे राउत ने खामीपूर्ण बताते हुए चुनौती दी थी और उसे रद्द करने की मांग की थी। राउत ने मेधा और उनके पति किरीट पर मीरा-भाईंदर महानगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण से जुड़े कथित सौ करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। मीडिया में दिए गए इस बयान को आधार बनाकर मेधा ने मानहानि का केस दायर किया था और घोटाले के आरोपों को निराधार बताया गया था। यह भी दावा किया था कि राउत के बयान से सोमैया परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया है।

> मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने राउत को सुनाई थी 15 दिन के कैद की सजा

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

ऑटो

प्री ओन्ड व्हीकल्स

महिन्द्रा

THAR-ROXX-AX7L-D-AT RWD Colour BLACK, 2000-Kms, November-2024, Company Owned, For Sale Contact :-9024080525

बिजनेस

बिजनेस प्रस्ताव

खुशी ट्रिपद कार लेकर हमारा आत्मकलित 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाए। हम आपका व्यवसाय स्थापित कर देंगे। 7715851130/ 9920925129

NARENDRA BHATIA
RAJA Since 1975
PRUTHI ANNEXE
SANTACRUZ (EAST)
PRABHAT COLONY, OPP. YOGA ASHRAM
3-4 Minutes Walk from Station & 10 Minutes Drive from BKC
AIR CONDITIONED FLATS WITH ALL AMENITIES
2BHK
STARTING FROM 2.65 CR
Ready Possession with OC
MahaRERA No: P51800009856
SALES - 7710078888
Email : info@rajabuilders.com
Office: Pooja, Jain Derasar Marg, Santacruz (West), Mumbai - 400054

प्रॉपर्टी

मुंबई प्रॉपर्टीज

अंधेरी पश्चिम

LOKHANWALA Puravankara new launch 2bhk 795 3.6cr/3bhk 1136 &1345sft 5cr 6cr/4bhk 1608 7cr 27 floor 3acre Kirti 9041218992

बिक्री के लिए

महाराष्ट्र

CHEMBUR: 2.5 BHK Flat Sale, Amarvilla Heritage - Near Ahobila Mutt. 806 sq ft Carpet, 3rd floor, one stack parking. Contact-8369722736

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

PAREL Near KEM Hospital Commercial 1000 sq ft + 750 Mez on LL Ideal for Bank, Playschool, Medical, Showroom, Prime location, Gr8 connectivity. WAp- 9820476786

FOR SALE
NEW COMMERCIAL SPACES ON GROUND FLOOR
IDEAL FOR OFFICES/CLINICS/ POLYCLINICS/ HEALTHCARE PROFESSIONALS
IN VILE PARLE WEST (NEAR STATION)
PRIME LOCATION
• Carpet area 250 Sq. Ft. & 500 Sq. Ft.
• Self Contained.
• Ground Floor with Independent entry.
• 1 Car Parking in basement.
• New building with Full OC.
• Zero GST.
For Site Visit & Details :
Contact: Mr. Bharat Joshi - +91 9820714782

KHAR- Linking Road, 675 sqft, 2nd Floor, Prime Office Space for Corporate Rent. Car Park. No Lift, Clear Title. Contact: 7977049396/ 9320769397.

RENTAL Rustomjee Chakala 2300 ft. Furnish Workstations, Cabins, Server, Conf. Meet. Room, Pantry Aprox. 90 work capacity 9819809897, 9820008191

PRE LEASE PROPERTY
Leased to grade A MNC in grade A commercial tower in Andheri, Lower Parel @ average ROI of 8% ticket size 25cr to 100 cr.
Raheja artesia Worli flat for lease carpet 3800 rent, 20.00lacs,
Sandhu palace Pali Hill 3500 carpet + 3000 sqft terrace full sea facing rent 19.00 lacs
8689871122 / 8286669584

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

NARENDRA BHATIA
RAJA Since 1975
TRISHAAN
KHAR (WEST)
BESIDES LOKHIT KUTIR, 16TH ROAD
AIR CONDITIONED STUDIO APARTMENTS WITH ALL AMENITIES
330sq. ft 2.20 cr
380sq. ft 2.55 cr
All Inclusive
MahaRERA NO : P51800047581
SALES - 7710078888
Email : info@rajabuilders.com
Office: Pooja, Jain Derasar Marg, Santacruz (West), Mumbai - 400054

अन्य रिक्तियां

सेवानिवृत्त व्यक्ति

सेवानिवृत्त व्यक्तियों/ गृहिणियों/ पेशेवर व्यक्तियों के लिए रोजगार का अवसर। आयु सीमा:35 वर्ष/65 वर्ष,निश्चित वेतन+प्रोत्साहन राशि+ पी.एफ.। संपर्क करें:8097181975

एकाधिक रिक्तियां

URGENTLY REQUIRE SMART, EDUCATED, GRAUATES,EXPERIENCED FEMALES WITH WORK EXPERIENCE IN SALES CORDINATOR/ ACCOUNTS/ OFFICE ASST. HAVING KNOWLEDGE OF TALLY, G.S.T. OFFICE LOCATED IN GOREGOAN EAST HARSHADA VICHARE 9920653968 & 9769980844 Email:kleenal.in@gmail.com

सेवाएं

ज्योतिष

बिन बताये जाने सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहकलेश, ऊपरी बाधा का ग्यारंटेड समाधान,लोग कहते हैं, हम करके दिखाते. 9990724766/ 8839504766

SOCIAL EVENT

परोपकार मुंबई
होली उत्सव 2026
होली के रंग परोपकार के संग
संगीतमय संध्या
शनिवार 28 फरवरी 2026 सायं 5:00 बजे से
कर्मवीर सम्मान 2026
|| मुख्य अतिथि || श्री सुनीलजी देवधर [पूर्व राष्ट्रीय महासचिव-भाजपा]
|| सत्कारमूर्ति || पद्म श्री रामेश्वरलालजी काबरा [Founder Chairman - RR Global]
|| निवेदक ||
रामकिशोर दरक · कैलाश अग्रवाल · नरेश बंसल · विजय लोहिया · राजेन्द्र झुनझुनवाला
रविशंकर मोदी · मदनलाल भूतड़ा · संजय चूड़ीवाला · मनोज ढ्ढाणी · सुलोचना शोरेवाला
प्रवेश केवल आमंत्रित सदस्यों के लिए | वेलेट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
सौजन्य : प्रमोद गोयल PLG GROUP PURE ON ENERGY - SATVIK 10,000 MW SOLAR POWER PLANTS | ALL OVER INDIA AND WORLD WIDE

SHOPPING MART

Thane's No.1 Exhibition
Shaadi Sakhi Pehnawa Women's Day Special Exhibition
This Women's Day, treat yourself to style, sparkle & sophistication featuring 100+ exclusive fashion & lifestyle brands.
Friday & Saturday
27 & 28 Feb
TIP TOP PLAZA
First Floor
Teen Hath Naka, Thane (W)
Curated by : Ms. Rinku Nagda
11am to 8pm | Free Entry | Valet Parking
@shaadisakhiexhibitions Call : 98339 78002
Free Gel Polish

भर्ती

रिक्त पद

कैशियर चाहिए - लोकेशन - मरीन लाइन, मेंगलाउस, नेपियन सी रोड, कांदीवली और खार वेस्ट के लिए। संपर्क: 9867985361 / 9152263764

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

तकनीकी

इंजीनियर्स

A Pvt. Ltd. Co. Req. an Electronic Eng. M/F having 3yrs exp. In programming of PLC & HMI preferably Omron / Mitsubishi. Apply with Bio-data/ Email.inductionbrazing @gmail.com / contact: 8657003100 / 8657003104

REQUIRED Mechanical Engineer with 3yrs exp.in Solid work & AutoCAD For a Mfg. Company Apply with Bio data Email: inductionbrazing@gmail.com /contact: 8657003100 / 8657003104

CIVIL ENGINEERS / ELECTRICAL ENGINEERS With minimum 1-2 yrs of Experience, to handle project at Goregaon. Pls. Email CV : ideas.design@yahoo.com

सामान्य

चाहिए मोबाइल के लिए, बिलयर विक्रयोर्ड सर्विसेज लिमिटेड, ट्रेन फिटर और टेक्नीशियन क्वालिफिकेशन : ITI/ Diploma / BE (इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम) सैलरी : 19,500 - 25,000 टोटल + 3 लाख मेडिकल इंश्योरेंस, पता : ब्लॉक 15, कॉर्पोरेट पार्क, स्वास्तिक पार्क के पास, चेंबूर (ईस्ट) कृपया अपना CV और आधार कार्ड साथ लाएं। संपर्क :9624652905 / 9077942197.

अकादमिक

शिक्षक

REQUIRED Primary & secondary teachers (All subjects) for MTS Khalsa High School, Goregaon (West) SSC Board, English medium. Send resumes at - mtskhalsa53@yahoo.in

A Reputed School in South Mumbai urgently requires teachers having 3 - 5 years experience and basic computer knowledge, CTET qualified to teach Sanskrit, Science, Art & Craft, Music, P. E. (lady teacher), a school counselor & an accountant. Also required a school bus driver & female bus attendant. Email: amvnf@yahoo.in

व्यक्तिगत

सामान्य

I, VANDANA NARENDRA BACHHAV W/o. JC-4624321, RANK- NB SUB. BACHHAV NARENDRA VITTHAL, R/O Juni Bej, Navi Bej, Bej, Tal. Kalwan, Dist. Nashik, State-Maharashtra- 423501, hereby declare that I have changed my date of birth from 30/03/1986 to 30/03/1988 for all purposes as per affidavit no. 58AB 623378 dt. 17/02/2026.

नाम परिवर्तन

I, JC-4624321, RANK- NB SUB. BACHHAV NARENDRA VITTHAL S/O. VITTHAL NIMBA BACHHAV, R/O. Juni Bej, Navi Bej, Bej, Tal. Kalwan, Dist. Nashik, State-Maharashtra- 423501, hereby declare that I have changed my name from BACHHAO NARENDRA VITTHAL to BACHHAV NARENDRA VITTHAL for all purposes as per affidavit No. 58AB 623377 dt. 17/02/2026

I, Durgabai spouse of No 1535995 Ex Sep Dnyaneshwar Salunkhe of Vill- Padvi Pathar, PO- Padvi, Teh- Mahad, Dist- Raigad(MH), PIN- 402302 have changed my name from Durgabai to Durgabai Dnyaneshwar Salunkhe vide affidavit Sr No. 2552041851269900282165 dated 24 Feb 2026.

I,JYOTI Rasal Wife of No.14823616X NK/MT (Retd) Rasal Sanjay Narayan of ASC Records r/o Vadner Dumala, Deolali, Nashik, M.H-422401 have changed my name from Jyoti Rasal to Jyoti Sanjay Rasal and DOB from 01/04/1986 to 01-06-1986 vide aff.dt. 24-02-2026 No 60AB323288 at Nashik

I,NO.15689578Y Hav(Retd) Chaudhari Nitin Santosh r/o 2, Amrut Vihar Apart., Pathardi Phata, Ambad, Nashik, M.H-422010 have changed my Daughter's name from Harshali Chaudhari to Harshali Nitin Chaudhari vide aff.dt. 23-02-2026 No 60AB466617 at Nashik

I,RUPALI Wife of No.15689578Y Hav(Retd) Chaudhari Nitin Santosh r/o 2, Amrut Vihar Apart., Pathardi Phata, Ambad, Nashik, M.H-422010 have changed my name from Rupali to Rupali Nitin Chaudhari vide aff.dt. 23-02-2026 No 60AB466616 at Nashik

I,S Kanchana Wife of Seepana Ravindra Nath r/o Kalinga Veedi, Parapuram, Kottur, Srikakulam, A.P-532455 have changed my name from S Kanchana to Seepana Kanchana vide aff. No. 76AB384365 dt. 24-02-2026 at Nashik

I, No.15689578Y Hav(Retd) Chaudhari Nitin Santosh r/o 2, Amrut Vihar Apart., Pathardi Phata, Ambad, Nashik, M.H-422010 have changed my Daughter's name from Deepika to Deepika Nitin Chaudhari vide aff.dt. 23-02-2026 No 60AB466618 at Nashik

I, Lakshmi Mamatha wife of No. 15213193A , Hav K Viswanadha Reddy, R/o. Vill- Reddy Vari Palli, Post -Si-byala, Teh - Rayachoty, Dist. Cuddapah. State-AP PIN-516269 have changed my name from Lakshmi Mamatha to Nimmanapalli Mamatha vide Affidavit No. 59AB 868197

|| श्री गणेशाय नमः || || ॐ श्री श्याम देवाय नमः || || श्री हनुमते नमः ||
श्री श्याम सत्संग परिवार
गोकुलधाम सेवा ट्रस्ट (रजि.)
द्वारा आयोजित
श्री श्याम फागुन मेला
आवो फागुन मेलो, बाबा मारे हेलो, गोकुलधाम चालो, भक्ता ने संग लेलो
शुक्रवार, दिनांक 27 फरवरी 2026
भजन संध्या: सायं 5.00 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक एस्टर टॉवर प्रांगण में
भजन प्रवाहक : श्रीमती हेमा गदैया, श्री गोविंद महाराज, श्री सरोज राय, श्री प्रदीप पारीख एवं साथी
निशान यात्रा: रात्रि 8.00 बजे एस्टर टॉवर से प्रारंभ होकर गोकुलधाम पहुँचेगी।
एकादशी कीर्तन : रात्रि 9.00 बजे से रात्रि 11.15 बजे तक
विशेष आकर्षण : बाबा का खजाना (लकी ड्रा) रात्रि 10 बजे
शनिवार, दिनांक 28 फरवरी 2026
अखंड ज्योत एवं भजन अमृत : सायं 5.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक
भजन प्रवाहक : श्री गौरव पारीक (जयपुर), श्री कुंदन मिश्रा, श्री प्रमोद शर्मा एवं साथी द्वारा
मंच संचालन : श्री त्रिलोक सिरसलेवाला महाआरती : 10:15 बजे
बुधवार, दिनांक 4 मार्च 2026
होली के रंग, सांवरे के संग | फूलों की होली श्री कुंदन मिश्रा, श्रीमती सुनीता पाटोदिया एवं साथियों द्वारा, समय : सायं 6 से 8.30 बजे तक
चैनल पर सीधा प्रसारण
https://youtube.com/@mahotsavtvofficial YouTube
शुभ स्थल : श्री खाटू श्याम मंदिर कृष्णवाटिका देवस्थान, गोकुलधाम, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई
आप सभी श्याम प्रेमी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
सौजन्य : द्वारकादास ओमप्रकाश सुरेंद्र कुमार अजय कुमार एंड कंपनी

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

Paaneri
DADAR • THANE
Nagree of Sarees & Bridal Wear
Celebrating Her Elegance
UPTO 40% OFF
Paithani | Patola Sarees | Chaniya Choli
27th Feb to 15th March, 2026
D: 022 45000902 / 022 45000903 | 022 45009934 | T: +912245199934 / 35

PROPERTY SPECIAL OFFER
Required
Constructed Industrial Shed of 5000 to 7000 sq ft on outright at Navi Mumbai Turbhe/ Koparkhairne/ Rabale
Shed should have power/water and access for fire brigade vehicle.
Owners may Please contact
9892070141 /7900037946

BUSINESS CONNECT
TEXTILE PROCESS HOUSE PRIME INDUSTRIAL ASSET
Large-scale textile Processing Facility with Integrated Printing and Garmenting Operations, Supported by High-Capacity Utilities, Power Backup, and Complete Industrial Infrastructure in Surat.
Strategically Located in a Developed Industrial Zone.
Serious corporate inquiries invited
No. +91 6357274228

GET NOTICED

राजस्थानी महिला मंडल
द्वारा आयोजित
जागृति सम्मेलन
विषय: टूटते परिवार, बिखरते रिश्ते
समारोह अध्यक्ष श्रीमती राजश्री बिड़ला
मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम महाजन पूर्व सांसद
विशिष्ट अतिथि श्रीमती उज्वला चक्रदेव Vice - Chancellor of SNDT University
मुख्य वक्ता श्री शेखर सेन
मनोवैज्ञानिक सुश्री अंबरीन प्रधान
महिला प्रतिभा सम्मान श्रीमती दमयंती पित्ती
विशेष सैंड आर्टिस्ट - राहुल आर्य द्वारा प्रस्तुति
सहयोग SAMARPAN FOUNDATION श्री सत्यपाल - लक्ष्मी जैन
समय: दोपहर 3:00 बजे, 28 फरवरी 2026, शनिवार
स्थान: पाटकर हॉल, मरीन लाइन्स
सभी सादर आमंत्रित हैं

ममतामयी || श्री राधे माँ || जी के जन्मदिन के पावन अवसर पर
भजन Jamming
03 मार्च 2026 | सायं 04 बजे से
Venue: Opp. Oberoi Sky City Mall, Devipada Ground, Devipada Metro Station, Borivali (East), Mumbai - 400 066
श्री मनोज तिवारी जी · श्री कन्हैया मित्तल जी · श्री अशोक गहलोत जी
आप सभी सादर आमंत्रित है।
संपर्क: 98209 69020 | Get your FREE Passes on bookmyshow

BOOK YOUR VEHICLES ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Datta Khandbhor 9594 058 122
Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: tushar.darekar@timesofindia.co Time: 02-26-2026 22:07 Color:

अमूल खोआ

अमूल खोआ की गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास, मिठाई बनाए ख़ास।

अमूल खोआ होम पैक

घर पर बर्फ़ी, पेड़ा, गुलाबजामुन, गुजिया, गाजर का हलवा बनाने और विभिन्न व्यंजनों की गार्निशिंग करने के लिए उत्तम। 22% फैट के साथ।

22% मिल्क फैट

खोआ के 200 ग्राम पैक पर रुपये 5 की छूट।

~~₹95~~ ₹ 90* / 200g

खोआ के 500 ग्राम पैक पर रुपये 10 की छूट।

~~₹225~~ ₹ 215* / 500g

अमूल खोआ होम पैक यहाँ उपलब्ध।

SHOP NOW

blinkit | Flipkart MINUTES | zepto | bigbasket A TATA Enterprise | instamart | JioMart | hyperpure BY ZOMATO | Amul Parlours and leading retail stores.

प्रिय मिष्ठान व्यापारीगण, अपनी मिठाई की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बढाने के लिए अमूल खोआ का उपयोग करें।

अमूल धाप खोआ

नरम और हल्का नम, 26% मिल्क फैट के साथ।
गुलाबजामुन, कालाजामुन और रसदार मिठाइयों के लिए उपयुक्त।

~~₹450~~ ₹ 325* / kg

₹3900* / 12kg BUCKET

अमूल मीठा खोआ

मीठा खोआ बनाने के दौरान इसमें चीनी मिलाई जाती है।
19% मिल्क फैट के साथ इसकी बनावट दानेदार होती है।
पेड़ा और बर्फ़ी जैसी मिठाइयों के लिए सही विकल्प।

~~₹450~~ ₹ 310* / kg

अमूल पिंडी खोआ

कम नमी और सूक्ष्म दानेवाला, 22% मिल्क फैट।
पेड़ा, बर्फ़ी और मिल्क केक जैसी मिठाइयों के लिए उपयुक्त।

~~₹450~~ ₹ 325* / kg

₹3900* / 12kg BUCKET

*Offer Price (incl. of all taxes). Conditions apply.

यह कूपन धारक को अमूल खोआ की उपरोक्त श्रेणी पर रूपये 10 प्रति किलो की विशेष छूट उपलब्ध लाभ प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के अमूल दूध या अमूल आइस क्रीम के वितरक को संपर्क करें अथवा नीचे दिए गये नंबर पर संपर्क करें।

DISCOUNT COUPON
₹10* per kg
Valid till 5th March 2026

ऑर्डर तथा व्यवसायिक पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: ठाणे: नितिन रहाटे: 9323249095, वैभव बाजपेयी: 7228999020; साउथ मुंबई: अक्षय: 8898398631, सचिन देशमुख: 9324513051; पश्चिमी मुंबई: प्रकाश गुळवे: 9762772776, बृजेशसिंह रणवीरसिंह झाला: 8200144390; विरार: सुशांत: 9833194630 या हमें amulsweets@amul.coop पर लिखे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 02-26-2026 23:06 Color:

दावोस का समझौता: 82% करार लागू होने के स्टेज पर

NBT रिपोर्ट, मुंबई: उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि स्विट्जरलैंड के दावोस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विभिन्न कंपनियों के साथ 30 लाख करोड़ रुपये का करार किया था। उसमें से 82% करार इम्प्लीमेंटेशन स्टेज पर है। इस इन्वेस्टमेंट से क्वांटम कंप्यूटिंग, AI, सेमीकंडक्टर और ग्रीन एनर्जी जैसे आधुनिक सेक्टर में बढ़े काम होंगे।

विधान परिषद में शिंदे का दावा, महाराष्ट्र में शुरू हो रही नई इंडस्ट्रियल क्रांति

विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूर्व उप मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में पिछले चार साल से टालमटोल की पॉलिटिक्स खत्म हो गई है और राज्य में तरक्की की दौड़ शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में एक नई इंडस्ट्रियल क्रांति हो रही है। औद्योगिक निवेश में महाराष्ट्र अभी भी देश का नंबर वन राज्य है। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी निवेश के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। देश की कुल GDP में राज्य का हिस्सा 13.5% है। साल 2024-25 में, महाराष्ट्र को 164,875 करोड़ रुपये का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश मिला, जो देश में हुए कुल निवेश का 39% है।

इस आर्थिक वर्ष के पहले छह महीनों में महाराष्ट्र में 91,337 करोड़ रुपये का निवेश आया। दावोस में 18 देशों की कंपनियों के साथ लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के रेकार्ड करार साइन किए गए, जिसमें से 82% इम्प्लीमेंटेशन स्टेज पर हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में एशिया का सबसे बड़ा 'ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर' बनाया जाएगा, जिससे 45,000 नौकरियां पैदा होंगी। पालघर में वाढवण पोर्ट, जेएनपीटी बंदरगाह से तीन गुना बड़ा बन रहा है। यह एक 'गेम चेंजर' प्रोजेक्ट होगा, जिसमें 40 लाख करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट और 50 लाख नौकरियां पैदा होंगी। इसके अलावा समृद्धि एक्सप्रेस वे, कोस्टल रोड और अटल सेतु ने राज्य की कनेक्टिविटी बढ़ाई है।

मुंबई में नदियों को पुनर्जीवित करने का काम जारी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: विधानसभा में राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने कहा, दहिसर, पोयसर, ओशिवरा व वालभट नदियों के पुनर्जीवन का कार्य जारी है। दहिसर नदी के लिए 2 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम पूरा हो गया है। पोयसर नदी के लिए प्रस्तावित 10 ट्रीटमेंट प्लांट में से 9 केंद्रों का कार्य प्रगति पर है। ओशिवरा व वालभट नदियों के लिए 5 केंद्रों का काम जारी है। गुरुवार को विधानसभा में सपा विधायक अबू आसिम आजमी ने प्रश्नकाल के दौरान दहिसर नदी में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। विधायक मनीषा चौधरी, योगेश सागर, दिलीप लांडे, असलम शेख सहित अन्य ने चर्चा में भाग लिया। सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए राज्य मंत्री मिसाल ने कहा कि दहिसर नदी में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए चल रही परियोजनाओं का कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

प्रदूषण ख़त्म करने के लिए BMC लगाएगी सोलर पैनल

महाराष्ट्र बजट सत्र 2026

पर्यावरण विभाग ने पहली बार नेट जीरो एमिशन के लिए उठाया क़दम, 13.5 करोड़ होंगे खर्च

AI image

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

मुंबई: बीएमसी पर्यावरण विभाग द्वारा पहली बार नेट जीरो एमिशन की ओर कदम उठाया गया है। जानकारी के अनुसार, मुंबई फायर ब्रिगेड की 18 बिल्डिंगों में सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। इससे इन इमारतों में लगने वाली बिजली की डिमांड सोलर ऊर्जा से पूरी की जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने 13.5 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है। इसके लिए टेंडर जल्द जारी किए जाएंगे। बीएमसी प्रशासन की ओर से सोलर पैनल लगाए जाने वाली जगहों को मार्क कर लिया गया है। एनबीटी के पास मौजूद दस्तावेज के अनुसार, कुल 18 जगहों पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया गया है।

इन फायर स्टेशनों पर लगेंगे सोलर पैनल: कोलाबा फायर स्टेशन, फोर्ट, मेमन वाड़ा, गोलिया, वर्ली, दादर, मुलुंड, बांद्रा, नरीमन पॉइंट, गवपाडा, बोरिवली, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, कुर्ला कमानी, गोरेगांव, दिंडोशी, दहिसर, मानखुर्द और कांदरपाड़ा फायर स्टेशनों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

बीएमसी के पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमने इन सभी बिल्डिंगों में मौजूद ओपन स्पेस की स्टडी शुरू कर दी है। इनमें सूर्य की रोशनी कहां और कितनी पड़ती है, इसकी जानकारी ली जाएगी। इसके बाद ओपन स्पेस पर छाया कहां और कितनी पड़ेगी, इसकी जानकारी ली जाएगी।

नेट जीरो एमिशन लक्ष्य

बीएमसी के अनुसार, इन सभी जगहों पर भारी मात्रा में इलेक्ट्रिसिटी का इस्तेमाल किया जाता है, जो कि पर्यावरण के लिए हानिकारक है। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि यदि इन सभी इमारतों में सोलर पैनल द्वारा बनाई गई बिजली का इस्तेमाल किया जाता है, तो हम 10 प्रतिशत बिजली की बचत कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि एक सोलर पैनल करीब 5 फुट लंबा और 3 फुट चौड़ा होगा, जिससे 5 वॉट तक की बिजली जेनरेट की जा सकेगी। यह पहली बार होगा, जब बीएमसी का पर्यावरण विभाग सोलर पैनल लगाने के लिए पहल की है। इससे पहले बीएमसी के अन्य विभागों द्वारा सोलर पैनल लगाने का काम किया जा चुका है।

चाइना में बने सोलर पैनल की क्षमता कम

बीएमसी प्रशासन शुरुआत में मुंबई की बिल्डिंगों में चीन के बनाए गए फोटोवोल्टिक सोलर पैनल के इस्तेमाल पर विचार कर रही थी, लेकिन जांच में पता चला कि इनकी क्षमता कम है और इस वजह से इसके इस्तेमाल न करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, अब बीएमसी टेंडर के जरिए भारतीय कंपनियों द्वारा बनाए गए सोलर पैनल का इस्तेमाल करने की फिराक में है। इसके लिए बीएमसी प्रशासन 13.50 करोड़ रुपये का टेंडर निकालने वाला है, जो कि शनिवार तक जारी कर दिए जाने की बात बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने कही है।

आख़िर क्या है नेट जीरो एमिशन?

नेट जीरो एमिशन का मतलब है प्रदूषण को शून्य के बराबर करना। यानी जितना प्रदूषण हम बिजली, गाड़ियों या अन्य कामों से पैदा करते है, उतना ही कम या संतुलित कर दिया जाए। यह सोलर पैनल जैसी साफ ऊर्जा का इस्तेमाल करके किया जाता है। इससे कोयले से बनने वाली बिजली की जरूरत कम होती है और कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन घटता है। इसका मकसद पर्यावरण को बचाना और जलवायु परिवर्तन के असर को कम करना है। आसान भाषा में कहें तो, प्रदूषण कम करके पर्यावरण को नुकसान से बचाना ही नेट जीरो एमिशन है।

BMC की स्पेशल समितियों के लिए भी हुई नियुक्तियां

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी की स्वास्थ्य, स्थापत्य, बाजार व उद्यान, लॉ, महिला और बाल कल्याण समिति के लिए सदस्यों की नियुक्ति हुई है। स्थापत्य समिति (शहर) में बीजेपी की ओर से रीटा मकवाना, आकाश पुरोहित, साक्षी कनौजिया, उद्धव सेना की ओर से सोनम जामसुतकर, हर्षला मोरे, शिंदे सेना से यामिनी जाधव, कांग्रेस से शानराज निकम, सपा से अमरीन अब्राहनी समेत अन्य की नियुक्ति हुई है।

वहीं, स्थापत्य समिति (उपनगर) में संगीता शर्मा, मनीषा यादव, नवनाथ बन, उद्धव सेना से प्रशा मूसकर, धर्मेंद्र काले, शिंदे सेना से सगुण नाईक, आयेशा खान, कांग्रेस से हैदर अली खान, स्वास्थ्य समिति से हरिष भांदिर्गे, दीपक कोतेकर, प्रकाश मोरे, धर्मेश गिरी, उद्धव सेना से गीता भंडारी, रोहिणी कांबले, अर्चना शिंदे, शिंदे सेना से डॉ. सईदा खान, रितेश राय, कांग्रेस से डॉ. सम्मन आजमी, साजिदा खान, बाजार और उद्यान समिति में हेतल गाला, हर्ष पटेल, दिशा यादव, सुधा सिंह, उद्धव सेना से हरी शास्त्री, शिवानी परब, शिंदे सेना से वर्षा टेंबवलकर, शैला लांडे, कांग्रेस से दिव्या अवनीश सिंह, रानेश्री भाटणकर को मौका दिया गया है।

NBT स्मृति यादों के चिराग

स्मृति संदेश

|सातवीं पुण्यतिथि|



स्व. श्रीमती सावित्रीदेवी तोदी
(धर्मपत्नी स्व. श्री गौरीशंकरजी तोदी)
दिनांक: 27 फरवरी 2019

माँ
जीवन के हर पल पर आपके साथ का अहसास होता है। हमारी हर सफलता पर, आपका आशीर्वाद होता है आँखों में तेरी छवि लिये, तेरी ममता को, आदर्शों को अपने जीवन का ध्येय बनाया है।

शृद्धावनत
पुत्र-पुत्रवधु: राधेश्याम-सरोज, ओमप्रकाश-उषा, राजेन्द्र-मंजुला
पौत्र-पौत्रवधु: मनोज-नमिता, विनीत-पलक
पड़पौत्र: तनमय एवं वीर तोदी
पड़पौत्री: मेहर तोदी
फोन: 9821161704

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

|| राम || राम || राम ||

|| षष्टम पुण्यतिथी ||

(1952–2020)
श्रीमती कौशल्यादेवी माहेश्वरी (हुरकट)
हम आपको हर घड़ी हर पल याद करते हैं।
प्रभू आपकी दिव्य आत्मा को परम शांति और सुख प्रदान करें।
हम समस्त परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
|| शोकाकुल ||
पति : राजाराम
जेठ–जेठानी : रामविलास–शांतिदेवी
भतिजा–वधु : नविन–सुनिता, विकास–वंदना, प्रकाश–पारुल
पुत्र–पुत्रवधु : संजय–अनिता, राहुल–सेजल
बेटी–जंवाई : रेणुका–नविन लाखोटिया
पौत्र : हर्ष, वरुण, कौशिक, वेदान्त
पौत्री : उर्वशी, जुही, दिव्या, सृष्टि, श्रेया
दोयता–दोयती: नव्या, निवीद
एवं समस्त माहेश्वरी (हुरकट) परिवार
Orient press limited

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

प्रथम पुण्यतिथी
स्व. श्री शिवकुमारजी शर्मा
(स्वर्गवास: 27.02.2025)
आपकी सरलता और परिवार के प्रति प्रेम, हमेशा आपकी याद दिलाता रहेगा। आपके संस्कार और आशीर्वाद हमारी अमूल्य धरोहर हैं।
सदा स्मरणीय
समस्त शर्मा परिवार एवं तिवारी परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि

तेरहवीं पुण्यतिथि
विनम्र श्रद्धांजली
श्री शुभकरणजी बजाज
वैकुंठवास 27/02/2013
आपका प्रेमल स्वभाव, आपकी प्रेरणा सदा याद आएगी। आपके संस्कारों की पूंजी, हमें प्रेरणा बन राह दिखाएगी ।।
आपको शत-शत प्रणाम
समस्त बजाज परिवार

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

BOOK OBITUARY ADS
To book Obituary & Remembrance Ad Please contact:
Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Adstimesofindia.com
SCAN TO BOOK

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

अवैध वेंडरों पर IRCTC का वार

लंबी दूरी की ट्रेनों से 203 वेंडर उतारे गए

Priya.pandey@Timesofindia.com

मुंबई: मुंबई से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में अवैध रूप से खाना और सामान बेचने वालों के खिलाफ आईआरसीटीसी के वेस्टर्न जोन ने सख्त कार्रवाई की है। 31 जनवरी से 22 फरवरी के बीच 23 दिनों तक चली जांच में 203 वेंडर पकड़े गए, जिनके पास वैध पहचान पत्र नहीं था और वे निर्धारित यूनिफॉर्म में भी नहीं थे। सभी को संबंधित ट्रेनों से उतार दिया गया।

अधिकारियों के अनुसार नवंबर 2025 से प्राइवेट ठेकेदारों के कर्मचारियों के लिए यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड अनिवार्य किया गया है, इसके बावजूद अनाधिकृत वेंडर काम करते मिले।

आईआरसीटीसी ने अधिकृत वेंडरों की पहचान के लिए QR कोड आधारित आईडी कार्ड लागू किए है। जांच में पकड़े गए वेंडरों के पास ऐसे कार्ड नहीं थे। पूछताछ में कुछ निजी ठेकेदारों के नाम सामने आए हैं। ये वेंडर तय दरों से अधिक कीमत पर खाना, चाय, कॉफी और पानी बेच रहे थे।

शिकायतों की भरमार: आईआरसीटीसी ने चेतावनी दी है कि जिन ठेकेदारों के नाम बार-बार सामने आ रहे हैं, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक पश्चिम रेलवे जोन में रोजाना 100 से अधिक शिकायतें मिलती हैं, जिनमें बड़ी संख्या ओवरचार्जिंग से संबंधित होती है। आगे आईडी कार्ड में डिजिटल पेमेंट की सुविधा जोड़ने की योजना है।

शरद पवार की पार्टी के साथ विलय की चुनौती

NBT रिपोर्ट, मुंबई: उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद उनके सामने शरद पवार की पार्टी के साथ विलय एक बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना वे किस तरह से करती हैं, यह देखना दिलचस्प होगा।

सुनेत्रा पवार ने संभाली NCP की राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान

वैसे, अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद सुनेत्रा पवार ने कहा, राजनीतिक और सामाजिक कार्य उनके लिए नया नहीं है, क्योंकि उन्होंने अजितदादा जैसे प्रखर व्यक्तित्व के साथ 40 वर्षों तक जीवन बिताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भले ही अत्यंत कठिन हो, लेकिन कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह दायित्व असंभव भी नहीं है। गुरुवार को वर्ली स्थित डोम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सुनेत्रा पवार, सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, पार्थ पवार और छगन भुजबल सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने अपना संबोधन हिंदी से शुरू किया।

हमने सही निर्णय लिया : पटेल

पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हम लोगों ने सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर सही निर्णय लिया है। हमने पार्टी और महाराष्ट्र के हित में काम किया। पटेल ने कहा कि सुनील तटकरे, छगन भुजबल, हसन मुश्रीफ और मेरी जिम्मेदारी है कि हम सभी पार्टी को आगे ले जाएं।

BEST बस हादसा केस में विपक्ष बोला, 'पीड़ितों ने मांगे 1 लाख, दे रहे 5 लाख'

NBT रिपोर्ट, मुंबई: गुरुवार को बेस्ट समिति की पहली बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में दिसंबर में हुई बेस्ट बस दुर्घटना में प्रभावित लोगों (घायल, गंभीर रूप से घायल और मृतकों) के परिवारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मुआवजे की राशि को लेकर सवाल उठाए। उनका कहना था कि कुछ परिवारों ने इलाज के लिए केवल 1 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन उन्हें इससे अधिक राशि दी जा रही है। विपक्ष के अनुसार, कहीं 2 लाख रुपये तो कहीं 5 लाख रुपये तक की सहायता स्वीकृत की गई है, जिससे पारदर्शिता को लेकर संदेह उत्पन्न होता है। बता दें कि इसके साथ ही ऐसी कुछ अलग-अलग रकम के कुल 7 मामले लिस्ट में शामिल थे, जिसमें कुछ में कम और कुछ में ज्यादा अमाउंट देने की बात कही गई है।

बेस्ट समिति की पहली बैठक में मुआवजे पर उठे सवाल

इस पर बेस्ट समिति की अध्यक्ष तृष्णा विश्वासराव ने बताया कि किसी भी दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती के समय एक प्रारंभिक राशि तत्काल जमा कराई जाती है। इसके बाद मरीज के इलाज की आवश्यकता और अवधि के अनुसार आगे की रकम भी दी जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत अलग-अलग मामलों में अलग-अलग राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि समिति के सामने यह चुनौती थी कि घटना के 45 दिनों के भीतर फैसला लेकर पीड़ित परिवारों को समय पर मदद पहुंचाई जाए, ताकि इलाज या अन्य आवश्यकताओं में कोई देरी न हो। इसलिए हमने इसे मंजूरी दे दी है। अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि यह दुर्घटना दिसंबर महीने की है, जिसमें भांडुप दुर्घटना को शामिल नहीं किया गया है।

कोविड से मरने वाले कर्मचारी की पत्नी को मिलेंगे 50 लाख

Krishna.Shukla@timesofindia.com

मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कोविड के चलते जान गंवाने वाले महाराष्ट्र स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एसटी) के एक कर्मचारी की पत्नी को 50 लाख रुपये मुआवजे के लिए पात्र माना है। चूंकि पहले कर्मचारी की पत्नी को पांच लाख रुपये दिए गए थे, इसलिए अब उसे 45 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा, प्रशासन ने मामले में संकुचित रुख अपनाया

एसटी कर्मचारी बापू जगताप की जब मौत हुई, तो वह वडाला में बेस्ट बस के डिपो में तैनात थे। जगताप की सात अप्रैल 2021 को कोविड के चलते मौत हो गई थी। जगताप की मौत के बाद उनकी पत्नी ने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी, लेकिन एसटी प्रशासन ने यह कहकर मुआवजे के के दावे को खारिज कर दिया कि जगताप को आवश्यक सेवाओं से जुड़ी ड्यूटी नहीं दी गई थी। वह ड्राइवर के रूप में ड्यूटी नहीं दे रहे थे। प्रशासन के इस रुख के खिलाफ जगताप की पत्नी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी।

जस्टिस एमएस कर्णिक और जस्टिस एसएम मोडक की बेंच ने केस के तथ्यों पर गौर करने के बाद कहा कि महिला के पति का मामला मुआवजे से जुड़े सर्कुलर के दायरे में आते है। एसटी प्रशासन ने इस मामले में संकुचित दृष्टिकोण अपनाया है। प्रशासन मुआवजे पर विचार करते समय कोविड के दौरान पैदा हुई नाजुक स्थिति को भूल गया। कोई भी ड्यूटी के लिए बाहर नहीं निकल रहा था। आम लोगों का जीवन पूरी तरह से ठप हो गया था। ट्रांसपोर्ट और सार्वजनिक सेवाएं सीमित रूप से खुली थी।

बेलासिस अब अहिल्या देवी होलकर ब्रिज

NBT, रिपोर्ट, मुंबई: दक्षिण मुंबई में ताडदेव-नागपाडा और मुंबई सेंट्रल स्टेशन को जोड़ने वाले बेलासिस फ्लाइओवर का नाम अहिल्या देवी होलकर फ्लाइओवर कर दिया गया है। इसका शुभारंभ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार सुबह 11 बजे किया। सीएम ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुल का शुभारंभ किया। इस दौरान महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और मुंबई की मेयर रितु तावडे मौजूद थे। शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि करीब 130 वर्ष पुराना ब्रिटिशकालीन पुल जर्जर हो चुका था। इसका पुनर्निर्माण जरूरी था। उन्होंने BMC प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि प्रशासन ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में महज 15 महीने 6 दिन में नया पुल तैयार कर मिसाल कायम की है। 1 अक्टूबर, 2024 को शुरू हुआ काम 6 जनवरी, 2026 को पूरा कर लिया गया, जबकि तय समयसीमा में चार महीने बाकी है।

महानगर खेल

वैभव सूर्यवंशी ने 19 बॉल में बनाए 63 रन

NBT रिपोर्ट, मुंबई: गुरुवार को खेले गए 20वें डीवाय पाटिल टी20 कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी के मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी (63 रन, 19 बॉल, 7 फोर और 5 सिक्स) और अर्जुन तेंडुलकर (55 रन, 29 बॉल, 7 फोर और 2 सिक्स) की विस्फोटक बैटिंग के दम पर डीवाय पाटिल ब्लू (19.1 ओवर में 225/5) ने इंडियन नेवी (20 ओवर में 219/4) के खिलाफ 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

इंडियन नेवी के लिए कुंवर पाठक ने 87 और नितिन तंवर ने नॉटआउट 57 रन की अहम पारियां खेलीं। भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के स्टार वैभव सूर्यवंशी और अर्जुन तेंडुलकर की विस्फोटक पारियों की बदौलत ब्लू टीम मुश्किल लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। ग्रुप बी के मैच में रूट मोबाइल (17.2 ओवर में 177/5) ने विराट सिंह के 85 रन और मोहित अवस्थी के 2 विकेट की बदौलत CAG (20 ओवर में 172/9) को 5 विकेट से मात दी। CAG के प्रेरक मांकड ने 43 रन बनाए, जबकि अजय सिंह ने 2 विकेट लिए।

गरीब होनहारों को BMC का सहारा

90% से अधिक अंक लाने वाले 407 विद्यार्थियों को देगी मदद

Navin.Pandey@Timesofindia.com

GOOD न्यूज

मुंबई: आर्थिक अभाव के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएमसी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा अब सपना नहीं रह गई है। बीएमसी शिक्षा विभाग की पहल के तहत दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 407 विद्यार्थियों को अब तक आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। कई छात्र अपने पसंदीदा ग्रेजुएशन कोर्स में दाखिला लेकर पढ़ाई कर रहे हैं। यदि किसी कोर्स की ट्यूशन फीस 25 हजार रुपये से अधिक है, तो अतिरिक्त राशि भी बीएमसी वहन कर रही है। नवभारत टाइम्स ने इस पहल को लेकर अभियान चलाई थी। इसके बाद तत्कालीन बीएमसी आयुक्त प्रवीण परदेशी ने इस पर निर्णय लिया था। यह योजना मार्च 2020 में 25 विद्यार्थियों से शुरू हुई थी। वर्ष 2020 से 2023 तक हर साल 25 मेधावी विद्यार्थियों को सहायता दी गई। सकारात्मक परिणामों के बाद 2024 से लाभार्थियों की संख्या बढ़ाकर 100 प्रति वर्ष कर दी गई। शिक्षा विभाग के अनुसार, उद्देश्य यह है कि संसाधनों की कमी के कारण प्रतिभा रुक न जाए। योजना के तहत बीएमसी से संबद्ध स्कूलों में दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90% या उससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। उन्हें 25 हजार रुपये या वास्तविक ट्यूशन फीस (जो भी अधिक हो) ग्रेजुएशन स्तर तक की पढ़ाई के लिए दी जाती है। स्टेट बोर्ड से जुड़े स्कूलों में सफलता के बाद अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।

साल-दर-साल बढ़ता असर

AI image

उपशिक्षा अधिकारी आरती खैर के अनुसार, 2020 में 79, 2021 में 78, 2022 में 54, 2023 में 55 और 2024 में 74 विद्यार्थियों को सहायता दी गई। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए बड़ा सहारा बनी है और ड्रॉपआउट दर कम करने में मददगार साबित हो रही है।

> अपने स्कूलों के विद्यार्थियों की हायर एजुकेशन को लेकर बीएमसी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि मेधावी विद्यार्थी संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाएं। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को ग्रेजुएशन तक आर्थिक सहयोग देना हमारी प्राथमिकता है, ताकि वे अपनी इच्छा के अनुसार ज्ञान अर्जित कर सकें।
> –सुजाता खरे, शिक्षा अधिकारी, बीएमसी

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 27-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-26-2026 21:55 Color:

उत्तराखंड उन्नति के पथ पर अग्रसर

मजबूत हो रहा पर्यटन क्षेत्र का बुनियादी ढांचा, सुदृढ़ होती राज्य की अर्थव्यवस्था

उत्तराखंड विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां हवाई, रेल और सड़क संपर्क की मजबूती यहां के पहाड़ों, मंदिरों और कस्बों के द्वार पहले से कहीं अधिक व्यापक रूप से खोल रही है। बेहतर कनेक्टिविटी पर्यटन को सालभर के लिए सुगम बना रही है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही है।

"हमारा विजन उत्तराखंड को वर्षभर सक्रिय रहने वाला वैश्विक पर्यटन गंतव्य बनाना है। कनेक्टिविटी को मजबूत करना, एडवेंचर और आध्यात्मिक सर्किट को बढ़ावा देना तथा होमस्टे जैसी पहलों के माध्यम से गांवों को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। हर सड़क, रेल, रोपवे और नीतिगत सुधार का उद्देश्य सतत् आजीविका सृजित करना और देवभूमि की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखना है। पर्यटन हमारे लिए केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि राज्य के लोगों के लिए आर्थिक विकास और समावेशी प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।"

— पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

राज्य महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजनाओं के माध्यम से अपने पर्यटन परिदृश्य को व्यवस्थित रूप से बदल रहा है। ऊंचे हिमालय में रोपवे से लेकर एक्सप्रेसवे, रेल कॉरिडोर और विस्तारित हवाई सेवाओं तक, हर पहल यात्रा को तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बना रही है। इन परियोजनाओं से न केवल तीर्थयात्राएं और अवकाश यात्राएं आसान हो रही हैं, बल्कि सभी मौसमों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बल मिल रहा है।

रोपवे से आसान हो रही तीर्थयात्रा

सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट है, जो सोनप्रयाग को केदारनाथ धाम से जोड़ेगा। इसके पूर्ण होने पर यात्रा समय में भारी कमी आएगी और लंबी पैदल

चढ़ाई के स्थान पर सुरक्षित व आरामदायक विकल्प उपलब्ध होगा। इसी तरह हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना उच्च हिमालयी क्षेत्र स्थित पवित्र सिख तीर्थ तक पहुंच को सुगम बनाएगा, जिससे बुजुर्ग श्रद्धालुओं और परिवारों को विशेष सुविधा मिलेगी। देहरादून–मसूरी रोपवे परियोजना देहरादून और मसूरी के बीच यात्रा समय घटाएगा तथा पहाड़ी मार्ग पर यातायात दबाव कम करेगा। इससे मसूरी एक त्वरित वीकेंड गेटवे के रूप में और आकर्षक बनेगा।

इसके अलावा सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे परियोजना धार्मिक स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित कर रहा है, जिससे कठिन चढ़ाई वाले मार्गों पर दबाव कम होगा और अधिक श्रद्धालु सुरक्षित रूप से दर्शन कर सकेंगे।

PICS: DIPR, UTTARAKHAND.GOV

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'हैंस ऑफ उत्तराखंड' भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

हर मौसम में बेहतर सड़क संपर्क

चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना का उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक सुगम एवं विश्वसनीय सड़क संपर्क प्रदान करना है। प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से मौसमी बाधाएं कम होंगी और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। साथ ही दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को काफी कम करेगा, जिससे उत्तराखंड की पहुंच और भी आसान होगी।

पहाड़ों तक पहुंचती रेल कनेक्टिविटी

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना क्षेत्र

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने

की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाओं में से एक है। इसके शुरू होने पर गढ़वाल के कई महत्वपूर्ण कस्बे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इससे चारधाम के तीर्थयात्रियों के साथ–साथ साहसिक और अवकाश पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से यात्रा थकान घटेगी और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच अधिक विश्वसनीय बनेगी।

वंदे भारत से तेज और आरामदायक यात्रा

देहरादून–दिल्ली और देहरादून–लखनऊ मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत से यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो गई है। ये अर्ध–उच्च गति ट्रेनें समय की बचत के साथ आरामदायक सफर का विकल्प देती हैं, जिससे छोटी अवधि की यात्राएं भी आसान हो गई हैं।

राज्यभर में विस्तारित हवाई संपर्क

उड़ान योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवाओं ने विशेषकर तीर्थ सीजन में पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच को सुलभ बनाया है। इससे लंबी यात्रा अवधि घटती है और दूरस्थ क्षेत्रों तक हवाई मार्ग से तेज पहुंच संभव होती है। वहीं देहरादून स्थित जॉली ग्रांट हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है और भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे उत्तराखंड की वैश्विक पर्यटन पहचान मजबूत होगी।

> उत्तराखंड सड़कों, रेलमार्गों, रोपवे परियोजनाओं और हवाई सेवाओं को उन्नत कर तीर्थ और पर्यटन पहुंच को आसान बना रहा है। इन पहलों का उद्देश्य यात्रा में लगने वाले समय को कम करना, सुरक्षा बढ़ाना और पूरे वर्ष आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है।

पर्यटन का नया युग

इन सभी परियोजनाओं से स्पष्ट है कि उत्तराखंड अपनी परिवहन प्रणाली को आधुनिक और समन्वित रूप से विकसित कर रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी न केवल यात्रा को आसान बना रही है, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और पर्यटन सीजन को लंबा करने में भी सहायक है।

मजबूत सड़क, रेल, रोपवे और हवाई नेटवर्क के साथ उत्तराखंड एक अधिक सुलभ, सुरक्षित और सतत पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक धरोहर का अनुभव अब और अधिक आरामदायक तथा सुविधाजनक हो गया है।

"उत्तराखंड में एक अद्वितीय आध्यात्मिक शक्ति है, जो इसे अन्य सभी स्थानों से अलग पहचान देती है। इस देवभूमि की श्रद्धा, विरासत और पवित्रता इसे विशिष्ट बनाती है। राज्य संभावनाओं के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है और दृढ़ संकल्प के साथ यह विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में अपना स्थान बना सकता है। आध्यात्मिक क्षमता के साथ उत्तराखंड एक आकर्षक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है। 'वेड इन इंडिया' के विजन को आगे बढ़ाते हुए राज्य चुनिंदा स्थानों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से संपन्न कर सकता है, ताकि देशभर के लोग यहां के शांत और दिव्य वातावरण में अपने विशेष अवसरों का उत्सव मना सकें।"

— नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

आदि कैलाश आस्था का गंतव्य

प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद आस्था और साहस का केंद्र बनकर उभरा है आदि कैलाश

साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि कैलाश क्षेत्र का दौरा कर इस पवित्र स्थल पर पूजा–अर्चना की। आदि कैलाश को अक्सर 'कैलाश मानसरोवर का पवित्र जुड़वां' कहा जाता है। इसके आधार पर स्थित शांत पार्वती कुंड हिंदू मान्यताओं में अत्यंत आध्यात्मिक महत्व रखता है।

ऊंचाई वाले ये स्थल अब केवल श्रद्धालुओं के लिए ही नहीं, बल्कि रोमांच और प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। आदि कैलाश और पार्वती कुंड सतत पर्यटन के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं, जहां संस्कृति और पर्यावरण संतुलन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर सड़क संपर्क और गुंजी, नाभी तथा कुटी जैसे गांवों में विकसित हो रहे होमस्टे मॉडल ने इस क्षेत्र को व्यापक दर्शकों के लिए खोल दिया है। बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड इस क्षेत्र को केवल आस्था के केंद्र के साथ वेलनेस, एडवेंचर और गहन सांस्कृतिक अनुभवों के हब के रूप में विकसित करने पर कार्य कर रहा है। उत्तराखंड आज उस मुकाम पर खड़ा है, जहां आस्था, रोमांच, प्रकृति और आधुनिक कनेक्टिविटी मिलकर एक नए पर्यटन युग की नींव रख रहे हैं।

होमस्टे को ग्रामीण पर्यटन से मिली नई रफ्तार

उत्तराखंड की पहाड़ियों में होमस्टे ग्रामीण घरों को अवसरों के द्वार में बदल रहे हैं। ये पहल न केवल पर्यटन को मजबूती दे रही है, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी सशक्त बना रही है। गांवों के शांत परिवेश में पर्यटकों को ठहरने का अवसर देकर होमस्टे स्थानीय समुदायों को सीधे पर्यटन अर्थव्यवस्था से जोड़ रहे हैं।

उत्तराखंड में होमस्टे पर्यटन–आधारित ग्रामीण विकास के एक सशक्त माध्यम के रूप में उभर रहे हैं। कुमाऊं के शांत गांवों से लेकर गढ़वाल के दूरस्थ बस्तियों तक, होमस्टे यात्रियों को केवल घूमने नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और परंपरा के बीच रहने का अनुभव दे रहे हैं।

राज्य की होमस्टे नीति, जो मुख्यतः दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना के तहत संचालित है, निवासियों को अपने घरों के एक हिस्से को पर्यटकों के लिए आवास में बदलने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस नीति के अंतर्गत वित्तीय प्रोत्साहन, सरल पंजीकरण प्रक्रिया और प्रचार समर्थन प्रदान किया जाता है, ताकि ग्रामीण परिवार पर्यटन क्षेत्र में सक्रिय भागीदार बन सकें।

इस पहल का प्रभाव उल्लेखनीय रहा है। होमस्टे मॉडल न केवल प्रत्यक्ष रोजगार सृजित कर रहा है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी गांवों में आय के नए स्रोत खोल रहा है। इससे पर्यटन का दबाव केवल नैनीताल, मसूरी और ऋषिकेश जैसे लोकप्रिय स्थलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कम चर्चित और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुंचता है।

> होमस्टे केवल मकान मालिकों तक सीमित रोजगार नहीं सृजित करते, बल्कि स्थानीय युवाओं को गाइड, ड्राइवर, रसोइया और सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भी अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही स्थानीय कृषि उत्पादों, पारंपरिक व्यंजनों और हस्तशिल्प की मांग बढ़ती है, जिससे गांव स्तर की सूक्ष्म अर्थव्यवस्थाएं मजबूत होती हैं।

होमस्टे मॉडल जिम्मेदार और सतत पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। पर्यटक स्थानीय रीति–रिवाजों, जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण की परंपराओं को करीब से समझते हैं, जिससे सांस्कृतिक आदान–प्रदान और पारस्परिक सम्मान को प्रोत्साहन मिलता है।

उत्तराखंड में होमस्टे केवल ठहरने की सुविधा नहीं, बल्कि गांवों की आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बन चुके हैं।

उत्तराखंड: रोमांचक पर्यटन का स्वर्ग

बर्फ से ढकी ढलानों से लेकर तेज बहाव वाली नदियों और खुले आसमान तक, उत्तराखंड भारत में रोमांचकारी पर्यटन के नए आयाम गढ़ रहा है, ऐसे अनुभवों के साथ जो रोमांचित करें, चुनौती दें और प्रेरित करें।

उच्च हिमालयी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में मौजूद पर्यटन सचिव धीरज सिंह गर्ब्याल एवं अन्य गणमान्य।

उत्तराखंड तेजी से भारत के सबसे रोमांचक एडवेंचर पर्यटन स्थलों में उभर रहा है, जो वर्षभर रोमांच के शौकीनों, प्रकृति प्रेमियों और खेल उत्साहियों को आकर्षित करता है। बर्फ से ढकी चोटियां, तेज बहाव वाली नदियां, अल्पाइन घास के मैदान और मनोहारी घाटियां इस राज्य को उच्च रोमांच और आउटडोर गतिविधियों के लिए आदर्श प्राकृतिक परिवेश प्रदान करती हैं।

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के अनुसार, "उत्तराखंड की पर्यटन गाथा नवाचार, समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों के साथ नए सिरे से लिखी जा रही है। बेहतर संपर्क, रोमांचकारी अनुभवों, सांस्कृतिक उत्सवों और सामुदायिक होमस्टे के माध्यम से हम देवभूमि की श्रेष्ठ पहचान को विश्व के सामने प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य पर्यटकों को यादगार अनुभव प्रदान करते हुए स्थानीय समुदायों को स्थायी आर्थिक लाभ सुनिश्चित करना और हिमालय की स्वच्छ सुंदरता को संरक्षित रखना है।"

टिहरी झील पर पैराग्लाइडिंग का रोमांच

उत्सवों से आगे बढ़ता रोमांच पर्यटन

टिहरी झील महोत्सव उत्तराखंड के एडवेंचर कैलेंडर का प्रमुख आकर्षण बन चुका है। विस्तृत टिहरी झील पर आयोजित इस महोत्सव में जेट स्कीइंग, कयाकिंग, स्पीड बोटिंग और बनाना

औली में स्किइंग का ले मजा

बोट राइड जैसी जल क्रीड़ाएं शामिल होती हैं। यह शांत जल को रोमांचक गतिविधियों के जीवंत मंच में बदल देता है और देशभर से पर्यटकों एवं जल क्रीड़ा प्रेमियों को आकर्षित करता है।

नयार घाटी एडवेंचर स्पोर्ट्स महोत्सव राज्य में एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देने की एक और महत्वपूर्ण पहल है। मनोहारी नयार घाटी में आयोजित यह महोत्सव ट्रैकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है, साथ ही पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन और स्थानीय सहभागिता को भी बढ़ावा देता है। यह क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करते हुए ग्रामीण पर्यटन के अवसरों का सृजन करता है। शीतकाल के दौरान औली हिम क्रीड़ाओं का प्रमुख केंद्र बन जाता है, जहां राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप और शीतकालीन कार्निवाल आयोजित होते हैं। अपनी स्वच्छ ढलानों और हिमालय के अद्भुत दृश्यों के लिए प्रसिद्ध औली पेशेवर खिलाड़ियों और पर्यटकों दोनों को आकर्षित करता है। यह आयोजन उत्तराखंड को भारत के अग्रणी स्कीइंग स्थलों में सशक्त पहचान दिलाता है।

फूलों की घाटी

राज्यभर में रोमांचक गतिविधियां

उत्सवों से आगे बढ़कर उत्तराखंड वर्षभर रोमांचक अनुभव प्रदान करता है। ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग आज भी रोमांच पसंद करने वालों के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। केदारकांठा, फूलों की घाटी और हर की दून जैसे ट्रैकिंग मार्ग देश–विदेश से पर्वतारोहियों और ट्रेकर्स को आकर्षित करते हैं।

पिथौरागढ़ और नौकुचियाताल जैसे स्थानों पर पैराग्लाइडिंग रोमांचकारी हवाई दृश्य प्रस्तुत करती है, जबकि हिमालयी परिदृश्यों के बीच कैंपिंग एक शांत लेकिन साहसिक अनुभव देती है। अत्यधिक रोमांच की तलाश करने वालों के लिए ऋषिकेश में बंजी जंपिंग सबसे लोकप्रिय गतिविधियों में से एक है। विविध भौगोलिक संरचना और निरंतर विकसित होती एडवेंचर सुविधाओं के साथ उत्तराखंड भारत के प्रमुख एडवेंचर पर्यटन गंतव्यों में अपनी विशिष्ट पहचान मजबूत कर रहा है।

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा: आस्था और प्रकृति का अनूठा संगम

हाल के वर्षों में शीतकालीन चार धाम सर्किट का महत्व बढ़ा है, जिसने पारंपरिक रूप से केवल ग्रीष्मकाल तक सीमित रहने वाली इस दिव्य तीर्थयात्रा को वर्षभर की आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित कर दिया है।

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा भारत की सबसे पवित्र तीर्थयात्राओं में से एक है, जो प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं को हिमालय स्थित यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम तक आकर्षित करती है। मनमोहक पर्वतीय दृश्यों के बीच यह यात्रा गहन आध्यात्मिक आस्था और प्रकृति के अद्वितीय अनुभव का प्रतीक है।

चार पवित्र धाम

यमुनोत्री – देवी यमुना को समर्पित यह धाम यात्रा का प्रारंभिक पड़ाव है। ऊंचे–ऊंचे पर्वतों और प्राकृतिक गर्म जलकुंडों से घिरा यह स्थल पवित्रता और श्रद्धा का प्रतीक है।

गंगोत्री – पवित्र गंगा नदी का उद्गम स्थल गंगोत्री देवी गंगा को समर्पित है। श्रद्धालु यहां मंदिर में दर्शन कर पवित्र नदी के तट पर पूजा–अर्चना करते हैं।

केदारनाथ – भगवान शिव को समर्पित केदारनाथ बर्फ से ढके पर्वतों के बीच भव्य रूप से स्थित है। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और देशभर के भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र है।

बद्रीनाथ – भगवान विष्णु को समर्पित बद्रीनाथ इस सर्किट का अंतिम धाम है। अलकनंदा नदी के तट पर स्थित यह प्रमुख वैष्णव तीर्थस्थल मोक्ष और आध्यात्मिक मुक्ति का प्रतीक माना जाता है।

धामों से आगे: प्रकृति और भक्ति

यात्रा के दौरान श्रद्धालु आसपास के उन स्थलों का भी भ्रमण करते हैं, जो आध्यात्मिक और प्राकृतिक अनुभव को और समृद्ध बनाते हैं।

फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, जिसे संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है, अपने रंग–बिरंगे अल्पाइन पुष्पों और दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों के लिए प्रसिद्ध है।

हेमकुंड साहिब, जो उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख सिख तीर्थस्थल है, श्रद्धालुओं और ट्रैकिंग करने वालों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। बर्फ से ढके पर्वतों और हिमनदीय झील से घिरा यह स्थान शांत किंतु दिव्य आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करता है।

> भव्य हिमालय की गोद में बसी चार धाम यात्रा उत्तराखंड की सबसे पूजनीय आध्यात्मिक यात्रा है, जो आस्था को अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ जोड़ती है।

शीतकालीन चार धाम पथ

हाल के वर्षों में शीतकालीन चार धाम सर्किट का महत्व बढ़ा है, जिससे यह यात्रा वर्षभर संभव हो सकी है। जब कड़ाके की सर्दियों में मुख्य धामों के कपाट बंद हो जाते हैं, तब विग्रहों को विधिवत उनके शीतकालीन निवास स्थलों पर स्थापित किया जाता है।

गंगोत्री धाम की मूर्ति को हर्षिल क्षेत्र के मुखबा गांव में स्थानांतरित किया जाता है, जिससे श्रद्धालु निम्न ऊंचाई वाले क्षेत्र में भी पूजा–अर्चना कर सकें। 6 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुखबा में दर्शन–पूजन कर शीतकालीन तीर्थयात्रा के महत्व को रेखांकित किया और उत्तराखंड में वर्षभर पर्यटन को प्रोत्साहित किया।

इस प्रकार चार धाम यात्रा केवल आस्था की यात्रा नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम है, जो उत्तराखंड की पहचान को और सशक्त बनाता है।

ऋषिकेश में जुटेंगे दुनिया भर से योग प्रेमी

ऋषिकेश विश्वभर के योग प्रेमियों का स्वागत करने के लिए तैयार है, जहां अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 समग्र स्वास्थ्य और सजग जीवनशैली को समर्पित एक सप्ताह का विशेष आयोजन लेकर आ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन 16 से 22 मार्च 2026 तक ऋषिकेश के मुनि की रेती स्थित जीएमवीएन गंगा रिसॉर्ट में किया जाएगा। इसका आयोजन गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष का महोत्सव पारंपरिक योग अभ्यास से आगे बढ़ते हुए शारीरिक, मानसिक और जीवनशैली परिवर्तन के समग्र उत्सव के रूप में विकसित होने का संकल्प लेकर आ रहा है।

पिछले संस्करणों में जहां मुख्य रूप से आसनों पर ध्यान केंद्रित किया जाता था, वहीं इस बार मानसिक स्वास्थ्य, सात्विक आहार और संतुलित जीवन पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह आयोजन योग को केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति के रूप में समझ विकसित करने का प्रयास करेगा।

गहन योग सत्रों के साथ–साथ प्रतिभागियों को स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक का भी अनुभव मिलेगा, जिससे यह महोत्सव आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक समृद्धि का अनूठा संगम बनेगा।

मानसखंड सर्किट: कुमाऊं की आध्यात्मिक धरोहर

मानसखंड सर्किट आस्था, परंपरा और स्थापत्य वैभव का पुनर्जागरण है, जो हिमालय की शाश्वत छटा के बीच अपनी दिव्यता बिखेरता है।

उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, मंदिरों और तीर्थस्थलों का ऐसा खजाना है जिसने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को आकार दिया है। जहां गढ़वाल की चार धाम यात्रा को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मिल चुकी है, वहीं कुमाऊं के समान रूप से पवित्र मंदिर अपेक्षाकृत कम चर्चित रहे हैं। इस अंतर को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने मानसखंड मंदिर माला मिशन की शुरुआत की है, एक महत्वाकांक्षी पहल, जिसका उद्देश्य कुमाऊं के प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार, उनकी पहचान को सशक्त करना और उनकी अमूल्य विरासत का संरक्षण करना है।

पहले चरण में चयनित 48 मंदिरों में से 11 मंदिरों में बुनियादी ढांचे को सुधारा जा रहा है। मानसखंड सर्किट कुमाऊं के पूजनीय किंतु अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध मंदिरों को एक आध्यात्मिक श्रृंखला में जोड़ता है। यह पहल क्षेत्र की कलात्मक और आध्यात्मिक समृद्धि को उजागर करते हुए उसे भारत के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त स्थान दिला रही है।



प्रमुख मंदिर एवं स्थल

अल्मोड़ा – जागेश्वर महादेव, चितई गोलू देवता, कटारमल सूर्य मंदिर, कसार देवी और नंदा देवी। **पिथौरागढ़** – पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर और गंगोलीहाट की हाट कालिका। **बागेश्वर** – बैजनाथ मंदिर समूह और बागनाथ महादेव मंदिर। **चम्पावत** – पूर्णागिरि, देवीधुरा की बाराही देवी और बालेश्वर मंदिर। **नैनीताल** – नैना देवी मंदिर और कैंची धाम। **ऊधम सिंह नगर** – चैती बाला सुंदरी मंदिर।

मानसखंड सर्किट केवल मंदिरों का समूह नहीं है; यह भूली–बिसरी परंपराओं को पुनर्जीवित करता है, स्थापत्य कला की उत्कृष्टता को सामने लाता है और आध्यात्मिकता को सांस्कृतिक गौरव से जोड़ता है। श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था की यात्रा है, जबकि यात्रियों के लिए इतिहास, लोककथाओं और प्रकृति के संगम का अनुभव। मंदिर समूहों को एकीकृत सर्किट के रूप में विकसित कर यह मिशन चार धाम जैसी सुव्यवस्थित यात्रा का अनुभव प्रदान करने की परिकल्पना करता है, साथ ही कुमाऊं की विशिष्ट पहचान को अक्षुण्ण रखता है। कुमाऊं के मंदिर अपनी सादगीपूर्ण सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं—लकड़ी की नक्काशी, पत्थर की चौखटें, स्लेट की छतें और हिमालयी परिदृश्य के साथ सामंजस्य बिठाते प्रांगण। मिशन के अंतर्गत मंदिरों की संरचनात्मक मजबूती बहाल करने, मूर्तियों का संरक्षण करने, भित्ति चित्रों को पुनर्जीवित करने और शिलालेखों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही कुमाऊंनी रीति–रिवाजों और अनुष्ठानों को सुरक्षित रखने का प्रयास भी किया जा रहा है, ताकि आधुनिक सुविधाएं उनकी आध्यात्मिक गरिमा को प्रभावित न करें।

इस प्रकार मानसखंड सर्किट कुमाऊं की आध्यात्मिक विरासत को नई पहचान देते हुए उसे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

Text by Taresh Dutta

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in